हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




1 खजराना



### प्रदेश भर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव शुरू

# खजराना गणेश को 5 करोड़ के आभूषण पहनाए उज्जैन में एक लाख लड्डुओं का भोग लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏩भोपाल


प्रदेश भर में बुधवार से 10 दिवसीय गणेश उत्सव शुरू हो गया है। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में भगवान का 5 किलो सोने के आभूषणों से श्रृंगार किया गया है। आभूषणों की कीमत करीब 5 करोड़ रुपए है।

इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में कलेक्टर आशीष सिंह ने पूजन के बाद मोदकों का वितरण किया। वे सिर पर टोकरी में फल लेकर भी चले। गणेश उत्सव के पहले दिन शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में फूल बंगला सजाया गया। उज्जैन का चिंतामण गणेश मंदिर देश का एकमात्र मंदिर है, जहां एक साथ तीन स्वरूप चिंतामन, इच्छामन और सिद्धि विनायक के दर्शन होते हैं। भगवान को एक लाख लड्डुओं का भोग लगाया गया। सीहोर के विक्रमादित्य कालीन चिंतामन सिद्ध गणेश मंदिर में उल्टा स्वास्तिक बनाकर मनोकामना मांगते हैं। ग्वालियर के अर्जी वाले गणेश जी को राजस्थान से आए मोटी बूंदी के लड्डू का ही भोग लगता है।


2 श्री महाकाल



3 ग्वालियर अर्जी वाले गणेश



4 ऊंकाला के गणेश



### रतलाम में श्री नित्य चिंताहरण गणपति का सोने के वर्क से श्रृंगार

### महाकाल मंदिर में भगवान गणेश का आकर्षक श्रृंगार

उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भगवान का सुबह अभिषेक पूजन हुआ। इसके बाद गणेश जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान महाकाल का श्री गणेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया।

**ऊंकाला के खड़े गणेश मंदिर में चांदी के वर्क से श्रृंगार**

रतलाम में स्थापित सवा 11 फीट के ऊंकाला खड़े गणेश मंदिर में भगवान का चांदी के वर्क से श्रृंगार (चोला) किया गया। पैलेस रोड स्थित श्री नित्य चिंताहरण गणपति जी का सोने के वर्क से श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भारतीय फुटबॉल संघ पर प्रतिबंध का खतरा

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्टूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी। ⏩ पढ़ें पेज 11 भी

### सीबीएसई: एलओसी के नए नियम जारी




नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए उम्मीदवारों की सूची (एलओसी) जमा करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। ये बदलाव 10वीं कक्षा के लिए दो बोर्ड परीक्षा, अपार आईडी और एलओसी जमा करने से संबंधित हैं।

### उज्जैन में दूसरे ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव 'रूहमेंटिक' के शुभारंभ पर बोले सीएम डॉ. यादव

# तिरुपति, शिरडी व काशी की 'तर्ज' पर महाकाल में और बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन



हरिभूमि न्यूज ⏩भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से यह शहर आज देश की धार्मिक आस्था और परंपराओं के संवाहक के रूप में प्रसिद्धि पाकर 'द बेस्ट रिलीजिएस एंड स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन' बन चुका है। उज्जैन का यह गौरवशाली स्वरूप ऐसे ही नहीं बना। इसके पीछे एक लंबी कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीमहाकाल लोक के लोकार्पण के बाद से उज्जैन शहर की पहचान, आकर्षण और आस्था विश्वव्यापी हो गए हैं।

अब यहां देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक बड़ी संख्या में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन के होटल अंजुश्री में दूसरे ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव 'रूहमेंटिक' के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। दोनों ने कॉन्क्लेव ⏩ शेष पेज 4 पर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से उज्जैन आज देश की धार्मिक आस्था और परंपराओं के संवाहक के रूप में प्रसिद्धि पाकर 'द बेस्ट रिलीजिएस एंड स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन' बन चुका है*

- **उज्जैन की आध्यात्मिक धरोहर पूरे विश्व को दे रही है दिशा: केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत**
- **कॉन्क्लेव में तिरुपति बालाजी ट्रस्ट, शिरडी साईंबाबा ट्रस्ट, काशी विश्वनाथ ट्रस्ट से भी प्रतिनिधि आए**




### सीएम ने कहा- देश की आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है उज्जैन और ऊर्जा के स्त्रोत हैं बाबा महाकाल

### धर्म और संस्कृति की कोई सीमा नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन काल गणना की नगरी है। आत्मचिंतन के लिए भारत से अच्छा दुनिया में कोई स्थान नहीं है। आज देश की सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन, धर्म और संस्कृति की कोई सीमा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक फैली हुई है। उज्जैन में एक हजार बीघा जमीन पर बाबा महाकाल का मंदिर बना हुआ है। श्रीआनंदपुर धाम में निरंकारी भाव से गुरु महाराज की भक्ति की जा रही है। प्रधानमंत्री ⏩ शेष पेज 4 पर

### पर्यटन नीति से देश की सांस्कृतिक ताकत बढ़ी : शेखावत

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री शेखावत ने कहा कि पर्यटन नीति में हमने देश की सांस्कृतिक ताकत बढ़ाने वाले धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए बड़े प्रावधान किए हैं। इस तरह के आयोजन भारत की संस्कृति और पर्यटन को विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि विश्व में अनेक ⏩ शेष पेज 4 पर

### उज्जैन अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तेजी से बढ़ रहा है आगे :धीर

*उज्जैन स्थित इस्कॉन मंदिर के आध्यात्मिक गुरु और प्रेरणादायक वक्ता धीर गौर दास प्रभु ने कहा कि तीर्थस्थलों में नई जरूरतों के मुताबिक विकास कार्य कराने से ही पर्यटकों की संख्या बढ़ती है। उज्जैन इसका जीवंत उदाहरण है। दुनिया में कई शहर विशेष उद्देश्य से विकसित किए गए हैं। जैसे अमेरिका में लास वेगास, भारत में मुंबई, सूरत और उज्जैन। उज्जैन अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में शीर्ष 10 शहर हैं, जो धार्मिक पर्यटन के लिए विशेष पहचान रखते हैं। इनमें भारत के 4 शहर - प्रयागराज (20 करोड़ सैलानी प्रतिवर्ष), अयोध्या (3 करोड़ सैलानी प्रतिवर्ष), तिरुपति बालाजी (3 से 4 करोड़ सैलानी प्रतिवर्ष) और वाराणसी शामिल हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बहुत जल्द हमारा उज्जैन भी इस सूची में शामिल हो जाएगा।*

⏩ पढ़ें पेज 07 भी

### पीएम मोदी ने घटना पर जताया दुख, ली जानकारी



# वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 34 पहुंचा

**मरने वालों में एक श्रद्धालु जबलपुर का**

◀ श्राइन बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए देगा



एजेंसी ⏩जम्मू

वैष्णो देवी मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 34 हो गया। हादसा मंगलवार दोपहर 3 बजे पुराने ट्रैक पर अर्धकुमारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था। मंगलवार देर रात तक सात लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। वहीं, 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं और कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

मरने वालों में एक श्रद्धालु जबलपुर का भी है। मंगलवार दोपहर बादल फटने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को घायलों से मिलने कटड़ा पहुंचे। श्राइन बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए ⏩ शेष पेज 4 पर

### भारी बारिश और बाढ़ से जम्मू रेल मार्ग ठप

### 65 ट्रेनें रद्द, 46 का गंतव्य बदला

जम्मू में चक्की नदी में आई बाढ़ और मिट्टी धंसने से रेल यातायात पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। 65 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इनमें दिल्ली, वाराणसी, कानपुर, अजमेर, पुणे, गुवाहाटी और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों से जम्मू तवी और श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा जाने वाली गाड़ियां शामिल हैं। 46 ट्रेनों का गंतव्य बदल दिया गया है यानी उन्हें बीच के स्टेशनों पर ही रोक दिया गया। संगर और मनवाल रेलवे स्टेशन पर भी दो ट्रेनें फंस गईं। यात्रियों को पैंट्री कार में उपलब्ध भोजन दिया गया फिर आसपास लोगों से मदद लेकर खाना खिलाया गया।

### दिग्विजय सिंह-कमलनाथ के बयान पर मंत्री सिंधिया ने तोड़ी चुप्पी

# दोनों नेताओं के बयान ही बता रहे कि उनके बीच क्या चल रहा था?

**मेरे परिवार के खिलाफ बातें बोली गईं थीं**

हरिभूमि न्यूज ⏩भोपाल

कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से सरकार गिराए जाने की अलग-अलग वजह बताकर राजनीतिक हलचल मचा दी है।

दिग्विजय सिंह ने एक पॉडकास्ट में 5 साल पहले वाली बंद कमरे की बात को सार्वजनिक कर दिया है। उन्होंने कहा कि, उनकी वजह से नहीं बल्कि कमलनाथ की वजह से सिंधिया कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए और सरकार



गिर गई। इसके बाद कमलनाथ ने भी दिग्विजय पर खुलकर वार किया है। दोनों नेताओं के बीच चल रहे वार पलटवार के बीच पहली बार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सिंधिया कहा कि मैं अतीत में नहीं जाना चाहूंगा। दोनों नेताओं के बयान ही स्पष्ट कर रहे हैं कि उनके बीच ⏩ शेष पेज 4 पर

### तब मुझे एक्शन लेना पड़ा

सिंधिया ने कहा कि जब बात सम्मान और स्वाभिमान की होती है तो सोचना पड़ता है। बंद कमरे में मेरे और मेरे परिवार के लिए कई बार बहुत सी बातें बोली गईं। लेकिन मैंने उन पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन सार्वजनिक तौर जब मेरे और परिवार के खिलाफ कुछ बातें बोली गईं तो मुझे एक्शन लेना पड़ा।

### खाद की किल्लत को लेकर विधायक और कलेक्टर के बीच तनातनी

# कलेक्टर ने दिखाई अंगुली तो भाजपा विधायक ने तान लिया मुक्का, गुस्से में हुए ऐसे लाल कि बोले अभद्र शब्द

### विधायक ने अपने समर्थकों से 'भिंड कलेक्टर.... है' के नारे तक लगवा दिए

हरिभूमि न्यूज ⏩भिंड

भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को अंगुली दिखाई, तो विधायक ने भी कलेक्टर के मुंह पर मुक्का तान दिया फिर दोनों के बीच जमकर बहसबाजी शुरू हो गई और बवाल होने लगा। यह पूरा घटनाक्रम बुधवार को भिंड जिला मुख्यालय पर कलेक्टर बंगले पर घटित हुआ, जब भिंड विधायक कुशवाह अपने समर्थकों के साथ कलेक्टर के बंगले पर पहुंचे थे। पहले विधायक और उनके समर्थक बाहर नारेबाजी करते रहे ⏩ शेष पेज 4 पर





### मंत्री प्रहलाद पटेल ने बात की तब कुशवाह माने

हंगामे की खबर जैसे ही पुलिस अधिकारियों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को लगी तो, एडीएम एलके पांडे समेत पुलिस के अन्य अधिकारी कलेक्टर बंगले पर पहुंच गए। यहां विधायक को मनाने की कोशिश की गई, लेकिन वह नहीं माने। ⏩ शेष पेज 4 पर

### आखिर, ये खाद जा कहां जा रही है?

विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि किसानों को खाद मिलने में परेशानी हो रही है, पर्याप्त खाद उपलब्ध है लेकिन वितरण व्यवस्था सही नहीं है। किसान जब हमारे पास आए तो हम किसानों के साथ कलेक्टर के पास पहुंचे थे। हमारी प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से बात हो गई है, जब खाद पर्याप्त मात्रा में है तो सोसाइटियों पर क्यों नहीं पहुंच रही है? आखिर ये खाद कहां जा रही है?



भोपाल। लालघाटी स्थित दुर्गानगर कॉलोनी में 999999 युवा उत्सव समिति विगत 32 वर्षों से स्थापित कर रहा झांकी।



भोपाल। रोशनपुरा में जय मां कालका उत्सव समिति 12 वर्षों से सजा रहा झांकी।



चौक बाजार पीपल चौक स्थित भव्य झांकी में भगवान गणेश की प्रतिमा को विराजमान किया गया।

खाटू श्याम मंदिर के साथ गजानन भगवान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का दे रहे संदेश

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजी राजधानी, दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ, सजी आकर्षक झांकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को 1300 से ज्यादा स्थानों पर झांकियां व 80 हजार से अधिक घरों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ 10 दिवसीय गणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। गणपति बप्पा मोरिया आदि जयकारों के बीच शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना व आरती कर लोगों ने भगवान गणेश को मोदक व बूंदी के लड्डूओं का भोग लगाकर सुख-समृद्धि व जन कल्याण के लिए प्रार्थना की। तो वहीं इस साल अधिकांश घरों व झांकी पंडालों में लोगों ने ईको फ्रेंडली गणेश की स्थापना कर पर्यावरण के प्रति अपने प्रेम का इजहार भी किया। गणेश मंदिरों में भी भक्तों का तांता लगा रहा। पुराना शहर के पीपल चौक में सजाई गई झांकी में राजधानी में सुबह से ही उत्सवी माहौल नजर आया, गली-गली ढोल नगाड़ों के साथ गणपति बप्पा मोरिया, मंगलमूर्ति मोरिया के जयघोष गूंज रहे थे।

घरों में शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना हुई, वहीं शहर में तकरीबन 1300 से अधिक स्थानों पर आकर्षक झांकियां सजाकर गौरीनंदन की स्थापना की गई। गणेश उत्सव के चलते पूरे शहर में आकर्षक विद्युत साज-सजा की गई है। जगह-जगह झिलमिल झांकियां सजाकर गणेशजी की स्थापना की गई है। सुबह से ही शहर में गणेशजी की स्थापना की तैयारियां शुरू हो गई थीं। झांकी स्थलों पर रौनक थी, वहीं घरों में भी लोग स्थापना की तैयारियों में जुटे हुए थे। शुभ मुहूर्त में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की स्थापना की गई, इसके बाद गुड़ के मोदक, लड्डुओं का भोग लगाकर आरती की गई। गणेश स्थापना का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। पीपल चौक में भोपाल के राजा, कायस्थपुरा सोमवारा में भोपाल के दूल्हे राजा, करोंद में लालबाग के राजा गणेश और न्यू मार्केट में मुंबई के सिद्धि विनायक के रूप में बप्पा को विराजमान किया गया।

**लोगों ने घर-घर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर किया स्वागत**



भोपाल। गुलमोहर कॉलोनी में श्री गणेश उत्सव समिति की प्रस्तुत झांकी में ऑपरेशन सिंदूर का सकारात्मक संदेश दिया।

## कोई चार पहिया में तो कोई दो पहिया से लेने पहुंचा

*सुबह से ही मूर्तिकारों के पंडालों और शहर में जगह-जगह लगे काउंटरों पर लोगों की भीड़ थी। पंडालों के बाहर ढोल नगाड़ों के साथ गणपति बप्पा मोरिया की स्वरलहरियां गूंज रही थीं। गणेश की प्रतिमाओं को उत्सव समितियों के सदस्य गाजे बाजे के साथ लेकर पहुंच रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रालियों में एक ओर सार्वजनिक स्थानों की बड़ी प्रतिमाएं थी, तो दूसरी ओर स्कूटर, बाइक, कार में श्रद्धालु छोटी प्रतिमाएं लेकर घर पहुंच रहे थे। शहर में यह नजारा जगह-जगह दिखाई दिया। अनेक स्थानों पर मूर्तिकारों ने गणेश प्रतिमाओं के लिए स्टॉल लगा रखे थे। कोलार रोड, दस नंबर, न्यू मार्केट, माता मंदिर, एमपी नगर, जवाहर चौक, बस स्टैंड, इतवारा, बुधवारा सहित शहर में अनेक स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ लगी रही। कई स्थानों पर आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं।*

**हरिभूमि में भी विराजे 'बप्पा'**

### राजस्थान के प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर की झांकी सजेगी

बीमा कुंज कोलार रोड पर लालबाग के राजा श्री उत्सव समिति की ओर से इस बार राजस्थान के प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर की झांकी सजाई जाएगी। 16 फीट ऊंची लालबाग के राजा की प्रतिमा है। खास बात यह है कि बप्पा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे है।

### भक्तिमय हुआ माहौल

*पीपल चौक में भोपाल के राजा की स्थापना शुभ मुहूर्त में की गई। यहां विधि-विधान से वेद पंडितों की उपस्थिति में भगवान गणेश की स्थापना हुई। यह भोपाल के प्रथम गणेश है, इसलिए इन्हें भोपाल का राजा कहा जाता है।*



एम्स के पास पिपलियां पेंदे खां क्षेत्र स्थित घर के मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई।



भोपाल। हरिभूमि समाचार-पत्र व आईएनएच न्यूज चैनल के मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के चतुर्थ तल स्थित कार्यालय में भी गणपति बप्पा की विधि-विधान से स्थापना की गई। इस अवसर पर सारा स्टाफ मौजूद रहा।

**ग्रुप के पदाधिकारियों सहित हुजूर विधायक शर्मा एवं शिक्षक-विद्यार्थियों ने किया पूजन**

## भव्य रैली में स्वागत और विधिवत पूजन के साथ गद्दी पर विराजे मानसरोवर के राजा

*मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में गणेश चतुर्थी के पर्व पर आस्था, उमंग और उल्लास के साथ मानसरोवर के राजा सभी प्रांगणों में अपनी गद्दी पर विराजे। इस दौरान मानसरोवर परिवार के सभी सदस्यों के साथ करीब 500 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बाजे नगाड़ों के साथ कोलार क्षेत्र में रैली निकाली। इस दौरान हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने रैली में शामिल होकर मानसरोवर समूह का गौरव बढ़ाया। मानसरोवर समूह के चीफ़ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर इंजी गौरव तिवारी सहित पदाधिकारी, प्राचार्य और बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण रैली में शामिल हुए। रैली कोलार क्षेत्र एकांत पार्क से होते हुए मानसरोवर कॉर्पोरेट ऑफिस प्रांगण होते हुए मानसरोवर डेंटल आयुर्वेदिक कॉलेज तक पहुंची। मानसरोवर समूह की कुलाधिपति मंजुला तिवारी और निर्देशक दिशा तिवारी ने सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी।*



भोपाल। मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में विराजित गजानन एवं श्रद्धालुगण।



भोपाल। मानसरोवर ग्रुप के धार्मिक कार्यक्रम में विधायक शर्मा ने की शिरकत।

**आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में भगवान गणेश की स्थापना**

राजधानी के सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में भगवान गणेश विराजित हुए। स्थापना दिवस के भव्य समारोह में संस्था प्राचार्य डॉ राकेश पाण्डेय, मैनेजमेंट से डॉ आर गुप्ता, डॉ रेम्या आरजी, डॉ रचना जांगीड़, डॉ रितेश राठौर, डॉ स्वाती बोण्डे, डॉ सोनम पठारिया, डॉ जितेंद्र धनवारे, डॉ शैलजा कसेटी, डॉ कीर्ति पटेल, डॉ मुन्नालाल, डॉ हेमन्त ,आयुष मिश्रा, देवेन्द्र परमार, छात्र-छात्राएं, जूनियर डॉक्टर्स व कर्मचारियों ने शामिल होकर पूजा-अर्चना की।



भोपाल। आयुर्वेदिक कॉलेज में विराजे बप्पा।

### मंत्रालय में पीपल वाले गणेश मंदिर में गणेश उत्सव

मंत्रालय वल्लभ भवन गेट क्रमांक पांच पार्किंग स्थल के पास स्थित पीपल वाले गणेश मंदिर में नव दिवसीय गणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। मंदिर में गणेश भगवान की प्रतिमा विधि विधान से मंत्रोच्चारणपूर्वक स्थापित की गई। मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने गणेश भगवान से मंत्रालय परिवार की सभी विघ्न बाधाओं का निवारण करने के साथ कर्मचारियों की सभी लंबित मांगों का निराकरण करने की प्रार्थना की। समिति के राजकुमार पटेल ने बताया कि रोजाना मंदिर में सुबह, दोपहर और शाम तीन बार आरती होगी।



भोपाल। मंत्रालय में श्रीगणेश।

## महिलाओं ने सुबह पूजन कर किया फुलेरा विर्सजन

**भोपाल।** हरतालिका तीज पर को महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा और शिव पार्वती की पूजा-अर्चना की। तो वहीं बुधवार को सूर्योदय के बाद महिलाएं सरोवरों व तालाब आदि के किनारे पहुंचकर सामूहिक पूजा अर्चना की। इसके बाद फिर अपना व्रत खोला। साथ ही फुलेरा का विर्सजन किया।

## आज मनेगी ऋषि पंचमी

**भोपाल।** गुरुवार को ऋषि पंचमी मनाई जाएगी। सौभाग्यवती स्त्रियां कुशा अथवा कपड़ा, केले के पत्ते अथवा पान के पत्ते पर सप्तऋषि और अरुंधति की आकृति बनाकर पूजा अर्चना करेंगी। भोपाल मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि भादपद मासे शुक्ल पक्षे ऋषि पंचमी गुरुवार को मनाई जाएगी। व्रत का शुभारंभ सुबह अधाझाड़े की 108 दातून करके होता है।

## वोट चोरी ही नहीं, युवाओं की नौकरी की चोरी भी कर रही सरकारः सिंघार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार वोट चोरी की सरकार है। भाजपा ने 16 लाख वोट चोरी करके सरकार बनाई है। जनता का जनादेश कांग्रेस की सरकार बनाने का था, लेकिन भाजपा ने जनादेश का अपमान करते हुए वोट चोरी कर अपनी सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न केवल वोट चोरी कर रही है, बल्कि युवाओं की नौकरियां भी चोरी कर रही है। इससे पहले गंधवानी में बुधवार को धार जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के प्रथम नगर आगमन पर क्षेत्रवासियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया।



## ओबीसी आरक्षण को लेकर जारी रहेगा कांग्रेस का निर्णायक संघर्षः पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को हम हर संभव तरीके से लड़ेंगे और संवैधानिक अधिकार के लिए निर्णायक संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सच की ताकत से दबाव में आकर मप्र सरकार को अपनी रणनीति से पलटना पड़ा और सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने जवाब को वापस लेने के लिए आवेदन देना पड़ा। इसके साथ ही, भाजपा सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि अब भविष्य में ऐसे झूठे तथ्यों को अदालत के समक्ष नहीं प्रस्तुत किया जाएगा।



**व्यापक जनजागरण और आंदोलन होगाः** पटवारी ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशभर के ओबीसी समाज, छात्र संगठनों, युवाओं और अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से इस मुद्दे पर व्यापक जन जागरण और आंदोलन आयोजित करेगी। जरूरत पड़ी तो कांग्रेस न्यायालयीन और जमीनी संघर्ष के साथ-साथ जन समर्थन जुटाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

**जम्मू में बाढ़ के चलते झेलम एक्सप्रेस निरस्त**

## भोपाल से जम्मू-कश्मीर की ट्रेनों में रेलवे काउंटर से 60 तो ऑनलाइन 20 फीसदी यात्रियों ने टिकट कैंसिल कराई

- ट्रैवल कंपनी पहले से एडवांस बुकिंग धड़ाधड़ से करवा रही कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैष्णो देवी में हुए हादसे के बाद पूरे इलाके में हालात काफी ज्यादा खराब हैं, बाढ़ और लैंडस्लाइड को देखते हुए रेलवे की ओर से करीब 44 से अधिक ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। इस घटना के बाद जम्मू-कश्मीर व वैष्णोदेवी के दर्शन करने जाने वाले यात्री अभी अपनी यात्रा को रद्द कर रहे हैं। इसके चलते भोपाल से जम्मू-कश्मीर जाने वाले यात्री ट्रेनों से लोग अपनी टिकट कैंसिल करा रहे है। भोपाल से जम्मू-कश्मीर,कटरा मां वैष्णो देवी धाम जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों ने टिकट कैंसिल करा है। बुधवार को ट्रेनों में बुकिंग काउंटर से 40, तो ऑनलाइन 20 फीसदी यात्रियों ने टिकट कैंसिल कराई है।

तो वहीं इसके चलते राजधानी भोपाल के टूर ऑपरेटर्स के कश्मीर व जम्मू के लिए एडवांस की बुकिंग को कैंसिल करा रहे है। राजधानी में करीब 20 से 30 फीसदी बुकिंग कैसिंल करा दी है। तो कुछ लोगों ने अपनी बुकिंग को आगे बढ़ा दिया। भोपाल से गुजरने वाली झेलम एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया गया। तो वहीं मालवा एक्सप्रेस दिल्ली तक जाएगी।

### सैकड़ों की संख्या में जाते थे लोग

*भोपाल से काफी संख्या में लोग जम्मू में घूमने व मां वैष्णो देवी के दर्शन करने जाते हैं, लेकिन जम्मू में बाढ़ और भूस्खलन के बाद लोग कतरा रहे हैं। मोबाइल व साइबर कैफे से लोग टिकट कैंसिल करा रहे हैं। बुधवार को भोपाल से करीब 20 फीसदी से अधिक लोगों ने ऑनलाइन टिकट कैंसिल करा दी है। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार भोपाल से गुजरने वाली झेलम एक्सप्रेस को निरस्त करने व मालवा एक्सप्रेस को दिल्ली तक शॉर्ट टर्म किया गया।*



### बुकिंग काउंटर पर न के बराबर लोगों ने कराया रिजर्वेशन

बुधवार को आरक्षित टिकट बुकिंग केंद्र पर जम्मू-कश्मीर, कटरा मां वैष्णो देवी धाम जाने वाली ट्रेनों में बुकिंग कराने वाले यात्रियों की संख्या न के बराबर देखने को मिली। रेलवे सूत्रों के अनुसार अन्य दिनों की अपेक्षा इन रूटों के लिए करीब 30 फीसदी लोगों ने रिजर्वेशन कराया है। तो वहीं लोग टिकट कैंसिल कराने अधिक पहुंच रहे हैं।

भोपाल
गुरुवार, 28 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष –05
वर्ष : 12, अंक : 148
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद अश्विन ने अब....

व्यापार
05 शहर में बिके 30 क्विंटल से....

महू सैन्य छावनी के आर्मी वार कॉलेज में तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी 'रण संवाद 2025' के अंतिम दिन रक्षामंत्री राजनाथ ने किया संबोधित

# भारतीय सेना को पांच साल तक चलने वाले युद्ध के लिए भी तैयार रहना होगा

## भारत ने कभी युद्ध की शुरुआत नहीं की, चुनौती मिली तो देंगे करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭इंदौर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अप्रत्याशित भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए देश के सशस्त्र बलों को अल्पकालिक संघर्षों से लेकर पांच साल तक के युद्ध सहित सभी प्रकार की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। महू सैन्य छावनी के आर्मी वार कॉलेज में तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी 'रण संवाद 2025' के दूसरे और अंतिम दिन पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत किसी की जमीन नहीं चाहता, लेकिन अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। राजनाथ ने कहा कि आज के दौर में युद्ध इतने अचानक और अप्रत्याशित हो गए हैं कि यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि कोई युद्ध कब समाप्त होगा और कितने समय तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसका मतलब यह है कि अगर कोई युद्ध दो महीने, चार महीने, एक ⏩शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रीय सुरक्षा अब केवल सेना का ही नहीं बल्कि यह संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण का मुद्दा

### ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की सराहना



### संवाद हमारी संस्कृति का हिस्सा, महाभारत इसका उदाहरण

राजनाथ सिंह ने कहा कि 'रण संवाद' नाम ही गहन विचार का विषय है। 'रण' युद्ध का प्रतीक है जबकि 'संवाद' चर्चा और मेल मिलाप का। पहली नजर में दोनों विरोधाभासी लगते हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति में ये दोनों साथ साथ चलते हैं। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्ध रोकने के लिए स्वयं श्रीकृष्ण शांति संदेश लेकर गए थे, ताकि संवाद से युद्ध टल सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय परंपरा में युद्ध और संवाद अलग अलग नहीं हैं। संवाद युद्ध से पहले भी होता है, युद्ध के दौरान भी और युद्ध के बाद भी जारी रहता है। यही 'रण संवाद' का सबसे प्रासंगिक संदेश है, जो आज के समय में भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ⏩पढ़ें पेज 10 भी

### स्वदेशी तकनीक और हथियारों का भी किया जिक्र


कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। रक्षा मंत्री ने इस दौरान स्वदेशी तकनीक और हथियारों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे स्वदेशी प्लेटफॉर्म जैसे लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस', एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, आकाश मिसाइल सिस्टम और स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर दुनिया को संदेश दे रहे हैं कि भारत की तकनीक और गुणवत्ता अब विश्व स्तरीय मानकों पर है। यह आत्मविश्वास और ताकत हमारे वैज्ञानिकों, उद्योगों और नेतृत्व की देन है। राजनाथ ने कहा कि अब भारत रक्षा उपकरणों का आयात करने के बजाए स्वयं निर्माण कर रहा है। उन्होंने खुलासा किया कि भारत ने ⏩शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कथावाचक अनिरुद्धाचार्य पर भड़के बाबा रामदेव

**नई दिल्ली।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के विवादित बयानों पर बाबा रामदेव भड़क गए।



उन्होंने कहा कि मैं बिना नाम कह रहा हूं, सनातन धर्म का गुरु या संन्यासी वो है, जिसने देश के लिए इंडस्ट्री, हेल्थ, एजुकेशन में कुछ योगदान दिया है। पूछा कि भारत को भारत बनाने में उनका क्या योगदान है। जो कुछ भी बकवास करे, वो गुरु नहीं हो सकता है।

### आसाराम फिर जेल जाएगा, कोर्ट का झटका

**जयपुर।** आसाराम को राजस्थान के जोधपुर हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत बढ़ाने के मामले में बड़ा झटका दिया है।



कोर्ट के फैसले से साफ हो गया कि आसाराम को फिर से जेल जाएंगे। कोर्ट की तरफ से अंतरिम जमानत को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया गया। अस्पताल की रिपोर्ट को आधार मानते हुए अंतरिम जमानत नहीं बढ़ाई गई।

### ईपीएफओ 3.0 जल्द होगा लॉन्च, मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ का नया डिजिटल प्लेटफॉर्म ईपीएफओ 3.0 जल्द ही लॉन्च होने वाला है।




इससे पीएफ से जुड़ी कई बड़ी परेशानियां खत्म हो जाएंगी और आपको पैसा निकालने से लेकर क्लेम करने तक हर काम आसान हो जाएगा। सरकार ने इसके लिए इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस जैसी बड़ी आईटी कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया है। टेक्निकल टेस्टिंग की वजह से देरी हुई है।

**मोदी सरकार ने दिया संदेश:** सरकार का संदेश साफ है कि हम झुकेंगे नहीं अगर अभी तेल आयात रोक दिया तो अमेरिका और शर्तें थोपेगा

# देश पहले, व्यापार बाद में-ट्रंप टैरिफ के बाद नहीं झुका भारत

*भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने बुधवार से भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया है। यानी, कुल 50 फीसदी टैक्स हो गया है*

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने बुधवार से भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया दिया है। यानी, कुल 50 फीसदी टैक्स हो गया है। इसके पीछे की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को बताया है। हालांकि, भारतीय तेल रिफाइनरी कंपनियों का कहना है कि रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद नहीं होगा। उनका मानना है कि सरकार अमेरिकी दबाव के आगे झुकेगी नहीं। अधिकारियों का साफ संदेश है कि देश पहले-व्यापार बाद में।

तेल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि सरकार की तरफ से रूस से तेल खरीद बंद करने का कोई आदेश नहीं मिला है। सितंबर में ऑर्डर थोड़े कम जरूर हुए हैं, लेकिन इसका कारण अमेरिकी टैरिफ नहीं बल्कि रूस की तरफ से कम डिस्काउंट मिलना है। पिछले साल रूसी कच्चा तेल 2.5 डॉलर से लेकर 3 डॉलर प्रति बैरल तक सस्ता मिल रहा था, लेकिन अब यब छूट घटकर सिर्फ 1.5 डॉलर से लेकर 1.7 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। अधिकारी मानते हैं कि अक्टूबर से ऑर्डर फिर बढ़ सकते हैं, क्योंकि रूस फिर से छूट बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। एक ⏩शेष पेज 4 पर

- **भारत कपड़ा निर्यात बढ़ाने के लिए 40 देशों में चलाएगा खास अभियान**
- **इस बीच भारत को उम्मीद है कि अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौता हो जाएगा**



- प्रमुख उत्पादन केंद्रों जैसे सूरत, पानीपत, तिरुपुर व भदोही को लक्षित देशों से जोड़ा जाएगा
- भारतीय तेल रिफाइनरी कंपनियों का कहना है कि रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद नहीं होगा

### तो, बदल सकती है सप्लाई चेन

तेल उद्योग से जुड़े जानकार मानते हैं कि अगर भारत चाहे तो दूसरे देशों से भी आसानी से कच्चा तेल खरीद सकता है। लेकिन, ऐसा करना अमेरिका के दबाव में झुकना माना जाएगा। इसलिए सरकार इस विकल्प से फिलहाल बचना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर भारत तुरंत रूसी तेल खरीदना बंद कर देता है ⏩शेष पेज 4 पर

### 40 देशों में करीब 590 अरब डॉलर का वस्त्र और परिधान आयात

भारत पहले से ही 220 से अधिक देशों को वस्त्र निर्यात करता है, लेकिन इन 40 देशों में असली अवसर हैं। यहां करीब 590 अरब डॉलर का वस्त्र और परिधान आयात होता है। वस्त्र और परिधान क्षेत्र का आकार वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 179 अरब डॉलर का अनुमान है। भारत ने कपड़ा निर्यात को बढ़ावा ⏩शेष पेज 4 पर

आईएमएफ के अनुमान के आधार पर ईवाय का दावा

### 2038 तक अमेरिका को पछाड़ भारत बन सकता है दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था!

वैश्विक परामर्श कंपनी ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2038 तक खरीद शक्ति समानता (पीपीपी) के आधार पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उस समय भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 34.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह आकलन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान पर आधारित है। ईवाई ने कहा कि आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर ⏩शेष पेज 4 पर

तीन दिवसीय व्याख्यानमाला '100 वर्ष की संघ यात्रा नए क्षितिज' के दूसरे दिन संघ प्रमुख का संबोधन

# भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल स्वेच्छा से होना चाहिए, दबाव में नहीं

**सरसंघचालक बोले संघ का स्वयंसेवक कोई व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा नहीं रखता**




हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि संघ का कार्य शुद्ध सात्त्विक प्रेम और समाजनिष्ठा पर आधारित है। संघ का स्वयंसेवक कोई व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा नहीं रखता। यहां इंसेंटिव नहीं हैं, बल्कि डिसइंसेंटिव अधिक हैं। स्वयंसेवक समाज-कार्य में आनंद का अनुभव करते हुए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी को प्राथमिकता दें तथा भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल स्वेच्छा से होना चाहिए, किसी दबाव में नहीं। सरसंघचालक डॉ. भागवत संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला '100 वर्ष की संघ यात्रा - नए क्षितिज' के दूसरे दिन बुधवार को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, उत्तर क्षेत्र के प्रांत संघचालक पवन जिंदल और दिल्ली प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे। आरएसएस प्रमुख ने चिंता जताई कि ⏩शेष पेज 4 पर

### दुनिया में समन्वय का अभाव

भागवत ने कहा कि आज दुनिया में समन्वय का अभाव है और दुनिया को अपना नजरिया बदलना होगा। दुनिया को धर्म का मार्ग अपनाना होगा। पूजा-पाठ और कर्मकांड से परे धर्म है। धर्म हमें संतुलन सिखाता है- हमें भी जीना है, समाज को भी जीना है और प्रकृति को भी जीना है। धर्म ही मध्यम मार्ग है जो अतिवाद से बचाता है। धर्म का अर्थ है मर्यादा और संतुलन के साथ जीना। इसी से ही विश्व शांति स्थापित हो सकती है। आज समाज में संघ की साख पर विश्वास है। संघ को समाज सुनता है। यह विश्वास सेवा और समाजनिष्ठा से अर्जित हुआ है।

**अहमदाबाद** शहर बना प्रमुख दावेदार

## भारत की 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की दावेदारी को कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार 27 अगस्त 2025 को भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की



मेजबानी की दावेदारी को मंजूरी दे दी और 'विश्वस्तरीय स्टेडियमों, अत्याधुनिक अभ्यास सुविधाओं और खेल संस्कृति' के कारण अहमदाबाद को आदर्श मेजबान बताया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सहमति जताने के कुछ दिन बाद ही यह फैसला आया। भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की दावेदारी की इच्छा जताने वाला आशय ⏩शेष पेज 4 पर

*अहमदाबाद को विश्वस्तरीय स्टेडियम और खेल संस्कृति के चलते आदर्श मेजबान बताया*

**सिवनी में** हुआ दर्दनाक हादसा

## डीजल चोरी करते टैंकर में धमाका भीषण आग में युवक 'जिंदा' जला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिवनी

जिले के बरघाट थाना अंतर्गत ग्राम घिसीकौड़िया में मंगलवार देर रात दर्दनाक



हादसा हो गया। डीजल टैंकर में भीषण आग लग गई। इस दौरान डीजल चोरी कर रहा युवक भीषण आग की चपेट में आ गया और जिंदा जल गया। आग में पूरा टैंकर जलकर नष्ट हो गया। पुलिस ने सुरक्षा ⏩शेष पेज 4 पर

### ढाबा संचालक की भूमिका पर संदेह

हादसे के बाद ढाबा संचालक संतोष ने ही पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी फायरब्रिगेड के साथ पहुंचे। हादसे के बाद ढाबा संचालक की लापरवाही और संदिग्ध भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। संचालक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। ⏩शेष पेज 4 पर

**बड़वानी में** आवारा कुत्तों का आतंक

## बुजुर्ग की नाक काटी, करीब 10 लोगों को निशाना बनाया

यह घटना सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭बड़वानी

बुधवार को सुबह से दोपहर तक चंद घंटे में करीब एक दर्जन लोग आवारा कुत्तों के काटने के शिकार बने। इस दौरान एक



बुजुर्ग के मुंह पर श्वान ने झपट्टा मारकर नाक काट दी। इस दौरान आधे दिन में ही बच्चों सहित बड़े लोग श्वानों के शिकार होकर जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचे।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे शहर के गुरुद्वारा के पीछे नवलपुरा मुख्य मार्ग पर वेल्डिंग व ऑटो गैरेज व्यवसायी हाजी बसीर मंसूरी को श्वान ने बुरी तरह जख्मी ⏩शेष पेज 4 पर

### कुत्ते के लिए आरआई ने कॉन्स्टेबल को बेल्ट से पीटा

**खरगोन।** यहां पालतू डॉग के गुम होने से नाराज रिजर्व इंस्पेक्टर (आरआई) ने कॉन्स्टेबल की पिटाई कर दी। कॉन्स्टेबल का आरोप है कि आरआई और उनकी पत्नी ने जातिसूचक अपशब्द कहे और बेल्ट से पीटा। मामला 23 अगस्त का है। सोशल मीडिया पर चोटें दिखाने का वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित कॉन्स्टेबल राहुल चौहान ने बुधवार को अजाक (अनुसूचित जाति/जनजाति) थाने में लिखित शिकायत दी है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने जताई थी असहमति

## सुप्रीम कोर्ट को मिलने जा रहे दो नए जज, राष्ट्रपति ने जारी किए नियुक्ति पत्र

*शीर्ष कोर्ट की पूरी क्षमता 34 जजों की हो जाएगी*

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट को दो और जज मिलने वाले हैं। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली और मुंबई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आलोक अराधे की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी देते हुए परवाना जारी कर दिया है। जस्टिस पंचोली के शपथ ग्रहण के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में



आलोक अराधे | विपुल पंचोली

गुजरात हाईकोर्ट मूल वाले जजों की तादाद 3 हो जाएगी।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट जजों की पूरी क्षमता 34 जजों के साथ काम करने लगेगा। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के 48 घंटों के भीतर नियुक्ति पत्र जारी कर दिया है। हालांकि कॉलेजियम ने 4:1 के बहुमत से ये प्रस्ताव पारित किया गया था। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने असहमति का नोट दिया था। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि पहले ही सुप्रीम कोर्ट में गुजरात के दो जज हैं। तीसरा जज लाने से क्षेत्रीय संतुलन भी बिगड़ेगा। साथ ही ये नियुक्ति न्याय प्रशासन के लिए 'उल्टा असर' करेगी और कॉलेजियम सिस्टम की विश्वसनीयता भी सवालों के कठघरे में होगी।

आज से 5 दिन बारिश में और तेजी आएगी, शुक्रवार रात से भोपाल में झमाझम होगी

## जबलपुर के बरगी डैम के 9 और नर्मदापुरम के तवा बांध के 3 गेट खोले गए, नरसिंहपुर में युवक नदी में बहा, तलाश जारी

उज्जैन में शाम को तेज बारिश, नहीं उड़ पाया सीएम का हेलिकॉप्टर कार से इंदौर जाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में बुधवार को सुबह से मौसम साफ रहा। लेकिन एक दर्जन से ज्यादा शहरों में दोपहर बाद बारिश ने जोर पकड़ लिया। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बंगाल की खाड़ी में दो दिन पहले लो प्रेशर एरिया अब वेलमार्क लो प्रेशर एरिया में बदल गया है। इससे गुरुवार से पांच दिन प्रदेश में बारिश तेजी पकड़ेगी।

मध्यप्रदेश में बुधवार को हल्की बारिश का दौर बना रहा। इंदौर, उज्जैन और श्योपुर में आधा इंच पानी गिर गया। उज्जैन में शाम को



नरसिंहपुर : नदी में बहा युवक

तेज बारिश हुई। सीएम डॉ. मोहन यादव का हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। उनको उज्जैन से इंदौर कार से जाना पड़ा। सागर, शाजापुर, मंदसौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, धार, बालाघाट, खरगोन और रतलाम में भी हल्की बारिश हुई। भोपाल ⏩शेष पेज 4 पर

### दोपहर बाद यहां शुरू हुई बारिश

बुधवार को दोपहर बाद कई शहरों में झमाझम बारिश हुई। इनमें खंडवा, खरगोन, इंदौर के कुछ हिस्से, उज्जैन, धार, रतलाम, झाबुआ, बड़वानी, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नरसिंहपुर में मध्यम से तेज बारिश हुई। नीमच, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, मुरैना, श्योपुरकलां, शाजापुर, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सीहोर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, हरदा, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, शहडोल, दमोह, सागर आदि जिलों में शाम से देर रात के बीच कुछ देर बौछारें पड़ीं। भोपाल में शाम तक बादल छाए रहे।

पांच तोला गोल्ड के आभूषण और 11 लाख रुपए की नगदी लेकर हुआ फरार

# वल्लभ भवन के क्लर्क को जेवर बनाने के नाम पर सुनार ने लगाई पंद्रह लाख की चपत, आरोपी की तलाश में बंगाल जाएगी पुलिस की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित दस नंबर मार्केट में एक सुनार ने वल्लभ भवन के क्लर्क को करीब पंद्रह लाख रुपए की चपत लगा दी। दरअसल, क्लर्क ने सुनार को पांच तोला सोने के पुराने जेवर और 11 लाख रुपए की नगदी थी। नगदी और पुराने जेवरात इसलिए दिए थे कि उन्हें नई डिजाइन में बनाया जाए। जेवर और नगदी हाथ लगने के बाद सुनार दुकान बंद कर फरार हो गया। क्लर्क ने घटना की शिकायत डीसीपी कार्यालय में की थी। आवेदन जांच के बाद पुलिस ने सुनार के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी सुनार बंगाल का बताया जा रहा है। जल्द ही आरोपी की तलाश पुलिस की टीम बंगाल भेजी जाएगी।

## दस नंबर मार्केट में संजीव समांता ऊर्फ संजू की है दुकान




हेड कांस्टेबल राघवेंद्र भास्कर ने बताया कि नर्मदापुरम रोड, निवासी दीपक मालवीय, वल्लभ भवन में क्लर्क हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि दस नंबर मार्केट में संजीव समांता उर्फ संजू ज्वेलर्स की दुकान पर उन्होंने पांच तोला गोल्ड के पुराने जेवर दिए थे। उक्त जेवर दीपक की बहने थे। सभी जेवरों को नई डिजाइन में बनवाना था। इस पर संजू सुनार ने कहा था कि जेवर बनाने में थोड़ा और गोल्ड लगेगा। कुल मिलाकर 11 लाख रुपए का खर्च आएगा। संजू की बातों में आकर दीपक मालवीय ने अलग-अलग किस्तों में 11 लाख रुपए संजू को दो दिए। करीब दो महीने पहले आरोपी संजू सुनार जेवर और नगदी हाथ लगने के बाद फरार हो गया। दीपक का कहना है कि न तो उसका नंबर लग रहा है और न ही उसके बारे में कोई जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत की थी। दीपक का कहना है कि संजू ज्वेलर्स ने और भी ग्राहकों के साथ इसी तरह की घटना की है।

## एमबीबीएस में दाखिला लेने लगाए फर्जी दस्तावेज, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया पुलिस ने उत्तर प्रदेश के एक युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपी युवक ने एमबीबीएस में एडमिशन लेने फर्जी दस्तावेज बनाकर एम्स में जमा किए थे। एम्स में दस्तावेज की जांच हुई तो पता चला कि दस्तावेज फर्जी हैं। इसके बाद बागसेवनिया पुलिस को शिकायती आवेदन दिया गया। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

**एम्स में दस्तावेज की जांच हुई तो पता चला**

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के कानपुर निवासी लवकुश प्रजापति (22) मुंबई में रहता है। वर्ष 2021 में उसने बारहवीं पास की थी। वह चार साल से नीट की तैयारी कर रहा था। उसने नीट की पढ़ाई की और एग्जाम दिया, लेकिन वह पास नहीं हो सका। लिहाजा उसने अपने ही लैपटॉप से मार्कशीट में छेड़छाड़ की और पासिंग मार्क बदल लिए। 130 की जगह उसने 630 नंबर कर लिए थे। उसने एप्लीकेशन नंबर में भी छेड़छाड़ की थी। मार्कशीट में अच्छी रेंक करने के बाद उसने एम्स फर्जी अलॉटमेंट लेटर भी बना लिया और एम्स में दाखिला ले लिया। एम्स प्रबंधन में मार्कशीट और अलॉटमेंट लेटर की जांच की तो पता चला कि उसने फर्जी तरीके से दोनों दस्तावेज बनाए हैं। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पिता मुंबई में स्टील पॉलिस की दुकान का संचालन करते हैं। आरोपी लवकुश प्रजापति को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### सर्वेश गौर ने की स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती से भेंट

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं कुर्मी क्षत्रिय युवा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश गौर आंखखेड़ी ने अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती जी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही औबेदुल्लागंज आने का आग्रह किया।

### कांग्रेस के प्रवक्ता अमित का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस के प्रवक्ता अमित मोनी नागर का बुधवार को धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, संजय सिंह चौहान, राजेश खटीक, परेश नागर, विनोद इरपाचे, उत्तम यादव, महेश जैन, पंकज नागरानी, हरजीत सिंह मंगू, कमलेश लोधी, अनिल प्रजापति, दुर्गेश यादव आदि ने बधाई दी है।

### नारायण दास की पुण्यतिथि पर किया हवन-पूजन




**संतनगर।** भारतीय सिंधु सभा एवं नारायण संस्था संत हिरदाराम नगर द्वारा स्व.दादा नारायण वासवानी की पुण्यतिथि पर बुधवार को हवन-पूजन और आरती कर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर सुशील वासवानी द्वारा दादा नारायण दास वासवानी के सेवा कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि दादा नारायण दास द्वारा किए गए कार्यों को कभी भूलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर सुरेश वासवानी, शंकर आसूदानी, किरण वाधवानी, गुरदास रामचंदानी, मोनिका हरचंदानी, आरती परमाल, शशि विश्वकर्मा, विष्णु नाथानी, भगवानदास वीधानी, बसंत चेलानी, परषोत्तम टिलवानी, लक्ष्मी गुरबानी, चन्द्र नागदेव, कमलेश देवानी, राज बिजोरिया आदि ने श्रद्धांजिलि अर्पित की।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5038 | | |
| दिन: | 336 | 20 | 569 |
| रात: | 780 | 57 | 133 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 590 | 42 | 156 |
| रात: | 148 | 31 | 669 |

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित हमीदिया रोड पर हुआ हादसा

# अज्ञात वाहन ने अधेड़ को कुचला, सिर के ऊपर से पहिया गुजरने से मौत, शिनाख्त के प्रयास जारी

### सीसीटीवी कैमरे चेक कर वाहन का पता लगाने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित हमीदिया रोड पर फुटपाथ किनारे सड़क से पुलिस ने एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की लाश बरामद की है। अनुमान है कि उसे किसी बड़े वाहन ने कुचला है। दरअसल, मृतक का भेजा सड़क पर फैल गया था। इससे अनुमान है कि किसी बड़े वाहन ने उसे कुचला है।

पुलिस ने घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए, लेकिन कैमरे नहीं मिले। पुलिस को घटनास्थल के आगे की तरफ सड़क पर कैमरे मिले है, जिसमें वाहन जाते हुए नजर आ रहे हैं। घटनास्थल से पीछे की तरफ के सीसीटीवी कैमरे चेक कर वाहन का पता लगाया जा रहा है।

एएसआई मुस्ताक बख्श खान ने बताया कि



मंगलवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे सूचना मिली थी कि हमीदिया रोड पर किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां से एक पचास साल के अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया गया। एएसआई खान ने बताया कि मृतक की उम्र करीब पचास साल के आसपास होगी। उसका सिर बुरी तरह से कुचला हुआ है। अनुमान है कि किसी भारी वाहन के चालक ने उसके सिर पर से टायर चढ़ा दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे है।

### मेडिकल व्यवसायी की बेटी ने फांसी लगाई, मौत

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित गुप्ता कॉलोनी, आनंद नगर में मेडिकल व्यवसायी की बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश बुजुर्ग नानी ने फर्श पर पड़ी देखी थी, जबकि ऊपर रस्सी का फंदा लगा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि मृतका के परिजन अभी शोकाकुल है। जल्द ही उनके बयान लिए जाएगे। मृतका का मोबाइल जब्त किया गया है। सीडीआर निकलवाई जा रही है। पुलिस के अनुसार सृष्टि उर्फ तनु चौकसे पिता शैलेष चौकसे (22) गुप्ता कॉलोनी, आनंद नगर में रहती थी। सृष्टि के पिता शैलेष चौकसे का आनंद नगर में मेडिकल स्टोर्स है। उनके गुप्ता कॉलोनी में दो मकान है। एक मकान में चौकसे और उनका परिवार रहता है, जबकि दूसरे मकान में सृष्टि अपनी बुजुर्ग नानी के साथ रहती थी। सोमवार रात नानी और सृष्टि ने खाना खाया और सो गए थे। मंगलवार नानी की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि सृष्टि कमरे के फर्श पर पड़ी है और ऊपर पतली रस्सी का फंदा लगा हुआ है। उन्होंने शोर मचाया और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। साथ ही दूसरे मकान से परिजन भी पहुंच गए थे। सृष्टि को अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि सृष्टि का वजन अधिक था और रस्सी कमजोर थी। अनुमान है कि वजन के कारण रस्सी टूट गई और सृष्टि की लाश फर्श पर गिर गई। सृष्टि का निजी बैंक में अभी ही चयन हुआ था और उसे ज्वाईनिंग लेनी थी। इससे पहले ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पत्नी के मायके जाने से दुखी ननि कर्मी ने फांसी लगाई

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस-3 में मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे नगर निगमकर्मी ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसकी छह महीने पहले ही शादी हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन तक पत्नी साथ रही और फिर उसे छोड़कर मायके चली गई थी। बार-बार बुलाने के बाद भी मायके से पति के पास नहीं आ रही थी। पुलिस के अनुसार शुभम गंगेले पिता महेंद्र गंगेले (30) शिव नगर, फेस थ्री छोला मंदिर इलाके में रहता था और नगर निगम में जल शाखा में नौकरी करता था। छह महीने पहले ही उसने प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी। शादी के कुछ दिन बाद भी उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। मंगलवार रात उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। बुधवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंपा गया।

### प्रेमिका की बात को लेकर मां से हुई थी मामूली कहासुनी, नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सेठी नगर में 17 साल के नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास की है। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिचितों से पूछताछ में पता चला कि वह किसी नाबालिग से प्रेम करता था और शादी की जिद कर रहा था। मां ने उसे बालिग होने की बात कही थी। इसी से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार मुजम्मिल उद्दीन पिता स्वर्गीय आसिफ उद्दीन (17) सेठी नगर अशोका गार्डन में रहता था। मुजम्मिल दसवीं फेल था और एमपी ऑनलाइन की दुकान में काम सीख रहा था। परिवार के पास पुश्तैनी मकान है। मकान में किराएदार रहते हैं, जिससे घर का गुजारा चलता है। मंगलवार रात मुजम्मिल दुकान से लौटा और अपने कमरे में चला गया। मां खाना खाने के लिए उसे बुलाने कमरे के बाहर पहुंची। आवाज देने के बाद उसने दरवाजा नहीं खोला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो मुजम्मिल खिड़की की ग्रिल पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। उसे फंदे से उतारकर मां अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।



#### नहीं मिला सुसाइड नोट

मामले की जांच कर रहे एएसआई सुनील यादव ने बताया कि मुजम्मिल के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के विस्तृत बयान नहीं हो सके हैं। इधर मृतक के दोस्त ने बताया कि मुजम्मिल एक नाबालिग से प्रेम करता था और शादी करना चाहता था। मां ने उसे कहा था कि बालिग हो जाओ इसके बाद लड़की के परिवार से बात कर शादी करा देंगे। इसी बात को लेकर उसकी मां से कहासुनी हुई थी।



### बैंड-बाजों के साथ स्थापित किए गए गजानन महाराज

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने अपने निवास पर गणपति जी के मूर्ति स्थापित करने के लिए प्रतिमा ले जाते हुए नजर आए। वहीं नगर में बुधवार को दिन भर गणेशजी की प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला जारी रहा। नगर में सुबह से ही लोग बैंड-बाजे के साथ भगवान गणेशजी की प्रतिमा लेने पहुंचे थे। नगर दो दर्जन से ज्यादा जगहों पर गणेशजी की प्रतिमाएं स्थापित की गई।

### पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन आज होगी उत्तम क्षमा धर्म की पूजा

**औबेदुल्लागंज।** पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन गुरुवार को उत्तम क्षमा धर्म कि पूजा और आराधना होगी। पंडित लक्ष्मी चंद एवं मीना जैन तामोट, नीति जैन, एलसी जैन, मुकेश जैन ने बताया कि दश धर्म के बारे में बताने के लिए सांगानेर से ब्रह्मचारी भैया आए हैं। वे क्षमा धर्म के बारे में लोगों को बताएंगे।




## नगर को स्वच्छ रखने नगर परिषद सीएमओ ने किया भ्रमण

**औबेदुल्लागंज।** नगर के मुख्य बाज़ार क्षेत्र में नगर परिषद की सीएमओ किरण रहंगडाले ने मुकेश जैन उपयंत्री, सफाई दरोगा राजकुमार, राजा, मोती परमार, विक्की ठाकुर के साथ भ्रमण किया। दुकानदारों को सफाई का महत्व बताते हुए जागरूक किया। कचरा को डस्टबिन में रखकर नगर परिषद के वाहन में ही कचारा देने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि अगले भ्रमण में जिस दुकानदार के पास डस्टबिन नहीं पाया जाएगा उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। नगर को स्वच्छ रखने का दायित्व सभी का है तथा यह मेरी प्राथमिकता में है। सीएमओ के नगर को स्वच्छ रखने के लिए सभी से सहयोग करने को कहा है।



## तामोट के हाई स्कूल के पास फैल गंदगी

**तामोट।** ग्राम पंचायत तामोट में हाई स्कूल के पास गंदगी फैल रहने से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी हो रही हैं। वहीं सिंधी कैंप में प्राइमरी स्कूल भवन की छत जर्जर हो गई है,कभी भी हादसा हो सकता है। शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्कूल भवन की मरम्मत के लिए गांव वाले कई बार सरपंच और सचिव शिकायत की पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदोरिया को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान ग्रामवासी धीरेंद्र बल्दिया, राजकुमार चौहान आदि लोग मौजूद थे।

## निर्जला व्रत रख महिलाओं ने की हरतालिका तीज की पूजा



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पार्षद हेमलता, पार्षद भारतीय शेती ने मिलकर हरतालिका तीज पूजा कर सुख शांति समृद्धि के लिए कामना की। हरतालिका तीज पर माता पार्वती और भगवान शिव की रात भर भजन-कीर्तन कर आराधना की और पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।

### रातभर भजन-कीर्तन कर की अराधना



**तामोट।** महिलाओं ने हरतालिका तीज पर निर्जला व्रत रखकर रातभर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र की कामना की। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, मोना तिवारी, प्रीति विश्वकर्मा, अनीता चौहान, सुषमा चौहान, प्रीति चौहान, सृष्टि शर्मा, पूनम शर्मा, मुस्कान शर्मा सहित अन्य महिलाओं ने रातभर भजन-कीर्तन कर रतजगा किया। बुधवार सुबह ब्रह्ममुहूर्त में पूजा और आरती के बाद निर्जला व्रत खोला।

## प्रभात चौराहा पर एमसीए छात्र की बाइक लेकर भागे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित प्रभात चौराहा पर एमसीए के छात्र की तीन बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे के आसपास की है। बदमाश पैदल आए थे और छात्र भोपाल रेलवे स्टेशन से ऑटो से आ रहे अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तभी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार चंदन मौर्या पिता रमेश सिंह मौर्या (20) मूलतः भांडेर का रहने वाला है और इन दिनों चर्च रोड पटेल नगर में किराए के मकान में रह रहा है। उसने पुलिस को बताया कि एमसीए में अभी ही एडमिशन लिया है। उसका दोस्त भोपाल स्टेशन से उसके रूम आ रहा था। चंदन ने भोपाल स्टेशन नहीं देखा था। लिहाजा वह प्रभात चौराहा पर रात करीब 1 बजे पहुंचा और दोस्त को कॉल कर कहा कि तुम प्रभात चौराहा तक ऑटो से आ जाना। प्रभात चौराहा पर चंदन दोस्त कका इंतजार कर रहा था, तभी तीन बदमाश पहुंचे और धमकाते हुए उसकी बाइक छुड़ा ली। बाइक हाथ लगने के बाद आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया, जबकि उसके दो साथी पैदल ही भाग निकले। करीब दो घंटे बाद चंदन अपने दोस्त के साथ थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि प्रभात चौराहा जैसे व्यस्ततम इलाके में चंदन के साथ घटना हो गई और उसने शोर मचाकर लोगों तक नहीं बुलाया।

## किसान पर डंडे से हमला कर बाइक व मोबाइल ले गए लुटेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम इमलिया स्वरूप में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश ने डंडे से हमला कर किसान की बाइक और मोबाइल लूट लिया। घटना के समय वह अपने भाई को लेने रमगढ़ा से बैरसिया बस स्टैंड जा रहे थे। रास्ते में बदमाश ने उनकी बाइक रोककर हमला कर दिया। किसान के सिर व पीठ पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम रमगढ़ा थाना बैरसिया निवासी सरजन सिंह गुर्जर (45) खेती-किसानी करते हैं। उनके भाई कटनी से हड्डी जोड़ की दवा पीकर बस से बैरसिया बस स्टैंड पर उतरे थे। सरजन सिंह मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अपने भाई को लेकर बैरसिया बस स्टैंड के लिए बाइक से निकले। रात करीब 2 बजे वह ग्राम इमलिया स्वरूप के पास पहुंचे ही थे कि अंधेरे में छिपे अज्ञात बदमाश ने चलती गाड़ी पर डंडे से उन पर हमला कर दिया। हमला होने से वह गाड़ी सहित नीचे गिर गए। गिरते ही बदमाश ने उन्हें डंडे से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट कर बदमाश ने उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद उनकी बाइक और जेब से मोबाइल निकालकर भाग निकला। घटना की शिकायत पुलिस ने बुधवार दोपहर दर्ज की और आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

स्व. कन्छेदीलाल केवट की स्मृति में उनके बेटे ने बनवाया मंदिर

# संत हिरदाराम नगर के बेहटा गांव में विधायक रामेश्वर ने भगवान सिद्धि विनायक मंदिर का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर के बेहटा गांव में सिद्धि विनायक गणेश मंदिर का प्रमुख निर्माण कार्य स्व. कन्छेदीलाल केवट की स्मृति में उनके सुपुत्र रोहन केवट 'रामू' द्वारा कराया गया, जिसका लोकार्पण हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उनके चाचा मुंशीलाल केवट, मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर बैरागी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, मण्डल अध्यक्ष मनीष बागवानी,



संतोष रजक, प्रदीप मेवाड़ा, दीपक मेहरा, बंटी मेहरा, शुभम केवट, गौराव पाटिल, संदीप पाटिल, अखिलेश मेवाड़ा, सचिन रजक, अभिषेक राजपूत, अशोक दरवार एवं संत नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

### ग्राम खाताखेड़ी स्थित स्कूल में पूजा-अर्चना कर विराजे भगवान गणेश, निकाली शोभायात्रा

**नजीराबाद।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बुधवार को नजीराबाद क्षेत्र के ग्राम खाताखेड़ी में स्थित विनायक विद्या मंदिर स्कूल में भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापना की गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा पूरे ग्राम में भगवान गणेश को रथ पर विराजमान कर ढोल नगाड़ों के साथ यात्रा निकाली। फिर स्कूल प्रांगण में पहुंचकर भगवान गणेशजी की प्रतिमा की स्थापना भाजपा मंडल नजीराबाद मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा एवं राकेश तोमर ने पूजा-अर्चना कर की। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।










विश्व झील दिवस पर राजधानी में ड्रोन से लिया गया बड़ी झील का विहंगम दृश्य। फोटो सौजन्य: मनिंदर सिंह।

# 75 नए तालाबों में जमा 13 लाख क्यूबिक मीटर पानी

## दो हजार एकड़ जमीनों की होगी सिंचाई, बारिश से भरे तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में 75 नए तालाबों का निर्माण किया गया है। इन तालाबों को अमृत सरोवर योजना के तहत बनाया गया है, जिसमें स्थानीय लोगों ने भी जनसहयोग किया है। इन तालाबों के निर्माण से जहां भूजल स्तर में बढ़ोतरी हुई है, वहीं करीब दो हजार एकड़ जमीन में सिंचाई करना आसान हो जाएगा। बारिश के मौसम में इन तालाबों में पानी भी भर गया है।

तालाबों में 13 लाख 18 हजार क्यूबिक मीटर जल भराव होने का अनुमान है। जबकि इन तालाबों से 878 हेक्टेयर जमीनों की सिंचाई की जा सकेगी। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी का कहना है कि सिंचाई क्षमता में वृद्धि से किसान दो या तीन फसल ले सकेंगे। भूमिगत जल के स्तर में सुधार हुआ है। इसके साथ तालाबों से सिंचाई, मछली पालन और सिंघाड़ा उत्पादन किया जा सकेगा। जिसके लिए स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया गया है।

### बनाए गए 75 नए तालाबों में लगभग दो करोड़ से अधिक की जनभागीदारी




जिले के ग्राम सूरजपुरा, गुनगा, खंडारिया, सिघौड़ा, कोलूखेड़ी खुर्द और बागसी में छह अमृत सरोवर बनाए गए हैं। बनाए गए 75 नए तालाबों में लगभग दो करोड़ से अधिक की जनभागीदारी शामिल है। इसमें गांव के लोगों ने ट्रैक्टर, जेसीबी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं। अब तक बने अमृत सरोवर में गुनगा और कढ़ैया चंवर के तालाब सबसे अधिक क्षमता वाले हैं।

#### फंदा और बैरसिया में बनाए 107 खेत तालाब

*जिले की पंचायतों में जल संवर्धन के लिए 837 काम किए गए हैं, जिसमें बैरसिया और फंदा जनपद में करीब 107 खेत तालाबों का निर्माण किया गया है। जनपद पंचायत और बैरसिया में 107 खेत तालाब बनाए गए हैं, अमृत 2.0 में कलियासोत नदी के रिज्युवेशन के लिए 36.68 करोड़ और बड़ा तालाब के लिए 14.91 करोड़ के टेंडर बुलाए गए हैं। कलियासोत डेम में स्टॉप डेम बनाए जाएंगे।*

### मप्र में कुल 5,839 सरोवर बनाए गए, इसमें भी सबसे अधिक मुरैना में 227

केंद्र सरकार ने प्रत्येक जिले को 75 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य दिया था, किंतु मप्र ने इसमें बाजी मार ली। प्रदेश में लक्ष्य से भी काफी अधिक कुल 5,839 अमृत सरोवर बनाए गए। मप्र को करीब 4 हजार अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य दिया गया था, कई जिलों ने लक्ष्य से कई गुना अधिक अमृत सरोवर बना दिए। मुरैना जिले ने सबसे अधिक 227 अमृत सरोवर बना दिए। यह एक रिकार्ड बन गया। सबसे कम अमृत सरोवर नरसिंहपुर जिले ने महज 61 ही बनाए थे। मप्र में अमृत सरोवर बनाने से ज़मीनी स्तर पर क्या स्थिति रही। इससे कितनी जमीन सिंचित हुई या फिर किसानों को किस तरह से इसका लाभ मिल रहा है, इसकी बानगी बैतूल के एक किसान ने बताई। उन्होंने कहा कि उनके पास के अमृत सरोवर की बदौलत किसान अब 150 एकड़ से ज़्यादा ज़मीन की सिंचाई करते हैं। इसी तरह महिलाओं के एक समूह का कहना है कि तालाब में मछली पालन से उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त करने में मदद मिली है, जिसकी उन्होंने पहले कभी कल्पना भी नहीं की थी। इसी तरह और भी जिलों के किसानों ने अमृत सरोवर के अपने लाभ गिनाएं।

#### हर जिले को 75 अमृत सरोवर का था लक्ष्य

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में भविष्य के लिए जल संरक्षण की दृष्टि से एक पहल की शुरूआत की थी। इस उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए इसे मिशन बना दिया गया। आज़ादी का अमृत महोत्सव यानी भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिले में 75 जलाशयों की स्थापना करने का लक्ष्य दिया गया। इसके लिए विभिन्न सरकारी निकायों, शहरी और ग्रामीण के साथ-साथ गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय लोगों के प्रयास से इसे संयुक्त रूप से करने का निर्णय लिया गया था। केंद्र सरकार के एक आंकड़ें के अनुसार 24 अप्रैल 2022 को 50,000 अमृत सरोवर बनाने के लक्ष्य के साथ अमृत सरोवर बनाने का मिशन शुरू हुआ था। इसमें केंद्र शासित प्रदेश व कुछ अन्य प्रदेशों को शामिल नहीं किया गया। अमृत सरोवर की विशेषता यह है कि इसमें कम से कम एक एकड़ का तालाब क्षेत्र और 10,000 घन मीटर क्षमता होनी चाहिए। एक जानकारी के अनुसार इस मिशन के तहत हरित क्षेत्र में वृद्धि देखी गई। इस मिशन के तहत कुल 68,827 अमृत सरोवरों का निर्माण पूरा किया गया। इनमें नवनिर्मित, पुनर्निर्मित और पुनर्जीवित सरोवर शामिल हैं।*

---

## टीम ने लगाए लाल निशान, कस्तूरी कोर्टयार्ड के बिल्डर को मछली परिवार ने बेची थी 14 एकड़ जमीन

# तीन कॉलोनियों में निकली पशुपालन विभाग की जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हथाईखेड़ा के अनंतपुरा इलाके में पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन की नप्ती बुधवार से शुरू हो गई है, दरअसल मछली परिवार के कब्जे को लेकर विभाग ने इस जमीन का सीमांकन करने का आवेदन पेश किया था। जिसके बाद एसडीएम, तहसीलदार, 11 पटवारी और तीन आरआई की टीम ने सीमांकन शुरु कर दिया है।

पहले दिन डायमंड सिटी, कस्तूरी कोर्टयार्ड और राजधानी परिसर फेस- 1 के कुछ मकानों में लाल निशान लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि मछली परिवार ने ही यहां कॉलोनियां काटकर बेची हैं। कस्तूरी कोटयार्ड के बिल्डर को मछली परिवार ने जमीन बेची थी। जिसे बिल्डर देवेंद्र लोधी ने बनाया है। 14 एकड़ जमीन अब राजस्व रिकार्ड की जांच के बाद ही तय होगा कि यह जमीन पहले किसकी थी और वर्तमान में यहां किसका कब्जा है।

### जमीन पर कब्जा नहीं होने का मछली परिवार के वकील ने दिया सहमति-पत्र



विभाग की 99 एकड़ जमीन पर मछली परिवार का कब्जा नहीं होने का दावा उनके एडवोकेट ने मौके पर भी किया। जिसके लिए एसडीएम के नाम एक पत्र भी सौंपा गया है, जिसमें मछली परिवार का कोई दखल नहीं होने की बात लिखी है। इधर सीमांकन के दौरान मछली परिवार समेत आसपास के से अधिक लोग मौजूद रहे।

#### एसडीएम, तहसीलदार समेत 11 पटवारी और 3 आरआई की टीम ने किया सीमांकन

*टीम ने जब सीमांकन शुरु किया तो टीएंडसीपी अप्रूव कॉलोनी डायमंड सिटी के करीब पचास प्लॉट सरकारी जमीन की जद में आए। इधर कस्तूरी यार्ड के करीब 25 मकान भी सीमांकन में विभाग की जमीन पर आए हैं। टीम ने इन मकानों और प्लॉटों पर लाल निशान लगा दिए हैं। गुरुवार को सीमांकन पूरा होने के बाद राजस्व रिकार्ड के हिसाब से इन लोगों को नोटिस दिए जाएंगे। साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि यह जमीन पहले किसने बेची थी और इसकी रजिस्ट्री कैसे की गई। गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने बताया कि सीमांकन पूरा होने के बाद पशुपालन विभाग की जमीन पर कब्जे वाले लोगों को नोटिस देकर सुनवाई की जाएगी। लोगों को बेदखल करने की कार्रवाई तहसीलदार कोर्ट से होगी।*

#### मछली परिवार ने बेची दो कॉलोनियों की जमीन

कोकता बायपास पर मछली परिवार के नाम पर 26 एकड़ जमीन दर्ज है। इसमें 12 एकड़ पर कोर्टयार्ड प्राइम नामक कॉलोनी में 250 प्लॉट काटे गए, जबकि 14 एकड़ देवेंद्र लोधी (लोधी बिल्डर्स) को बेचकर कोर्टयार्ड कस्तूरी कॉलोनी बनाई गई है। दोनों कॉलोनियां टीएंडसीपी से अप्रूव हैं।

#### कोठी गिराने के बाद कब्जे का शक

ड्रग्स तस्करी और दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार शाहवर मछली और उसके भतीजे यासीन के परिवार की अवैध कोठी को 21 अगस्त को गिरा दिया गया था। करीब 15 हजार स्क्वायर फीट एरिये में बनी कोठी, पोर्च, गैराज, पार्क था। इस जमीन की अनुमानित कीमत 25 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई के बाद आसपास की सरकारी जमीनों पर कब्जे की बात सामने आई थी, जिसके बाद पशुपालन विभाग ने सीमांकन का आवेदन पेश कर दिया।

---

# शहर के पांच थाना प्रभारियों को सौंपा गया नया दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के पांच थानों के थाना प्रभारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। रक्षित केंद्र से दो निरीक्षकों को जहांगीराबाद और अरेरा हिल्स थाने की कमान सौंपी गई है।

चतुर्भुज राठौर को रक्षित केंद्र से जहांगीराबाद थाने की कमान सौंपी गई है। इसी प्रकार निरीक्षक सुनील शर्मा को अरेरा हिल्स थाने की कमान सौंपी गई है। निरीक्षक चतुर्भुज राठौर और निरीक्षक सुनील शर्मा रक्षित केंद्र में थे। इसी प्रकार अपराध शाखा की निरीक्षक भूपेंद्र कोल संधु को श्यामला हिल्स थाने का प्रभार सौंपा गया है। अरेरा हिल्स थाना प्रभारी मनोज पटवा निशातपुरा थाने के थाना प्रभारी होगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्या के चलते निरीक्षक रूपेश दुबे को निशातपुरा थाने से रक्षित केंद्र भेजा गया है।


SBI

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई

फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/07 (संविदा पद)**

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|
| सहायक डेटा संरक्षण अधिकारी | 1 | 45 |

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/09 (संविदा पद)**

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.05.2025) |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-III | 2 | 40 |
| उप प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-II | 2 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→ "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 25.08.2025 से 15.09.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई

**दिनांक:** 25.08.2025 **महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**


---

## देर शाम हल्की बौछारों से हवाओं में घुली कुछ राहत

# शहर में 8 दिन बाद पारा 31 डिग्री पार, उमस ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को सुबह से बादल छंटे और धूप खिली। तीन दिन से शहर में बारिश के कमी और धूप के असर से दो दिन में पारा 5 डिग्री से अधिक उछल गया। 25 अगस्त को यहां तापमान 2.5 डिग्री बढ़ा, जिसमें अगले दिन 1.2 डिग्री की और बढ़त रही। बुधवार को दिन का पारा 1.9 डिग्री बढ़कर 8 दिन बाद वापस 31 डिग्री से ऊपर रहा।

बुधवार को पारा 31.3 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक है। इससे दोपहर में उमस और गर्मी ने लोगों को परेशान किया। हालांकि, शाम को बादल छाने और हवाओं की रफ्तार 16 किमी के करीब रहने से कुछ राहत रही। देर शाम को कुछ हिस्सों में बौछारें पडऩे के बाद रात में मौसम सुहाना हो गया।

### राजधानी में एक सप्ताह तक पारा सामान्य के नीचे रहेगा



मौसम केंद्र के अनुसार भोपाल में भी शुक्रवार से बारिश होगी। इससे तापमान में कमी आएगी। अगले दो दिन में पारा 2 से 4 डिग्री तक गिर सकता है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी तापमान में कमी आएगी, जो करीब एक सप्ताह तक जारी रहेगी। बीच में मामूली उतार-चढ़ाव होगा। आमतौर पर पारा अभी एक सप्ताह तापमान सामान्य से नीचे ही रहेगा।

---

## गणेश उत्सव के लिए ट्रैफिक व्यवस्था बदली

# शहर में भारी वाहनों की एंट्री रात 12:30 बजे तक रहेगी प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणेश उत्सव के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। राजधानी में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा। यातायात पुलिस के अनुसार बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह 9 बजे से रात 12:30 बजे तक बैन रहेगा।

यातायात पुलिस के अनुसार 27 अगस्त से दस दिनों तक गणेश धूमधाम से मनाया जाएए। बुधवार को प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इसके चलते तिराहों-चौराहों पर गणेश प्रतिमाओं का उत्सव मनाया जावेगा। साथ ही प्रतिमा स्थल पर सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शहर में यातायात बधित न हो और यातायात का संचालन सुगमता से किया जा सकें। इसके लिए जो भारी वाहन शहर में रात में 11 बजे के बाद आते हैं। उन वाहनों को 12:30 बजे के बाद प्रवेश की अनुमति होगी। जिससे कार्यक्रम स्थल पर लोगों के आवागमन के समय दुर्घटना की आशंका न रहें।

## जैकेट का शेष...

### तिरुपति, शिरड़ी व...

के दौरान 'फेथ एंड फ्लो' पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कॉन्क्लेव में तिरुपति बालाजी ट्रस्ट, शिरडी साईंबाबा ट्रस्ट, काशी विश्वनाथ ट्रस्ट से भी प्रतिनिधि आए हैं। इनसे हमें मप्र को धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में और आगे ले जाने के लिए इन सभी के सुझाव और अनुभव भी प्राप्त होंगे। कार्यक्रम को पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नेशनल टूरिज्म कमिटी के चेयरमैन अनिल पाराशर समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री 'रूहमेंटिक' स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव में संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए।

### धर्म और संस्कृति ...

मोदी ने भारत में आध्यात्मिक पर्यटन को गति प्रदान करने की दृष्टि दी है। देवी अहिल्या बाई ने काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने 2000 साल पहले मंदिर बनवाया था, जो बाबर के काल में गिरा दिया गया था। देश का पुराना संसद भवन मुरैना के मंदिर और नया भवन विदिशा के बीजापुर मंदिर के डिजाइन पर बना है, ये हमारे लिए गर्व की बात है।

### पर्यटन नीति से...

संस्कृतियों का जन्म हुआ, लेकिन भारतीय संस्कृति आज भी जीवंत है। हमारी संस्कृति ने 2000 साल तक आक्रमण झेला, 200 साल की गुलामी तक झेली, लेकिन आज भी भारतीय संस्कृति समृद्ध है। तीर्थाटन हमारे संस्कारों में हैं। हमारी दादी बैलगाड़ी से तीर्थाटन करने जाया करती थीं। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य ने केरल से पर्सिया तक 24 हजार किमी की यात्रा कर भारतीय संस्कृति से दुनिया का परिचय कराया।

### वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड...

देगा। जम्मू शहर में मंगलवार को 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई थी। इससे कई जगह बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया।। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है और हर संभव मदद की घोषणा की है।

### दोनों नेताओं के बयान...

क्या चल रहा था? और अभी क्या चल रहा है? सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी। तब मैंने अपने समर्थक मंत्रियों से साफ कहा था कि, सरकार से जुड़ा कोई भी काम को लेकर मेरे पास मत आया करो। सरकार के मुखिया कमलनाथ हैं। आप लोग सीधे उन्हीं से बात किया करो। मैं आपके मंत्रालयों से जुड़े मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं करुंगा।

### कलेक्टर ने दिखाई...

फिर विधायक कुशवाहा ने समर्थकों के साथ मिलकर कलेक्टर के बंगले के दरवाजे को जोरदार धक्का देकर खोल दिया। दरवाजा खुलते ही सामने शॉल ओढ़े हुए कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव खड़े नजर आए। विधायक के इस रवैए को देखकर कलेक्टर ने विधायक को अंगुली दिखा दी। कलेक्टर की अंगुली देखकर विधायक इतना आग बबूला हो गए कि उन्होंने कलेक्टर को मारने के लिए मुक्का तान लिया। इससे पहले कि कलेक्टर और विधायक आपस में उलझते, वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने बीच बचाव कर दिया। कलेक्टर ने विधायक से कह दिया, चोरी नहीं चलने दूंगा। विधायक ने भी आवेश में अभद्र शब्द बोल दिए। विधायक के यह कहते ही वहां मौजूद विधायक के समर्थकों ने 'भिंड कलेक्टर ...' है के नारे लगाना शुरू कर दिए।

**मप्र आईएएस एसोशिएशन ने जताई नाराजगी:** भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव इस तरह की घटना से काफी क्षुब्ध दिखे। उन्होंने इस संबंध में कुछ भी बातचीत करने से इनकार किया।

मप्र आईएएस एसोशिएशन के अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव ने कहा कि फिल्ड में इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही है। इससे अधिकारियों का मनोबल गिरता है। इस स्थिति में अधिकारी जनहित के काम कैसे कर पाएंगे। भिंड की घटना को लेकर एसोसिएशन मुख्यमंत्री से बात करेगा। एक डीएम के साथ इस तरह की घटना अप्रत्याशित है। एसोसिएशन ने इस पर नाराजगी जाहिर की है।

### मंत्री प्रहलाद...

इसके बाद बात ऊपर तक पहुंची। प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने खुद विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाहा से बात की। जिसके बाद विधायक का गुस्सा शांत हुआ और विधायक कलेक्टर बंगले से वापस चले गए।

# जान्हवी: चेन्नई एक्सप्रेस से अलग हैं परम सुंदरी

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म परम सुंदरी लगातार चर्चाओं में बनी है। फिल्म अपनी रिलीज को तैयार है। हालांकि, फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही परम सुंदरी की तुलना शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की चेन्नई एक्सप्रेस से की जा रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई



फिल्म की कहानी और कॉन्सेप्ट भी चेन्नई एक्सप्रेस से मिलता-जुलता लग रहा है। अब इस तुलना पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पर खुशी जताई। हालांकि, इस दौरान एक्ट्रेस ने स्पष्ट किया कि दोनों फिल्में पूरी तरह से एक-दूसरे से अलग हैं।

उन्होंने कहा, मुझे चेन्नई एक्सप्रेस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संदर्भ है। मैं इसे एक तारीफ के तौर पर लेती हूं। यह फिल्म 10 साल पहले रिलीज हुई थी। निश्चित रूप से ये दोनों फिल्में एक जैसी नहीं हैं। साथ ही जान्हवी ने लोगों से दक्षिण के किरदारों को लेकर एकमत न होने का भी आग्रह किया। दोनों फिल्मों को एक जैसा बताने पर जान्हवी ने कहा कि चेन्नई एक्सप्रेस एक हिट फिल्म है। लेकिन, दीपिका ने फिल्म में एक तमिलियन की भूमिका निभाई है। जबकि, मैं एक आधी तमिल, आधी मलयाली लड़की की भूमिका में हूं। अगर आप इसके बारे में सोचें, तो उन लोगों की ओर से एक सामान्यीकरण हो रहा है जो दोनों फिल्मों की तुलना कर रहे हैं। मैं फिल्म में केरल से हूं और दक्षिण के सभी लोगों को एक साथ नहीं रखा जा सकता है। यह पूरी तरह से एक अलग परिवेश है। 'परम सुंदरी' 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि इसी तरह से '2 स्टेट्स' भी ऐसी ही फिल्म थी, लेकिन यह चेन्नई एक्सप्रेस के बाद आई थी। इस तरह की फिल्में हर साल रिलीज नहीं होती हैं। मुद्दा यह है कि लोग हमारी तुलना किसी ऐसी चीज से नहीं कर रहे हैं, जिसे भुला दिया जाना चाहिए। चेन्नई एक्सप्रेस एक चर्चित फिल्म थी, जिसमें प्रतिष्ठित किरदार और अभिनेता थे। हमारी फिल्म उससे पूरी तरह से अलग है।

# आशिक पुश्तैनी गाने ने यूट्यूब पर मचाया तहलका

**मुंबई।** संजय बेडिया गिरगांवकर द्वारा निर्मित हिंदी गाना 'आशिक पुश्तैनी' ने रिलीज होते ही यूट्यूब पर तहलका मचा दिया है। गाने ने कई रिकार्ड तोड़ दिए हैं। गाने की स्वैग भरा स्टाइल, भव्य लोकेशन और दमदार म्यूजिक ने दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया है। वहीं, गाने को लेकर संजय बेडिया गिरगांवकर ने खुशी जताते हुए कहा कि फ़ाइनली आशिक पुश्तैनी दर्शकों तक पहुंच चुका है। यह सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि हमारी मेहनत और जुनून का नतीजा है। हमें उम्मीद थी कि लोग इसे पसंद करेंगे।

## पेज एक का शेष...

### भारतीय सेना को...

साल, दो साल, यहां तक कि पांच साल तक भी चलता है, तो हमें उसके लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। सिंह ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा अब केवल सेना का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण का मुद्दा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमें किसी की जमीन नहीं चाहिए, लेकिन हम अपनी जमीन की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। रक्षा मंत्री ने यह बात प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी सहित भारत के शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कही। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए तीनों सेनाओं की सराहना की और कहा कि यह अभियान भारत के स्वदेशी मंचों, उपकरणों और हथियार प्रणालियों की सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरा है।

### स्वदेशी तकनीक और ...

अब पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसके साथ ही देश अब जेट इंजन निर्माण में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### देश पहले, व्यापार ...

उद्योग अधिकारी ने कहा कि सरकार का संदेश साफ है कि हम झुकेंगे नहीं। अगर अभी तेल आयात रोक दिया तो अमेरिका और शर्तें थोपेगा। इस बीच भारत को उम्मीद है कि अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौता हो जाएगा।

**भारतीय जेनरिक दवाओं पर काफी हद तक निर्भर है अमेरिका:** दरअसल, अमेरिकी मार्केट में भारतीय जेनरिक दवाइयों की निर्भरता काफी है। अमेरिका में, जहां दस में से नौ प्रिस्क्रिप्शन जेनेरिक दवाओं के होते हैं, भारत उन जेनेरिक दवाओं का लगभग 40% उपलब्ध कराता है। ऐसे में अमेरिका में परेशानी न खड़ी हो जाए, ट्रंप ने दवा को टैरिफ से बाहर रखा है।

**मोबाइल एक्सपोर्ट का भी है बड़ा आंकड़ा:** भारत से अमेरिका को बड़ी मात्रा में मेड इन इंडिया स्मार्टफोन एक्सपोर्ट किए जाते हैं। जुलाई में आई एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत 2025 की दूसरी तिमाही में अमेरिकी बाजार में शीर्ष स्मार्टफोन आपूर्तिकर्ता के रूप में चीन से आगे निकल गया है, इसकी निर्यात हिस्सेदारी साल-दर-साल 13 प्रतिशत से बढ़कर 44 प्रतिशत हो गई है।

**एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की होगी अहम भूमिका:** अधिकारी ने बताया कि एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल भारत की इस रणनीति का अहम हिस्सा होंगी। ये काउंसिल बाजार की मांग को समझेंगी,प्रमुख उत्पादन केंद्रों जैसे सूरत, पानीपत, तिरुपुर, भदोही को लक्षित देशों से जोड़ेंगी, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों व प्रदर्शनों में भारत की भागीदारी को बढ़ावा देंगी। साथ ही 'ब्रांड इंडिया' के तहत विभिन्न सेक्टरों की मार्केटिंग भी करेंगी। ये काउंसिल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स (एफटीए) का उपयोग, स्थिरता मानकों का पालन और जरूरी सर्टिफिकेट हासिल करने में निर्यातकों की मदद करेंगी। एफटीए और कई देशों के साथ चल रही बातचीत से भारतीय निर्यात प्रतिस्पर्धी बनेगा और इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

### तो, बदल सकती ....

तो वैश्विक तेल बाजार पर बहुत बड़ा असर नहीं पड़ेगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि रूस फिर तेल किसी और देश को बेचेगा और बाकी तेल भारत खरीद लेगा। बस, सप्लाई चेन थोड़ी बदलेगी। फिलहाल, भारतीय रिफाइनरियां हालात पर नजर बनाए हुए हैं और उनका ध्यान सिर्फ इतना है कि पर्याप्त और लगातार तेल मिलता रहे।

### 40 देशों में ....

देने के लिए ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया समेत 40 प्रमुख देशों में विशेष प्रचार अभियान चलाने की योजना बनाई है। इन 40 देशों में जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मेक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया जैसे महत्वपूर्ण बाजार भी शामिल हैं। अधिकारी का कहना है कि भारत इन बाजारों में एक रणनीतिक योजना के तहत काम करेगा, जिसमें भारतीय उद्योग समूह, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और देश के मिशन की अहम भूमिका रहेगी।

### 2038 तक अमेरिका ....

(पीपीपी) की अर्थव्यवस्था तक पहुंच सकता है। तुलना में चीन 42.2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ आगे रहेगा, लेकिन उसकी उम्रदराज आबादी और बढ़ता कर्ज बड़ी चुनौती है। अमेरिका मजबूत बना रहेगा लेकिन 120% से अधिक के ऋण-जीडीपी अनुपात और धीमी वृद्धि दर से जूझेगा। जर्मनी और जापान भी अपने अधिक आयु वाले समाज और वैश्विक व्यापार पर निर्भरता के कारण सीमित रहेंगे। भारत की बड़ी ताकत इसका युवा जनसंख्या प्रोफाइल है। 2025 में भारत की औसत आयु मात्र 28.8 वर्ष है। इसके साथ ही, भारत के पास दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची बचत दर है। सरकार का ऋण-जीडीपी अनुपात भी 2024 में 81.3% से घटकर 2030 में 75.8% पर आने का अनुमान है। इसके विपरीत, अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का ऋण लगातार बढ़ रहा है।

### भारत का अंतरराष्ट्रीय ....

दुनिया कट्टरता, कलह और अशांति की ओर जा रही है। पिछले साढ़े तीन सौ वर्षों में उपभोगवादी और जड़वादी दृष्टि के कारण मानव जीवन की भद्रता क्षीण हुई है। उन्होंने गांधी जी के बताए सात सामाजिक पापों, "काम बिना परिश्रम, आनंद बिना विवेक, ज्ञान बिना चरित्र, व्यापार बिना नैतिकता, विज्ञान बिना मानवता, धर्म बिना बलिदान और राजनीति बिना सिद्धांत" का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे समाज में असंतुलन गहराता गया है।

**हमें समाज के कोने-कोने तक पहुंचना होगा:** भविष्य की दिशा पर सरसंघचालक ने कहा कि संघ का उद्देश्य है कि सभी स्थानों, वर्गों और स्तरों पर संघ कार्य पहुंचे। साथ ही समाज में अच्छा काम करने वाली सज्जन शक्ति आपस में जुड़े। इससे समाज स्वयं संघ की ही तरह चरित्र निर्माण और देशभक्ति के कार्य को करेगा। इसके लिए हमें समाज के कोने-कोने तक पहुंचना होगा। भौगोलिक दृष्टि से सभी स्थानों और समाज के सभी वर्गों एवं स्तरों में संघ की शाखा पहुंचानी होगी। सज्जन शक्ति से हम संपर्क करेंगे और उनका आपस में भी संपर्क कराएंगे। उन्होंने कहा कि संघ मानता है कि हमें समाज में सद्भावना लानी होगी और समाज के ओपिनियन मेकर्स से निरंतर मिलना होगा। इनके माध्यम से एक सोच विकसित करनी होगी। वे अपने समाज के लिए काम करें, उसमें हिन्दू समाज को अंग होने का अनुभव पैदा हो और वे भौगोलिक परिस्थितियों से जुड़ी चुनौतियों का स्वयं समाधान ढूंढे। दुर्बल वर्गों के लिए काम करें। संघ ऐसा करके समाज के स्वभाव में परिवर्तन लाना चाहता है। आर्थिक दृष्टि पर उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयोग हुए हैं, लेकिन अब राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक प्रतिमान गढ़ना होगा। हमें एक ऐसा विकास मॉडल प्रस्तुत करना होगा, जिसमें आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और पर्यावरण का संतुलन हो। ताकि वे विश्व के लिए उदाहरण बने। पड़ोसी देशों से रिश्तों पर उन्होंने कह कि "नदियाँ, पहाड़ और लोग वही हैं, केवल नक्शे पर लकीरें खींची गई हैं। विरासत में मिले मूल्यों से सबकी प्रगति हो, इसके लिए उन्हें जोड़ना होगा। पंथ और संप्रदाय अलग हो सकते हैं, पर संस्कारों पर मतभेद नहीं है।"

### भारत की 2030 ...

पत्र जमा कर दिया है। दावेदारी के लिए बोली जमा करने की आखिरी तारीख 31 अगस्त 2025 है। आईओए अगले 48 घंटे में प्रक्रिया पूरी कर सकता है। भारत ने आखिरी बार 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी। राष्ट्रमंडल खेल की आमसभा नवंबर के आखिरी सप्ताह में ग्लास्गो में मेजबानी को लेकर फैसला लेगी।

### डीजल चोरी करते...

को ध्यान में रखते हुए सिवनी-बालाघाट हाईवे को बंद कर दिया था। इससे जाम के हालात बन गए। हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। हादसा हाईवे पर स्थित संतोष ढाबा के सामने हुआ है। मृतक युवक की पहचान पंकज राहांडाले के रूप में हुई है।

### ढाबा संचालक की ...

यह हादसा गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर हादसा गांव के नजदीक होता तो आग पास के इलाके तक फैलती। इससे बड़ी तबाही हो सकती थी।

### बुजुर्ग की नाक....

किया। यह घटना सामने लगे सीसीटीवी में कैद हुई। इस हमले से बुजुर्ग बसीर मंसूरी की नाक का एक ओर का हिस्सा निकल गया और हड्डी तक क्षतिग्रस्त हो गई। शाम चार बजे तक जिला अस्पताल में कुत्तों के काटने के शिकार करीब 10 लोग उपचार के लिए पहुंचे। इसमें बड़ों के साथ बच्चे भी शामिल थे।

### जबलपुर के बरगी....

में दिनभर तेज धूप रही, लेकिन शाम को बादलों ने डेरा डाल दिया। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई है। नरसिंहपुर में सिंगरी नदी के तेज बहाव में युवक बह गया। पुलिस, होमगार्ड और एसडीईआरएफ की टीमें उसकी तलाश कर रही हैं।

मंदसौर में शिवना नदी उफान पर आ गई। जबलपुर के बरगी डैम के 9 और नर्मदापुरम के तवा बांध के 3 गेट खोलकर पानी छोड़ा गया। खरगोन जिले के कुंडिया ग्राम पंचायत के अरोदा टांडा में मंगलवार को बिजली गिरने से किसान देवा चौहान (37) की मौत हो गई।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457
R-03-09-2025
आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस-9654778825..
R-26 to 29-09-2025

CHANGE OF NAME
I, No. 15448094A RANK HAV RAJEEV SINGH S/O DILBAG SINGH presently serving with MH, BHOPAL, In my Army Service Record my daughter name is mentioned as AASHVI According to Aadhar card, Birth Certificate & other record my daughter's name is mentioned as AASHVI RANA which is correct & true. So these both names AASHVI and AASHVI RANA is not two person it is the same person. affidavit No.29AA-657186

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5971



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -5970 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5981

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5980 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## खबर संक्षेप

### रेनॉ इंडिया की नई काइगर कार लांच

**नई दिल्ली।** रेनॉ इंडिया ने नई काइगर के लांच की घोषणा की। रीथिंक परफॉर्मेंस फिलॉसफी के तहत विकसित यह सब-फोर मीटर एसयूवी , रिफाइंड 100 पीएस टर्बोचार्ज्ड इंजन और 35 से अधिक अपग्रेड्स के साथ परफॉर्मेंस, क्लास-लीडिंग फ्यूल एफिशिएंसी और एक्सेप्शनल वैल्यू का शानदार संयोजन पेश करती है। नई काइगर को अब और भी दमदार परफॉर्मेंस, बोल्ड डिज़ाइन, स्मार्ट टेक्नोलॉजी और बेहतर सेफ्टी इंटीग्रेशन के साथ लॉन्च किया गया है।

### स्मार्ट किचन अप्लायंस रोटिमैटिक भारत में

**बेंगलुरु।** दुनिया का पहला स्मार्ट किचन अप्लायंस रोटिमैटिक अब भारत में आधिकारिक तौर पर लांच हो गया है। अपने नेक्स्ट-जेनेरेशन मॉडल 'रोटिमैटिक नेक्स्ट' के साथ कंपनी ने भारतीय बाजार में कदम रखा है। सिंगापुर में मुख्यालय रखने वाली इस कंपनी ने अब अपना मैन्युफैक्चरिंग यूनिट बैंगलोर–मैसूर क्षेत्र में स्थापित किया है, जो भारत समेत वैश्विक बाजारों की जरूरतें पूरी करेगा। रोटिमैटिक की शुरुआत वर्ष 2008 में प्रणोति नागरकर और ऋषि इसरानी ने की थी।

### फ्लिपकार्ट एसबीआई को ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लांच

**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड ने भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर 'फ्लिपकार्ट एसबीआई क्रेडिट कार्ड' के लांच की घोषणा की। ये इस तरह का पहला और अनोखा को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे एसबीआई के अध्यक्ष, चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी और एसबीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर,अश्विनी कुमार तिवारी की मौजूदगी में लांच किया गया।

### विंजो का ग्लोबल शॉर्ट ड्रामा चैंपियनशिप पेश

**नई दिल्ली।** घरेलू इंटरैक्टिव एंटरटेनमेन्ट प्लेटफॉर्म विंजो ने विंजों शॉर्ट ड्रामा चैम्पियनशिप के लॉन्च की घोषणा की है। अपनी तरह की पहली यह विश्वस्तरीय प्रतियोगिता माइक्रोड्रामा क्रिएटर्स को अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगी। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रोडक्शन डील्स पाने तथा प्रोजेक्ट की शुरूआत के लिए 100 फीसदी स्पॉन्सरशिप हासिल करने का मौका मिलेगा।

### एसईपीसी का शुद्ध लाभ 17 करोड़ रुपए हुआ

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड कंपनी ने वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए अपने अप्रत्यक्ष वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 203.8 करोड़ रही, ईबीआयटीडीए 29.8 करोड़ और शुद्ध लाभ 16.5 करोड़ रही। जबकि शुद्ध लाभ मार्जिन 8.1 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। कंपनी के अध्यक्ष अब्दुल्ला मोहम्मद इब्राहिम हसन अब्दुल्ला ने कहाकि यह तिमाही स्थिर प्रगति का दौर रही।

### 366.07 करोड़ के चार नए ऑर्डर मिले सथलोखर को

**चेन्नई।** सथलोखर सिनर्जीस ईएंडसी ग्लोबल लिमिटेड सथलोखर सिनर्जीस ईएंडसी ग्लोबल लिमिटेड ने 366.07 करोड़ रु. मूल्य के चार नए प्रोजेक्ट ऑर्डर प्राप्त करने की घोषणा की है। ये सफलताएँ कंपनी की प्रतिष्ठा को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में और मजबूत करती हैं, विशेष रूप से बड़े पैमाने के औद्योगिक, एफएमसीजी और फुटवियर क्लायंट्स के लिए। कंपनी की ऑर्डर बुक और विजिबिलिटी को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

### बादाम के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

**नई दिल्ली।** मौसम के बदलाव में आहार का प्रभाव अक्सर नजरअंदाज रह जाता है। आयुर्वेद के अनुसार मानसून में वात और पित्त दोषों में वृद्धि होती है, जिससे सूजन और त्वचा रोग उत्पन्न हो सकते। प्रमुख आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन ने पांच आयुर्वेद सुपरफूड्स की सलाह देती हैं, जिनमें पोषक तत्वों से भरपूर बादाम और त्रिदोष संतुलित करने वाला आंवला शामिल हैं।

## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की कार्यशाला




# आयकर विवरणी से लेकर क्रिप्टो करेंसी जैसी नई वित्तीय चुनौतियों के पहलुओं की दी जानकारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आम करदाता हो या प्रोफेशनल, आयकर कानून की बारीकियों को समझना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। इन नियमों के बीच अक्सर ऐसी उलझनें सामने आती हैं, जिनका सही समाधान विशेषज्ञ की मदद से ही संभव है।

इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने अपने सदस्यों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट आकाश सक्सेना ने उपस्थित कर सलाहकारों को आयकर विवरणी भरने से लेकर क्रिप्टो करेंसी जैसी नई वित्तीय चुनौतियों तक के पहलुओं पर जानकारी दी। सीए सक्सेना ने फ्यूचर एवं ऑप्शंस से होने वाली आय को लेकर व्यावहारिक स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी आय को धारा 44एडी की अनुमानित आय योजना के अंतर्गत नहीं रखना चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह के लेन-देन पर जीएसटी का कोई दायित्व नहीं बनता। उनके अनुसार,

### प्रतिभागियों को मिला व्यावहारिक मार्गदर्शन

कार्यशाला में एसोसिएशन के सचिव मनोज पारख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य गोविंद वसंता और हेमंत जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने वक्ता से सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासाएँ दूर कीं और कई व्यावहारिक समस्याओं का समाधान पाया।

## बिजनेस न्यूज

### विद्यार्थियों ने सीखा ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाना



भोपाल। कॅरियर कॉलेज , कॅरियर डिजाइन स्कूल एवं कॅरियर कॉलेज लॉ की एनसीसी एनएसएस एवं आईकेएसके और सांस्कृतिक सेल के संयुक्त तत्वाधान मेंमाटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत इको फ्रेंडली गणेश मूर्ति निर्माण पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों से 60 विद्यार्थियों भाग लिया। इस कार्यशाला में कॅरियर डिजाइन स्कूल के रविंद्र राय द्वारा सभी छात्रों को गणेश मूर्ति निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, प्रशिक्षण के उपरांत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चरणजीत कौर द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

### मप्र में रजत इंजी. लाएगी जर्मन जल शुद्धिकरण तकनीक

**भोपाल ।** राजधानी स्थित जल प्रबंधन कंपनी रजत इंजीनियरिंग ने प्रोमिनेंट इंडिया के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत मध्य प्रदेश में नवीन जल-शुद्धिकरण तकनीक और उपकरण पेश किए जाएंगे। यह साझेदारी 22 अगस्त को भोपाल में एक समारोह में औपचारिक रूप से आरंभ हुई, जिसमें यूरोप स्थित प्रोमिनेंट ग्रुप (हेडल्बर्ग, जर्मनी) के क्षेत्रीय बिक्री निदेशक एशिया-प्रशांत फिलिप एंस्टॉट्ज, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और जल उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल थे। समारोह में रजत इंजीनियरिंग और प्रोमिनेंट ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे, जो माप-नेटवर्क, जल-उपचार, डिसइंफेक्शन, माप-नियंत्रण और डिजिटल फ्लूइड प्रबंधन में विशेषज्ञता रखते हैं। रजत इंजीनियरिंग और उसकी होल्डिंग कंपनी सिन्क वाटर टेक के निदेशक, रोहित अरोड़ा, ने समारोह में कहाकि हमें मध्य प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी कर गर्व है।

### मरुत ड्रोन ने आसान बनाया कीटनाशक छिड़काव को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के किसान मरुत का एजी365 कृषि ड्रोन अपनाकर कम लागत में अधिक कमाई कर रहे हैं। सिवनी के मुंगवानी खुर्द गांव के किसान सुमित सनोदिया बताया किया इस ड्रोन के उपयोग के बाद पैदावार बढ़ी और काम आसान हो गया। अब वे न केवल खुद फायदा कमा रहे हैं बल्कि आसपास के किसानों को भी ड्रोन का महत्व समझा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कीटनाशक छिड़काव का पुराना तरीका बहुत मेहनत वाला, महंगा और सेहत के लिए खतरनाक था। लेकिन मरुत ने किसान कार्यक्रम में के माध्यम से किसानों प्रशिक्षित कर उन्हें ड्रोन तकनीक की जानकारी दी।

### टाटा मोटर्स ने विन्सम से मिलकर बनाई फ्लीट साझेदारी

**गुरुग्राम।** भारत का लॉजिस्टिक्स सेक्टर 2030 तक 357.3 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, जो 2025 से 2030 के बीच 7.7 फीसदी की सीएजीआर दर से बढ़ेगा। इस वृद्धि के पीछे ई-कॉमर्स के विस्तार और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। विन्सम एक्सप्रेस ने टाटा मोटर्स के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा किया है। टाटा मोटर्स के भरोसेमंद और उच्च-प्रदर्शन वाले कमर्शियल व्हीकल्स और इसके मजबूत राष्ट्रीय सपोर्ट नेटवर्क का लाभ उठाकर कंपनी ने अपनी ऑपरेशनल एफिशिएंसी को बढ़ाया, समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित की और देशभर में अपने नेटवर्क को और मजबूत किया।

### एचईसी इंफ्रा को 12.08 करोड़ के ऑर्डर मिले

**अहमदाबाद।** एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने शहरी जल वितरण और ऊर्जा अवसंरचना क्षेत्रों में अपने विस्तार के तहत कई नए अनुबंधों की घोषणा की है। कंपनी को कुल लगभग 12.08 करोड़ मूल्य के तीन महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। ऊर्जा भंडारण परियोजना – अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स लिमिटेड से नया ऑर्डर राशि 7.15 करोड़ (21 अगस्त 2025, अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) से पुनरावृत्ति ऑर्डर राशि 1.65 करोड़ (12 अगस्त 2025) और 3.28 करोड़ (18 अगस्त 2025) आदि शामिल है।

## गणेश चतुर्थी पर मोदक, बेसन, बूंदी, मोतीचूर, बेसन और ड्राईफ्रूट लड्डू की रही धूम

# शहर में बिके 30 क्विंटल से ज्यादा मोदक बेसन व बूंदी सहित अन्य वैराइटी के लड्डू

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गणेश चतुर्थी का आगाज होने के साथ ही राजधानी भोपाल में मिठाईयों की धूम शुरु हो गई है। दुकानों में मोदक, बेसन, मोतीचूर, नारियल, मावा और ड्राईफ्रूट लड्डू की खास वैराइटी उपलब्ध है। भगवान गजानन की मनपसंद करीब आधा दर्जन से अधिक तरह की मिठाइयां दुकानों में उपलब्ध है।

व्यापारिक अनुमान के मुताबिक श्री गणेश चतुर्थी पर समूचे भोपाल में 30 क्विंटल से अधिक मिठाई, मोदक, बेसन, बूंदी लड्डू, मोतीचूर सहित अन्य वैराइटी के लड्डुयों की बिक्री हुई। बाजार पंडितों के अनुसार आगामी तक दिनों पर मिठाई की दुकानों में मोदक सहित अन्य वेरायटी लड्डू की बिक्री अच्छी होगी। घोड़ा निकास स्थित कुंदन नमकीन एंड मिष्ठान के संचालक प्रेमनारायण यादव ने बताया कि गणेश चतुर्थी का पर्व आते ही मिठास घुल गई है। हमारे मिष्ठान भंडार में इस बार गणेशजी के स्वागत के लिए एक नहीं, दो नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक तरह की मिठाइयां तैयार की गई हैं। मोदक से लेकर मोतीचूर, बेसन से लेकर ड्राईफ्रूट लड्डू बप्पा के भोग के लिए सजी हुई है। भगवान श्री गणेश को खासतौर पर मोदक अर्पित किए जाएंगे। जो कि साढ़े 500 रुपए प्रति किलो है। इसके अलावा अन्य वैराइटी के लड्डू 240 रुपए से 500 रुपए की कीमत में उपलब्ध है।

### अगले दस दिनों तक खूब होगी मोदक और लड्डू की बिक्री

अगले दस दिनों तक मोदक और लड्डू की खूब बिक्री होने की संभावना है। क्योंकि लोग मंदिरों में और घरों में भगवान गणेश की पूजा करते हैं और उन्हें मोदक का भोग लगाते हैं, जिससे इनकी बिक्री में तेजी आती है। मोदक भगवान गणेश को बहुत प्रिय हैं और गणेश चतुर्थी पर इनका विशेष महत्व होता है।



### खूब बिक रहे मगज व मोतीचूर के लड्डू

*पुराने शहर की सबसे पूरानी फर्म घंटेवाले के संचालक मोहन शर्मा के अनुसार गणेश चतुर्थी से आगामी दस दिन शहर भागवान गजानन के उत्सव मनेगा। ऐसे में इस दिवसीय उत्सव में विघ्नविनाय को प्रसाद चढ़ाने के लिए मिठाई की दुकानों पर चहल-पहल बढ़ गई। मगज व मोतीचूर के लड्डू की बिक्री भी शुरू हो गई है। बाजार में मावा मोदक, केसर मावा मोदक, बूंदी मोदक, बेसन मोदक, रोस्टेड मोदक एवं मिल्क केक ड्राई फ्रूट मोदक आदि मौजूद हैं। गणेश चतुर्थी पर दुकानदारों को मोदक के ऑर्डर मिल रहे है।*

### मप्र सहित देश भर में 25 हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद



मध्यप्रदेश सहित राजधानी भोपाल में गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ बुधवार से दस दिवसीय गणेशोत्सव शुरू हो गया है। इसके साथ ही शहर के बाजारों में चहल-पहल और खरीदारी से बाजार भी गुलजार होने लगे हैं। इस श्रीगणेशोत्सव के दरमियान होने वाले व्यापार - व्यवसाय को लेकर शहर के कारोबारी काफी उत्साहित है। व्यापारी और व्यापारिक संगठनों को उम्मीद है कि भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर में करीब 25 हजार करोड़ रुपए के व्यापार की उम्मीद है। गौरतलब है कि दस दिवसीय गणेश चतुर्थी का त्योहार बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह फेस्टिव सीजन का कारोबारियों के लिए शानदार होने की संभावना है। बाजार में खरीदारी की हलचल बढ़ गई है । मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 के मुताबिक गणेश प्रतिमाओं का व्यापार 500 करोड़ से अधिक का अनुमान है। फूल, माला, फल, नारियल, धूप और अन्य पूजन सामग्री की बिक्री भी 500 करोड़ के करीब होती है। मिठाई की दुकानों और घरेलू व्यवसायों की बिक्री में 2000 करोड़ रुपए से अधिक की वृद्धि देखी जाती है। इसके अलावा परिवारों द्वारा बड़े समारोहों और भोज के आयोजन के चलते कैटरिंग और स्नैक पर लगभग 3000 करोड़ रुपए का व्यापार होता है।


## *आम सूचना*

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मोहम्मद इकतिदार आजम पिता काजी सिराज उद्दीन निवासी-म.न. 19 नजदीक नस्तरन बानो मस्जिद बाल विहार रोड भोपाल (आधार नंबर- 2807 5993 474) से उनके स्वत्व, स्वामित्व, व आधिपत्य का एक किता आवासीय प्लाट नंबर- 06, 07, 08, 09, 10, 11, जो खसरा नं.- 892/56/2/ख/1 , कुल रकबा 0.97 हेक्टेयर में से 0.0609 हेक्टेयर ( 7431 वर्गफिट ) का अंश भाग स्थित ग्राम जगदीशपुर (इस्लाम नगर) प.ह.न. 9/12, रा.नि.म- 01, विकास खण्ड फंदा तह. हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.), जो कि नगर निगम सीमा के बाहर मुख्य मार्ग से अन्दर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। उक्त प्लाट की चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है- पूरब दिशा- में मसरूर भाई की दुकान, पश्चिम दिशा- में कॉलोनी रोड, उत्तर दिशा में- कॉलोनी रोड, दक्षिण दिशा में -अन्य की संपत्ति है। को क्रय करने का अनुबंध कर विक्रेता को बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विक्रय संव्यवहार अथवा उक्त प्लॉट या उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, या सोसायटी को कोई भी आपत्ति हित हो अथवा कोई ऋण, भार, दान, बंधक अनुबंध हो तो वह सूचना प्रकाशन से सात (07) दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। समय अवधि समाप्त होने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। और मेरा पक्षकार उक्त प्लॉट का पंजियन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष मे कराने हेतु स्वतन्त्र होगा।

भवदीय **ब्रजेन्द्र शुक्ला** (एडवोकेट)
कार्या.-38, ओम लॉ एसोसिएट, पुरानी विधान सभा के सामने, भोपाल मो. 9993806073

## सार्वजनिक-सूचना

**(भूखण्ड क्र-16 एवं जे-17, संत आशाराम नगर, वार्ड नंबर 53, भोपाल के संबंध में)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार बैंक म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा-अरेरा कॉलोनी, भोपाल से ऋण प्राप्त करने के लिये श्रीमती संध्या लखेरा पत्नि श्री अनिल लखेरा, एवं श्री अनिल लखेरा आत्मज श्री एच.पी लखेरा ने सम्पत्ति एक आवासीय प्रकोष्ठ जी-1, जिसका क्षेत्रफल 890 वर्गफीट अर्थात 82.71 वर्गमीटर, है जो की भूखण्ड क्र-16 एवं जे-17 संत आशाराम नगर बागसेवनिया, स्थित ग्राम बागसेवनिया, नगर निगम की सीमाओं के अंदर, वार्ड नंबर 53, तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र. पर स्थित, है। जिसकी चतुर्थ सीमाये, पूर्व में- रोड, पश्चिम में- अन्य की सम्पति, उत्तर में- फ्लेट नं-जी-2 व जी-3, दक्षिण में- मकान नं. 18 ।को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने का आवेदन प्रस्तुत किया है, जो विचाराधीन है। अतः भविष्य मे उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की उपरोक्त भूखण्ड क्र-16 एवं जे-17 यदि किसी वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, व्यक्ति या संस्था के पास विक्रय, बंधक, दान विक्रय अनुबंध, अधिकार पत्र हो, अथवा उक्त भूखण्ड क्र-16 एवं जे-17 में किसी भी प्रकार का हित धारित करता हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरी पक्षकार बैंक भूखण्ड क्र-16 एवं जे-17 को बंधक रखकर ऋण प्रदान करने को अग्रसर होवेगी।

**सुभाष धोटे** (अधिवक्ता)
ऑफिस-506, आलिव-59-डी, ई-8-एक्सटेंशन, बावडिया कलाँ, भोपाल-462026.
मो.नं. 9425079041

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय खण्ड रायसेन

दूरभाष क्र. 07482-292040, ईमेल : eephraj@nic.in

क्रमांक /3509/लेखा./का.यं./लो.स्वा.यॉ./खण्ड/रायसेन/2025 दिनांक 26/08/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

रायसेन जिले के विकासखंड बाड़ी के विभिन्न ग्रामों में नलजल योजना के माध्यम से ग्रामों में शत् प्रतिशत क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) शेष प्रदाय कार्य हेतु निम्नलिखित तालिका अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 09.09.2025 शाम 17:30 है एवं संशोधन केवल वैबसाइट पर देखे जा सकेगें।

| क्रं. | ऑनलाईन टेंण्डर आईडी क्र. | निविदा क्र. | विकासखंड | ग्राम का नाम | कार्य की अनुमानित लागत राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PHED_445387_1 | 13 | बाड़ी | रायसेन जिले के विकासखंड बाड़ी में नलजल योजना के माध्यम से 07 ग्राम 1. मेहरागॉवखुर्द 2. सेमरीघाट 3. पीथनपुर 4. दहलवाडा 5. चारगाँव 6. बेरखेडीखुर्द 7. सेमरीटप्पा में शत् प्रतिशत कियाशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) प्रदाय शेष कार्य । | 1,83,43000.00 |

G-17858/25

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं
कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड रायसेन

## कार्यालय वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा (उत्पादन) म.प्र.

दूरभाष क्रमांक 07577-222025 Email- dfopharda@mp.gov.in

क्रमांक / स्टोर / 8166 हरदा, दिनांक 25/08/25

// ई-निविदा सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त नर्मदापुरम के उत्पादन वनमण्डल हरदा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में काष्ठागारों में वनोपज के भौतिक नीलाम मे भोजन प्रदाय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु मध्यप्रदेश की वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं www.mpforest.gov.in पर लॉग ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 500.00 तथा सत्यंकार की राशि रुपए 10000/- हैं। निविदा प्रपत्र ऑन लाईन ही क्रय किया जा सकेंगा एवं निविदा ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निविदा का कुल मूल्य लगभग रुपए 500000/- है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | मात्र |
|---|---|---|
| 01 | स्टेण्डर्ड भोजन थाली (01 पनीर सब्जी, 01 सिजनेबल सब्जी, दाल चावल, 06 रोटी / पुरी, सलाद, पापड, अचार, 01 मिठाई गुलाब जामुन / रसगुल्ला | आवश्यकतानुसार |

निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 25-08-2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 25-08-2025 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 25-08-2025 | |
| 04 | Bid Submission Closing Date | 09-09-2025 | |
| 05 | Bid Opening Date | 10-09-2025 | |

(नरेन्द्र पण्डवा)
भा.व.से.
वनमंडल अधिकारी
वनमंडल हरदा (उत्पादन)

G-17839/25

" स्वच्छता ही सेवा "

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

पिपरिया शाखा, मोहता प्लॉट, तिलक वार्ड पिपरिया जिला नर्मदापुरम म.प्र.-461775, फोन: 07576-222850

### अनुलग्नक -1 रिडमशन नोटिस

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना**

प्रिय महोदय/महोदया,

चूँकि बैंक ऑफ बड़ौदा, **पिपरिया शाखा पिपरिया** के प्राधिकृत अधिकारी, जो एक सुरक्षित सिक्यूटर्ड क्रेडिटर है ने सरफेसी अधिनियम 2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (जिसे आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 3 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथियों पर मांग सूचना जारी की है, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त मांग सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर चुकाने का अनुरोध किया गया है।

और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है) का कब्जा ले लिया है।

सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने उपरोक्त कब्जा नोटिस में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आपका ध्यान सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि इस नोटिस की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर लागू ब्याज, लागत, शुल्क और खर्चों के साथ कब्जा नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और नीचे उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्ति को छुड़ा लें। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को भुनाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी- **श्रीमती लिया विश्वकर्मा पत्नि स्व. रविकांत विश्वकर्मा, श्री रविकांत विश्वकर्मा अब मृतक के कानूनी उत्तराधिकारी : श्रीमती लिया विश्वकर्मा पत्नि स्व. रविकांत विश्वकर्मा** दोनों का पता : प्लॉट नं. 320 ए, पीसी नं. 134, खसरा नं. का भाग, 150/1 एवं 151/1, बीजनवाड़ा पिपरिया, होशंगाबाद मप्र - 461775 | बीजनवाड़ा पी.सी. नं. 34, खसरा नं. 150/1, 151/1 का भाग, प्लाट नं. 320-ए, क्षेत्रफल- 1200 वर्गफिट तहसील-पिपरिया, जिला- होशंगाबाद (म.प्र.) पिन-461775 संपत्ति मालिक- स्व. श्री रविकान्त विश्वकर्मा एवं श्रीमती लिया विश्वकर्मा पत्नि स्व. श्री रविकान्त विश्वकर्मा चर्तुसीमाएं- पूर्व- 12मीटर रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 306, उत्तर- प्लाट नं. 320, दक्षिण - प्लाट नं. 319, | 29/06/2021<br>05/03/2024<br>कब्जे का प्रकार भौतिक |

स्थान: पिपरिया प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

मंडीदीप शाखा, 197, इन्द्रा नगर, मंडीदीप जिला-रायसेन - 462046 फोन : 07480-401115,0401147

### अनुलग्नक -1 रिडमशन नोटिस

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना**

प्रिय महोदय/महोदया,

चूँकि बैंक ऑफ बड़ौदा, **मंडीदीप शाखा, मंडीदीप** के प्राधिकृत अधिकारी, जो एक सुरक्षित सिक्यूटर्ड क्रेडिटर है ने सरफेसी अधिनियम 2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (जिसे आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 3 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथियों पर मांग सूचना जारी की है, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त मांग सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर चुकाने का अनुरोध किया गया है।

और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है) का कब्जा ले लिया है।

सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने उपरोक्त कब्जा नोटिस में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आपका ध्यान सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि इस नोटिस की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर लागू ब्याज, लागत, शुल्क और खर्चों के साथ कब्जा नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और नीचे उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्ति को छुड़ा लें। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को भुनाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स इन्वेंटिव इंफ्रा एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड** **डायरेक्टर 1: श्री अमित लोहानी** **डायरेक्टर 2: श्रीमती दीपिका सेठी** पताः मकान संख्या-90, नीरजगृह निर्माण, सोसाइटी, विलेज टाउन, बावड़िया कलां, हुजूर, भोपाल, म.प्र. 462039 **मेसर्स इन्वेंटिव इंफ्रा एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर एवं जमानतदारः** **1: अमित लोहानी पुत्र श्री अरुण लोहानी** पताः मकान संख्या-90, नीरजगृह निर्माण, सोसाइटी, विलेज टाउन, बावड़िया कलां, हुजूर, भोपाल, म.प्र.- 462039 **2: दीपिका सेठी पत्नि श्री मयंक मिश्रा** पताः ए-44, एमराल्ड पार्क सिटी, बागसेवनिया, एम्स के पीछे, हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश- 462043 **मेसर्स इन्वेंटिव इंफ्रा एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के जमानतदारः** **1.संजीव अग्रवाल पुत्र एन.डी.अग्रवाल,** 52, अंसल प्रधान एन्क्लेव दाना पानी रेस्टोरेंट बावड़िया कलां हुजूर भोपाल म.प्र.-462039 **2. संगीता अग्रवाल पत्नि संजीव अग्रवाल,** 52, अंसल प्रधान एन्क्लेव, त्रिलंगा दाना पानी रेस्टोरेंट बावड़िया कलां हुजूर भोपाल म.प्र.-462039 **3. सोनी कुमारी पत्नी अमित लोहानी,** मकान नंबर-90 नीरजगृह निर्माण सोसायटी ग्राम टाउन बावड़िया कलां हुजूर भोपाल म.प्र.-462026 | **1. बंधक संपत्ति रिहायशी भूमि एवं भवन स्थित प्लॉट नंबर 02, शिविका एन्क्लेव (खसरा नंबर 15/2/3/12 और 15/2/3/15 का भाग) बावड़िया कलां, रोहित नगर क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 51, पटवारी हल्का नंबर 42, मीनल एन्क्लेव तहसील-हुजूर जिला भोपाल ।** प्लॉट क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट, संपत्ति मालिक- श्री अमित लोहानी और श्रीमती सोनी कुमारी चर्तुसीमाएंः पूर्वः मकान नंबर 05, पश्चिमः सड़क, उत्तरः मकान नंबर 03, दक्षिणः मकान नंबर 01 **2. बंधक संपत्ति रिहायशी डायवर्टेड भूमि पर स्थित खसरा नंबर 267/1, पुराना इंदौर भोपाल रोड, पीएच नंबर 46, रेवेन्यु सर्कल नं. 02, गांव थूना कलां रोड, तहसील सीहोर, जिला सीहोर क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर या 4050 वर्गमीटर ।** संपत्ति मालिक- श्री अमित लोहानी और श्रीमती सोनी कुमारी चर्तुसीमाएंः पूर्वः मेढ़ा पश्चात श्री शकर सिंह की जमीन, पश्चिमः मेढ़ा पश्चात श्री उपाध्याय की जमीन, उत्तरः पुराना इंदौर भोपाल रोड, दक्षिणः श्री चौहान की खुली जमीन **3. बंधक संपत्ति फ्लैट नंबर 2-ए, 2-बी और आसपास का क्षेत्र, फ्लैट नंबर 2-सी का भाग, प्लॉट नंबर 12, अर्चना कॉम्प्लेक्स, महाराणा प्रताप नगर, जोन-2, वार्ड नंबर 47, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र. फ्लैट नंबर 2-ए का क्षेत्रफल- 1260 वर्गफीट (117.10 वर्गमीटर), फ्लैट नंबर 2-बी का क्षेत्रफल- 995 वर्गफीट (92.47 वर्गमीटर) फ्लैट नंबर 2-सी का क्षेत्रफल 345 वर्गफिट (32.06 वर्ग मीटर), कुल क्षेत्रफल- 2600 वर्गफीट (241.63 वर्गमीटर),** संपत्ति मालिक- श्रीमती संगीता अग्रवाल पत्नि श्री संजीव अग्रवाल और श्री संजीव अग्रवाल पुत्र श्री एन.डी. अग्रवाल चर्तुसीमाएंः पूर्वः सड़क, पश्चिमः आम सीढ़ियां और सड़क, उत्तरः प्लॉट नंबर 13, दक्षिणः फ्लैट नंबर 2-सी और सड़क। | 15.05.2025<br>13.08.2025<br>कब्जे का प्रकार सांकेतिक<br>कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 19.08.2025 |
| ऋणी- **मेसर्स माँ हरसिद्धि फिलिंग स्टेशन, प्रोपराइटर- श्री हुकुम सिंह दांगी** पताः 468/1/1, 470/1, 470/2/2, ग्राम-भेसोंडा, पोस्ट सोनकच्छ, तहसील बैरसिया, भोपाल म.प्र.-463016 | (1) **पंजीकृत बंधक कमर्शियल डायवर्टेड भूमि खसरा नंबर 468/2/2 क्षेत्रफल 0.0235 हेक्टेयर या 235 वर्गमीटर एवं खसरा नंबर 468/1/2/2 क्षेत्रफल 0.0380 हेक्टेयर या 380 वर्गमीटर स्थित ग्राम- भेसोंदा, पटवारी हल्का भेसोंडा, तहसील- बैरसिया, जिला भोपाल, म.प्र.** संपत्ति मालिक- श्री हुकुम सिंह दांगी पुत्र श्री अर्जुन सिंह दांगी चर्तुसीमाएँः (भूमि खसरा संख्या 468/2/2) पूर्व- खसरा संख्या 470/2/2, पश्चिम- खसरा संख्या 468/2/1/2 उत्तर- खसरा संख्या 468/1/2/2 और 468/1/1, दक्षिण- खसरा संख्या 468/2/1/2/2 सीमाएँः (भूमि खसरा संख्या। 468/1/2/2): पूर्व- खसरा नं. 468/1/1, पश्चिम- खसरा नं. 468/1/2, उत्तर- सड़क, दक्षिण- खसरा नं. 468/2/2 (2) **पंजीकृत बंधक कमर्शियल डायवर्टेड भूमि खसरा क्रमांक 468/1/2/1/2 क्षेत्रफल 0.0282 हेक्टेयर या 282 वर्गमीटर और खसरा क्रमांक 468/2/1/2/1/2 क्षेत्रफल 0.0168 हेक्टेयर या 168 वर्गमीटर स्थित ग्राम- भेसोंदा, पटवारी हल्का भेसोंदा, तहसील- बैरसिया, जिला भोपाल, म.प्र.** संपत्ति मालिक- श्री हुकुम सिंह दांगी पुत्र श्री अर्जुन सिंह दांगी **चर्तुसीमाएंः (भूमि खसरा सं. 468/1/2/1/2):** पूर्व- खसरा सं. 468/1/2, पश्चिम- अन्य की भूमि उत्तर- अन्य की भूमि, दक्षिण- खसरा सं. 468/2/1/2/1/2 **चर्तुसीमाएंः (भूमि खसरा सं. 468/2/1/2/1/2):** पूर्व- खसरा सं. 468/2/1/2, पश्चिम- अन्य की भूमि, उत्तर- खसरा सं. 468/1/2/1/2, दक्षिण- अन्य की भूमि | 21.04.2025<br>30.07.2025<br>कब्जे का प्रकार सांकेतिक<br>कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 03.08.2025 |

प्रकाशन दिनांक : 28.08.2025, स्थान: मंडीदीप प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## चिंतन

# डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देगी उनकी टैरिफ नीति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नापाक साजिशें धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही हैं। ट्रंप ने दो बार में भारत के निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ यह कहते हुए लगा दिया कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे आर्थिक संबल दे रहा है, जिसके बल पर रूस यूक्रेन पर हमले कर रहा है। उसने भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया है ताकि वह रूसी तेल की खरीद रोक दे। जबकि अमेरिका खुद पर्दे के पीछे रूस से सौदेबाजी करने में जुटा है। यह अमेरिका की फूट डालकर राज करने की साजिश का ही एक हिस्सा है। अगर अमेरिकी सच में रूस के आर्थिक लाभ को खत्म करना चाहता तो उसे भारत से पहले चीन पर कार्रवाई करनी थी। जो भारत से ज्यादा तेल रूस से खरीद रहा है, लेकिन अमेरिका ने ऐसा नहीं किया। क्योंकि वो दोनों हाथों में लड्डू रखने की रणनीति पर चल रहा है। एक तरफ तो वो चीन को नाराज नहीं करना चाहता, वहीं दूसरी तरफ रूस से भी सौदेबाजी कर रहा है। अमेरिका गुप्त रूप से रूस के साथ ऊर्जा सौदों पर बात कर रहा है। बहाना तो ये है कि ये बातचीत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हो रही थी। इसमें एक्सॉनमोबिल का रूस के सखालिन-एक तेल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होना शामिल है। रूस की ओर से अमेरिकी उपकरणों को अपनी एलएनजी परियोजनाओं के लिए खरीदने की संभावना बताई जा रही है। अमेरिकी अधिकारी कुछ प्रतिबंधों को कम करके क्रेमलिन को शांति के लिए सहमत करने के तरीके खोज रहे हैं। एक समझौते में अमेरिका की ओर से रूस से परमाणु-संचालित आइसब्रेकर जहाजों को खरीदना भी शामिल है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद अमेरिका ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिए थे। इससे रूस अंतरराष्ट्रीय निवेश से कट गया था। लेकिन, अमेरिका के अधिकारी रूस को शांति के लिए मनाने के लिए कुछ प्रतिबंधों को हटाने के बारे में सोच रहे हैं। असल में अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध में भी अपना आर्थिक फायदा देख रहा है। उसे लग रहा है कि शांति स्थापना के नाम पर वो मोटा फायदा ले सकता है। भारत ने तो टैरिफ के ऐलान के बाद ही कह दिया था कि अमेरिका पाखंड कर रहा है। विदेश मंत्रालय का कहना था कि यह ताज्जुब की बात है कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वे खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत ने वाशिंगटन को याद दिलाया कि वह भी रूस से यूरेनियम और पैलेडियम जैसे उत्पाद खरीदता है। भारत ने यह भी कहा कि 2024 में यूरोपीय संघ का रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय व्यापार था। वहीं, अमेरिका रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। तस्वीर शीशे की तरह साफ है कि भारत पर टैरिफ लगाने के पीछे अमेरिका की मंशा रूस-यूक्रेन युद्ध न होकर केवल और केवल अपना स्वार्थ है। वो अपना उल्लू सीधा करने की कोशिशों में लगा है, लेकिन इस रणनीति में उसे मुंह की खानी पड़ सकती है। एक तो अमेरिका में महंगाई बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है, दूसरा अमेरिका के इस स्वार्थ के चलते भारत-चीन नजदीक आ रहे हैं। ट्रंप ने तकनीक के मामले में चीन को पछाड़ने के लिए और अमेरिका को ग्लोबल लीडर बनाने के लिए एआई एक्शन प्लान की घोषणा की थी। अब चीन को ऐसे टाइम पर भारत के समर्थन की जरूरत है। चीन चाहता है कि इस टेक वॉर में भारत उसका साथ दे। अब खबरें आ रही हैं कि भारत चीन का बाहर से समर्थन कर सकता है। यह अमेरिका के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों और पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

# निर्यात से निकलेगा टैरिफ का तोड़

एक ओर जब 27 अगस्त से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों व पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। सभी के द्वारा स्वदेशी को जीवन मंत्र बनाना होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से देश की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने पर केंद्रीय बैंक नीतिगत उपाय कर सकता है। साथ ही भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। पिछले वित्त वर्ष 2024- 25 में भारत ने अपने कुल निर्यात का पांचवां हिस्सा यानी करीब 86.5 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का अमेरिका को निर्यात किया था। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने मुश्किलें खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। खासतौर से देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित निर्यात पर भारी असर पड़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

स्थिति यह है कि कपड़ा, रत्न, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, झींगा, हस्तशिल्प और चमड़ा जैसे क्षेत्रों को ऊंचे टैरिफ से भारी नुकसान होने की आशंका है। अमेरिकी खरीदार भारत के लिए अपने निर्यात आदेशों को भी बदलने के संकेत दे रहे हैं। ऐसे में बढ़े हुए टैरिफ से एमएसएमई की चुनौतियों से बड़ी संख्या में नौकरियाँ भी खतरे में पड़ गई हैं। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ से निर्मित चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के पास मौजूद आर्थिक अनुकूलताएं देश की आर्थिक ताकत बन गई हैं। देश में ऊंचाई छूती घरेलू खपत से घरेलू बाजार मजबूत बना हुआ है। जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है। महंगाई भी नियंत्रित है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास दिखाई दे रहा है। वैश्विक रेटिंग एजेंसियां भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही हैं। निर्यातकों के समक्ष उपस्थित निर्यात चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए देश के वाणिज्यिक बैंक ब्याज दरों में छूट,कर्ज भुगतान करने के लचीले विकल्प प्रदान कर रहे हैं और निर्यात बीमा एवं ऋण गारंटी योजनाएं ज्यादा सुगमता से उपलब्ध करा रहे हैं। वे नए-नए निर्यात बाजारों में जाने के लिए प्रोत्साहित करने के इरादे से कार्यशालाएं भी आयोजित कर रहे हैं। केंद्र सरकार बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत वर्ष 2031 तक के लिए निर्यातकों को लगभग 25,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने वाले उपायों पर विचार कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य निर्यातकों को आसान और किफायती ऋण उपलब्ध कराना है। ये उपाय भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न होने वाली वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र में उच्च स्तर पर निर्यात प्रधान उद्योगों को कार्यशील पूंजी व ऋण आसानी से उपलब्ध कराने तथा ब्याज में छूट देने के साथ



विभिन्न तरह के प्रशासनिक शुल्क जैसे लोन प्रॉसेसिंग, फॉरेक्स हैंडलिंग और कलेक्शन शुल्क से छूट देने पर भी विचार किया जा रहा है, जिससे प्रभावित व्यवसायों की परिचालन लागत में कमी आ सके। निश्चित रूप से एमएसएमई निर्यातकों के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां भी खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं।

उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र की देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में अहम भूमिका है। हाल ही में राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब 28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकार ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभरकर दिखाई दे रही हैं। निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित निर्यात सहित बहुआयामी चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहले शामिल हैं।

उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किए जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान करनी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुट्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
सोनम लववंशी




# दहेज हत्या : बेटियों की चिता पर खड़ा समाज !

ग्रेटर नोएडा की निक्की भाटी की कथित निर्मम हत्या की खबर किसी एक परिवार की त्रासदी भर नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की चेतना को झकझोरने वाली घटना है। यह सिर्फ दहेज और घरेलू हिंसा की एक और वारदात नहीं, ये उस अंधकार का चेहरा है जो हमारी सभ्यता और संस्कृति की परतों में छिपा हुआ है। सवाल सिर्फ एक बेटी के जीवन पर नहीं, सवाल उस सोच पर है, जिसने बेटियों को आज भी वस्तु बना दिया है। यह घटना हमें आईना दिखाती है कि लंबे समय से चले आ रहे दहेज-प्रथा विरोधी कानूनों, महिला सशक्तिकरण के नारों और सामाजिक सुधार के दावों के बावजूद हमारी बेटियां अब भी सुरक्षित नहीं हैं। निक्की और उसकी बहन की शादी साल 2016 में एक ही घर में हुई थी। तब से दोनों पर लगातार दहेज का दबाव बनाया जा रहा था। पति-पत्नी के रिश्ते को समाज अक्सर 'निजी मामला' मानकर चुप्पी साध लेता है, लेकिन जब यह चुप्पी किसी की जान ले ले, तब यह सिर्फ निजी मामला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे समाज पर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। निक्की के पति ने पहले भी मारपीट और हिंसा की, यहां तक कि कुछ महीने पहले के उसके वायरल वीडियो तक सामने आए। लेकिन यह सब जानने के बाद भी निक्की को उसके मायके वालों ने बार-बार यही समझाया कि घर-गृहस्थी की बात घर में ही ठीक कर लो, समाज में बाहर मत लाओ। यही सोच अंततः उसे कब्र तक पहुंचा गई। आंकड़े बताते हैं कि यह त्रासदी अपवाद नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार भारत में हर साल हज़ारों महिलाएं दहेज के कारण अपनी जान गंवाती हैं। वर्ष 2020 में देशभर में 6966 दहेज हत्या के मामले दर्ज हुए, 2021 में लगभग 6700 और 2022 में भी 6500 से अधिक मामले सामने आए। ये वे आंकड़े हैं, जो तमाम संकोच और दकियानूसी सोच की दीवारों को तोड़कर सामने आ पाते हैं। वरना कितने ऐसे मामले होते हैं जो घर की चारदीवारी में ही कैद रहकर दर्द के बेइंतहा हो जाने का इंतजार करते हैं। जब तक किसी लड़की की स्थिति निक्की जैसी न हो जाए। भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 में दहेज हत्या के लिए न्यूनतम सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है, लेकिन न्याय की धीमी प्रक्रिया, लंबी मुकदमेबाजी, गवाहों पर दबाव और समझौते की मजबूरी के चलते न्याय की धार अक्सर कुंद हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में जितने केस लंबित थे, उनमें से केवल 2 प्रतिशत मामलों में ही दोषसिद्धि हो सके। यह आंकड़ा न सिर्फ न्याय-प्रणाली की धीमी चाल को बयान करता है, बल्कि अपराधियों के हौसले भी बुलंद करता है। हमारे समाज में अब भी यह सोच गहरे पैठ कर गई है कि लड़की एक बार ससुराल चली जाए तो वहीं की होकर रह जाती है। यही सोच बेटियों को बार-बार अपने ही घर में घुटने पर मजबूर करती है। निक्की ने अपने पिता और भाई के डर को समझा, अपने मायके के टूटने की चिंता में वर्षों तक यातना सही। लेकिन अंततः उसका जीवन समाप्त हो गया। यहां सवाल यह है कि जब शिक्षा और आधुनिकता की बातें हर मंच पर हो रही हैं, तब भी समाज का यह पिछड़ा और अमानवीय चेहरा क्यों बरकरार है? सरकारें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन जब तक बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक कोई भी योजना अधूरी है। निक्की जैसी घटनाएं बताती हैं कि हमें सिर्फ नारे लगाने से आगे बढ़कर कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई की ज़रूरत है। हर बार जब किसी बेटी की हत्या होती है या उसे दहेज की आग में झोंक दिया जाता है, तो समाज कुछ दिनों तक आक्रोश जताता है। अखबारों की सुर्खियां बनती हैं, टीवी पर बहस होती है, सोशल मीडिया पर सहानुभूति उमड़ती है। लेकिन कुछ ही समय बाद यह सब भूलकर हम अपने-अपने जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। यही भूलना अपराधियों को और निर्भीक बनाता है। बेटियों की सुरक्षा सिर्फ कानून से नहीं, समाज की मानसिकता बदलने से होगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि बेटियां बोझ नहीं, हमारे अस्तित्व की शक्ति हैं। उन्हें चुप कराने के बजाय आवाज़ देने की ज़रूरत है। वह सिर्फ एक बेटी नहीं थी, वह एक चेतावनी थी, एक पुकार थी। उसके नाम पर सिर्फ आंसू बहाना पर्याप्त नहीं, हमें एक ऐसी व्यवस्था खड़ी करनी होगी, जहां कोई और बेटी अपनी शादी को मौत की गुफा न समझे। यदि समाज अब भी नहीं बदला तो हमारी बेटियां इसी अंधेरे में गुम होती रहेंगी। न्याय, सुरक्षा और सम्मान, ये तीनों किसी भी सभ्य समाज की नींव हैं। अगर हम बेटियों को यह तीनों नहीं दे पा रहे, तो हमें अपनी सभ्यता पर गर्व करने का कोई अधिकार नहीं। निक्की का बलिदान व्यर्थ न जाए, यही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## आखिर क्या है आध्यात्मिक चेतना



संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सर्वोत्तम रूप है।

## काम शुरू करने से महत्वपूर्ण है करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## सटाका




## आज की पाती

### विज्ञान की भी अपनी सीमाएं

वैसे तो विज्ञान ने हर असंभव को संभव बनाने के लिए बहुत काम किया है और काफी हद तक सफल भी हुआ है। मानव को आज हर सुविधा और आराम उपलब्ध है, परंतु न तो कैंसर जैसे असाध्य रोग की अचूक औषधि खोज पाया और न ही ऐसी दवाई ही खोजी जो मनुष्य को सदैव स्वस्थ और बुढ़ापे के लक्षणों से सदा के लिए निजात दिला सके। यह बात लगेगी सभी को बेतुकी और प्रलाप मात्र, पर यह यक्ष प्रश्न है, जिसके समक्ष आकाश की खोज खबर लेने वाला मानव असहाय दिखता है। यह वैज्ञानिकों को एक खुली चुनौती है। भले ही हरिद्वार के इम्युनोट के वैज्ञानिकों ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद को इस कार्य करने में सक्षम कहा है। लेकिन संसार को कब यह दवाई उपलब्ध होगी, इसका इंतजार है।

*- प्रदीप डांगे, भिलाई*

## ट्रेंड

### भूस्खलन से हादसा दुःखद



जम्मू-कश्मीर के वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुआ हादसा अत्यंत दुःखद है। इस सम्बन्ध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है और एनडीआरएफ की टीम भी वहां पहुंच रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### पर्यावरण बचाएं



प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत आज नई दिल्ली में पौधा लगाया। पेड़ धरती की खूबसूरती और जीवन की खुशहाली के लिए अनमोल हैं। आइए, हम सब मिलकर पर्यावरण बचाने का कर्तव्य निभाएँ।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### स्वदेशी उत्पाद अपनाएं



मेरा प्रयास हमेशा यही रहता है कि ज़रूरत की हर चीज़ों में स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों की मेहनत से बनी वस्तुओं का उपयोग करूँ। आप सबसे भी आग्रह है कि आप भी अपने जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर उनका हौसला बढ़ाएँ।

- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### लोकतांत्रिक लड़ाई




बिहार एक बार फिर भारत की लोकतांत्रिक लड़ाई का केंद्र बन गया है। मतदाताओं को हटाकर या संस्थाओं पर कब्जा करके भाजपा जनता की शक्ति को कुचल नहीं सकती। यही वह चिंगारी है जो लोकतंत्र के अगले अध्याय को रोशन करेगी।

-एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# नेपाल में हिंदुओं ने मनाया गणेश चतुर्थी का पर्व



नेपाल में हिंदुओं ने बुधवार को भगवान गणेश के मंदिरों में पूजा-अर्चना करके गणेश चतुर्थी मनाई। भगवान गणेश विघ्नहर्ता और बुद्धि एवं समृद्धि के देवता हैं। चंद्र कैलेंडर के अनुसार भाद्र शुक्ल चतुर्थी को मनाए जाने वाले इस त्योहार के अवसर पर काठमांडू के कमलादि गणेश, अशोक बिनायक और सूर्य बिनायक सहित प्रमुख मंदिरों के अलावा अन्य शहरों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान विघ्न विनाशन गणेश को फूल, फल और मिठाइयाँ अर्पित कीं तथा सौभाग्य, ज्ञान और समृद्धि की कामना की। काठमांडू में हिंदू और बौद्ध धर्म को मानने वाले नेवार समुदाय के सदस्यों ने इस अवसर पर एक विशेष भोज का आयोजन किया जिसमें पीसा हुआ चावल, उबले और तले हुए अंडे, सूखी मछली, मांस और काली दाल, सेम, अदरक और लहसुन से बने भोज्य पदार्थ शामिल थे। यह प्रसाद पहले भगवान गणेश को समर्पित किया गया और बाद में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने त्योहार मनाने के लिए धार्मिक गीत भी गाए और पारंपरिक संगीत बजाया।

## ऑफ बीट

# जलमग्न पाषाणकालीन बस्तियों का चला पता



उत्तरी डेनमार्क में अरहुस की खाड़ी के गहरे नीले पानी के नीचे, पुरातत्वविद 8,500 वर्ष से भी अधिक पहले समुद्र का जलस्तर बढ़ने के कारण नष्ट हो चुकी तटीय बस्तियों की खोज कर रहे हैं। इस ग्रीष्म ऋतु में, गोताखोर डेनमार्क के दूसरे सबसे बड़े शहर अरहुस के निकट समुद्री लहरों से लगभग 8 मीटर (26 फुट) नीचे उतरे और सागर तल से पाषाण युग की बस्तियों के साक्ष्य एकत्र किए। यह कवायद बाल्टिक और उत्तरी सागर में समुद्र तल के कुछ हिस्सों का मानचित्रण करने के लिए यूरोपीय संघ द्वारा वित्तपोषित 1.32 करोड़ यूरो (1.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की छह-वर्षीय अंतरराष्ट्रीय परियोजना का हिस्सा है, जिसमें अरहुस के साथ-साथ ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड विश्वविद्यालय और जर्मनी के लोअर सेक्सोनी इंस्टीट्यूट फॉर हिस्टोरिकल कोस्टल रिसर्च के शोधार्थी भी शामिल हैं। परियोजना का लक्ष्य डूबे हुए उत्तरी यूरोपीय भू-भाग का पता लगाना और अपतटीय पवन चक्कियों के क्षेत्र तथा अन्य समुद्री अवसंरचना के विस्तार के साथ लुप्त मध्यपाषाणकालीन बस्तियों की खोज करना है। हिमयुग के बाद विश्व में समुद्र का जलस्तर बढ़ा था। हिमयुग के बाद, बर्फ की विशाल चादरें पिघल गईं और समुद्र का जल स्तर बढ़ गया, जिससे पाषाण युग की बस्तियां जलमग्न हो गईं।

## उज्जैन में मिट्टी के गणेश प्रतिमा वितरण कार्यक्रम में डॉ. मोहन ने किया मूर्तियों का वितरण

# मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर कहा, शुभ कार्य को सफल बनाते हैं रिद्धि-सिद्धि दाता

### महाकाल की कृपा से सिंहस्थ-2028 पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ेगाः सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में श्रीगणेश को प्रथम पूज्य देवता माना गया है। रिद्धि-सिद्धि दाता शुभ कार्य को सफल बनाते हैं, इसलिए हर मंगल कार्य के आरंभ में श्रीगणेश की वंदना अनिवार्य समझी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति का यही संदेश है कि घर-घर में मिट्टी के श्रीगणेश हों। प्रदेश में स्वदेशी के वातावरण के साथ मिट्टी के गणेश के वितरण का उत्सव मनाया जा रहा है।




### गणेशोत्सव हमारे लिए आनंद का उत्सवः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गणेशोत्सव हमारे लिए आनन्द का उत्सव है। भगवान की कृपा से देश के विकास के साथ प्रदेश का विकास हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। इससे पहले विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने बताया कि मूर्ति वितरण कार्यक्रम में लगभग 300 मिट्टी से बनी मूर्तियों का वितरण शहर की विभिन्न समितियों और संगठनों को किया जा रहा है।

### प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने ली मिट्टी से निर्मित श्री गणेश की मूर्ति

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को बैतूल में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर स्थानीय कलाकारों द्वारा मिट्टी से निर्मित श्री गणेश की मूर्ति एवं पूजन सामग्री खरीदी। खंडेलवाल ने इस दौरान स्थानीय कलाकारों, व्यवसायियों से संवाद किया और प्रदेशवासियों से स्वदेशी उत्पादों का अधिक उपयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार आदि उपस्थित रहे।



### भाजपा कार्यालय में विराजे भगवान श्रीगणेश



भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने बुधवार को गणेश चतुर्थी पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा की स्थापना कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।



भोपाल में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सपरिवार भगवान गणेश की प्रतिमा लेकर जाते हुए।

### रीगल टॉकीज का होगा उन्नयन



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में किया 79.27 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश की सात पवित्र नगरियों में अवंतिका (उज्जैन) भी शामिल है।

डॉ. यादव ने बुधवार को उज्जैन में गोपाल मंदिर छत्री चौक स्थित कार्यक्रम में 79.27 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 25.15 करोड़ रुपए की लागत से रीगल टॉकीज के विकास कार्य, सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत 22.30 करोड़ की लागत से गदा पुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंह पुरा होते हुए लालपुल ब्रिज तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य और 31.83 करोड़ रूपए की लागत से गाड़ी अड्डा चौराहे से वीडी क्लाथ मार्केट, निकास चौराहा, खजूर वाली मस्जिद, केडी गेट मार्ग वाया जूना सोमवारिया से बड़ी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उज्जैन में एक अन्य कार्यक्रम में 52 करोड़ 69 लाख रुपए से अधिक की लागत से राष्ट्र वीर दुर्गादास छत्री के संरक्षण संवर्धन एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

### भाजपा नेत्री नेहा ने कराया आयोजन

## नेत्र जांच शिविर में लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को हर्षवर्धन नगर में एका वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने आंखों की जांच करवाई और स्वास्थ्य लाभ लिया।

शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने नेत्र परीक्षण कर आंखों की देखभाल से जुड़ी उपयोगी जानकारियां भी दी गईं। साथ ही नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

### शिविर में नेत्रदान के लिए किया गया जागरूक

शिविर में फाउंडेशन की अध्यक्ष नेहा बग्गा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने जन्मदिन पर शिविर के आयोजन का उद्देश्य साझा करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संस्था की प्राथमिकता है और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनी रहेगी। शिविर में मुख्य अतिथि सुरेश अवत्रमाणी (पूर्व पीआरओ राज्यपाल मध्य प्रदेश), विशिष्ट अतिथि राजेश हिंगोरानी (एमआईसी) ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।




### एडीजी की चैकिंग से बचना मुश्किल

पुलिस मुख्यालय की एक शाखा में पदस्थ एडीजी ने अपने कार्यालय परिसर में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहन कर आना अनिवार्य कर दिया है। कार चालकों के लिए सीट बेल्ट का पालन भी जरूरी किया है। इस व्यवस्था का पालन अच्छी तरीके से हो, इसके लिए एंट्री गेट पर एक जवान को भी तैनात किया गया है। वह रिकॉर्ड में भी इसकी एंट्री करता है कि किसने नियमों का पालन किया और किसने नहीं। फिर साहब भी रिकार्ड को चेक करते हैं। जो लोग एडीजी की व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं, उनको अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। कुछ लोग एडीजी का फरमान ठीक बता रहे हैं तो कुछ लोग इससे असंतुष्ट भी हैं। स्टाफ में कई लोगों का तो यहां तक कहना है कि एडीजी पहले ट्रैफिक संचालनालय में तैनात थे, तब वह प्रदेश की यातायात का सुधार नहीं कर पाए तो अब कार्यालय परिसर में नियम लागू करने से कितना सुधार हो पाएगा। हालांकि साहब के फरमान का असर यह है कि अधिकांश स्टाफ बाकायदा हेलमेट पहन कर ही परिसर में एंट्री कर रहा है। यह इसलिए, क्योंकि सड़क पर भले ही यातायात पुलिस की चेकिंग से बच जाए, लेकिन यहां एडीजी की सख्त चेकिंग से बचना मुश्किल काम है।

### ग्रह-नक्षत्रों को दिखवा रहे साहब

प्रदेश के एक युवा आईपीएस इन दिनों खासे परेशान चल रहे हैं। यही कारण है कि वह कई पंडितों के संपर्क में है और अपने ग्रह-नक्षत्र दिखवा रहे हैं। पिछले दिनों एक विवादित मामले के कारण जिले से हटाकर उनको लूप लाइन में तैनात कर दिया गया था, लेकिन यहां भी उनको राहत नहीं है। एक पूरी गैंग उनके पीछे पड़ी हुई है। साहब की शिकायत संघ लोक सेवा आयोग और केंद्रीय गृह मंत्रालय तक को कर दी गई है। कई विधिक जानकार भी आईपीएस के को उलझाने के प्रयास में है। अब साहब के पास अपने डिफेंस के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पिछले दिनों किसी ने उनको सलाह दी थी कि अपनी कुंडली में ग्रह-नक्षत्र दिखवा लो, साहब ने तत्काल इस बात पर अमल भी कर लिया। अब देखते हैं कि आईपीएस को किस हद तक फायदा मिलता है।


### कलारी के पास बीट प्रभारी का रसूख

राजधानी के जोन टू में एक कलारी के पास पुलिसकर्मियों और बीट प्रभारी से दुकानदार खासे परेशान है। दुकानदारों का कहना है कि बीट प्रभारी और पुलिसकर्मी यहां कलारी से फ्री वाली शराब लेते हैं। साथ ही फ्री का पानी और सिगरेट सहित चखना के लिए उन्हें परेशान करते हैं। अंडे के ठेले वाले से लेकर नमकीन की दुकान वाले बीट प्रभारी और पुलिसकर्मियों से परेशान है। अब क्या करें थाना प्रभारी से वे बीट प्रभारी और पुलिसकर्मियों की शिकायत नहीं कर पा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि एएसआई लेवल का एक कर्मचारी तो दुकान में अंडे से ऑमलेट बनाकर खुद ही खा लेता है। अब साहब को कोई क्या कहें दुकान जो चलानी है।

### ट्रैफिक के एएसआई की भारी कमाई

राजधानी के एक ब्रिज के नीचे लगने वाला ट्रैफिक पुलिस का चेकिंग पाइंट वाहन चालकों को लिए मुसीबत बना हुआ है। यहां चेकिंग के नाम पर एक एएसआई जमकर कमाई कर रहा है। यही कारण है कि एएसआई की बीट और चेकिंग पाइंट लंबे समय से नहीं बदला गया है। चेकिंग पाइंट पर तैनात एएसआई पर आरोप है कि वह बड़े वाहनों से लेकर छोटे लोडिंग वाहन के चालकों को रोककर उनसे बिना चालानी कार्रवाई के रुपए ले रहा है। इस एएसआई के कारनामे ट्रैफिक विभाग के छोटे कर्मचारियों तक पहुंच गए है। अब वे मीडिया के दफ्तरों में एएसआई की पोल खोलने की बात कह रहे हैं। संबंधित अधिकारी को ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे ही पुलिसकर्मी विभाग का नाम बदनाम कर रहे हैं।

-प्रशांत शुक्ला/प्रकाश भोमरकर



# कहीं सुबबूल की फलियों से, कहीं नारियल की छाल और सागौन की लकड़ी से बने प्रथम पूज्य गणेश

बिरला संग्रहालय में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर गणपति प्रदर्शनी का शुभारंभ बुधवार से हुआ, जिसमें गणपति की एक से बढ़कर एक मूर्तियां व पेंटिंग दर्शकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रही, प्रदर्शनी 9 सितंबर तक चलेगी।

## गणेश चतुर्थी के अवसर पर बिरला संग्रहालय में गणपति प्रदर्शनी में दिखे गजानन के कई रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिरला संग्रहालय में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर गणपति प्रदर्शनी का शुभारंभ बुधवार से हुआ, जिसमें गणपति की एक से बढ़कर एक मूर्तियां व पेंटिंग दर्शकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रही। इस प्रदर्शनी में जहां एक ओर नारियल की छाल से बने आकर्षक गणपति खास रहे तो वहीं सुबबूल की फलियों को जोड़कर भी गणपति को सुंदर रूप दिया। इसके अलावा मधुबनी आर्ट और कालीघाट आर्ट से सजी गणपति की आकर्षक पेंटिंग ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह प्रदर्शनी 9 सितंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिरला संग्रहालय में आयोजित की जा रही है।



### मधुबनी आर्ट के रूप दर्शाए गणेश

वहीं इस प्रदर्शनी में अनीता सिंह ने मधुबनी आर्ट के रूप में गणपति जी को प्रदर्शित किया है। बिहार के मधुबनी आर्ट से सजी इस पेंटिंग ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।








### सुबबूल की फलियों से बनाए गणेश


प्रदर्शनी में दुर्गा उन्हाले ने सुबबूल की फलियों से गणपति को तैयार किया है। सुबबूल की फलियों को छीलकर बनी इसे आर्ट वर्क को बनाने में दुर्गा को एक महीने का समय लगा, जिसमें गणपति को प्रथम पूज्य दिखाने की कोशिश की है।

### बंगाल के कालीघाट पर आधारित गणपति पेंटिंग



पेंटिंग एग्जीबिशन शुभ्रा श्रीवास्तव ने गणपति पर आधारित दो पेंटिंग्स शामिल की, जिसमें एक कालीघाट बंगाल के फोक आर्ट पर आधारित गणेश पेंटिंग हैं, जिसमें बंगाल के आर्ट रूप में गणपति को दर्शाया तो वहीं दूसरी पेंटिंग में एक पद गणपति की पेंटिंग है, जो नृत्य कर रहे हैं। जिसे शुभ्रा ने पेंसिल कलर से तैयार किया।

### सागौन की लकड़ी से बने पंचमुखी गणेश



प्रदर्शनी में योगेश और उमेश गुप्ता भाइयों के स्टॉल भी शामिल थे, जिमसें दोनों भाइयों ने गणपति पर आधारित करीब 100 पेंटिंग्स को एग्जीबिट किया, तो वहीं इसमें करीब 20 गणपति मूर्तियां भी शामिल हैं, जिनमें गणपति जी को अलग-अलग रूपों में दिखाया गया है। इसमें सबसे खास सागौन की लकड़ी को काटकर बने पंचमुखी गणपति सबसे आकर्षक हैं, जिसमें 100 भुजाओं और पदों को दर्शाया गया है।



### कई नारियल और उनकी छालों के प्रयोग से बनाए गजानन

इसके साथ ही किरण गुप्ता ने नारियल पर आधारित गणपति जी को बनाया। किरण गुप्ता कहती है कि मुझे हमेशा से ही कुछ ना कुछ अलग करना काफी पसंद रहा है, इसलिए मैंने कई नारियल को लेकर उनसे गणपति जी की आकृति बनाई। जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया।

'भोपाल क्रिएटर्स समिट' 31 अगस्त, भोपाल में भाग लेंगे एक हजार से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स

# कोई इंजीनियरिंग छोड़ बना डिजिटल क्रिएटर तो किसी को फोटोग्राफी के शौक ने बना दिया सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर

*अपने क्षेत्रों में असाधारण काम करने वाले इन्फ्लुएंसर्स को मिलेगा 'क्रिएटर्स अवॉर्ड्स'*

उद्देश्य- डिजिटल क्रांति को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

वर्तमान समय में सोशल मीडिया का इन्फ्लुएंस युवाओं पर ही नहीं, बल्कि हर एक आयु वर्ग पर इतना अधिक है कि लोगों का दिन बिना सोशल मीडिया देखे कटता ही नहीं, सुबह की पहली चाय हो या सोने से पहले का वक्त, सोशल मीडिया को देखना लोगों की एक जरुरत बन गया है और इन प्लेटफार्म को हाइलाइट करते हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स.... जो नए नए कंटेन्ट और टॉपिक्स पर वीडियो व रील्स अपलोड करते हैं जिसे पसंद करने वालों की संख्या के आधार पर उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ती है और बढ़ने लगते हैं इन इन्फ्लुएंसर्स के फॉलोअर्स। 'भोपाल क्रिएटर्स समिट' में भाग लेने वाले फेमस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से हरिभूमि ने की बातचीत।



### प्रदेश में डिजिटल क्रांति को देगा बढ़ावा

आज सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सिर्फ एक नाम ही नहीं, बल्कि पहचान भी बन चुका है। लोग अपनी लगी लगाई नौकरी और एकेडमिक क्वालिफिकेशन को छोड़ पूरी तरह से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका निभा रहे हैं और यह काम उन्हें केवल नाम और पहचान ही नहीं दे रहा, बल्कि उनकी अर्निंग का भी प्रमुख माध्यम बन चुका है। मप्र के फेमस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को लेकर भोपाल में एक समिट आयोजित होने वाली है। इसमें शहर के ही नहीं, बल्कि प्रदेश के करीब 1000 टॉप मोस्ट सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स भाग लेंगे। यह आयोजन प्रदेश में डिजिटल क्रांति को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### कार्यक्रम का विवरण

- आयोजन का नाम - 'भोपाल क्रिएटर्स समिट'
- मुख्य अतिथि- मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव
- भाग लेने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की संख्या - करीब एक हजार
- स्थान- प्राइड होटल, कोलार
- दिन- 31 अगस्त, रविवार

### भोपाल को देश के डिजिटल क्रिएटर्स हब के रूप में करेगा स्थापित



समिट आयोजक और क्रिएटर मयंक तिवारी का मानना है कि यह समिट भोपाल को देश के डिजिटल क्रिएटर्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल क्रिएटर और आयोजन टीम के सदस्य आकाश दुबे ने बताया कि यह नए और पुराने क्रिएटर्स के लिए एक प्रेरणादायक मंच होगा, जो उन्हें अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा।

### सिटी हाइलाइट्स या सिटी हैपनिंग पर बनाता हूं रील्स

1.5 लाख फॉलोअर्स वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर चिन्मय जैन का कहना है कि मैंने बीटेक सिविल इंजीनियरिंग से की और 2018 में इंजीनियरिंग को पूरी तरह से छोड़कर डिजिटल मीडिया क्रिएटर बन गया और इसमें मैं सिटी हाइलाइट्स या सिटी हैपनिंग पर रील्स व वीडियो बनाता हूं, जिसे लोगों ने इतना अधिक सराहा कि आज मेरे 1.5 लाख फॉलोअर्स हैं और अब यही मेरा प्रोफेशन है और मेरी अर्निंग का साधन भी।



**नाम**-चिन्मय जैन
**फॉलोअर्स**- 1.5 लाख फॉलोअर्स

1.75 लाख फॉलोअर्स वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर प्रियांशु जैन कहते हैं कि शॉर्ट बाय प्रियांश नाम से मेरा पेज है और ट्रैवल फोटोग्राफी करना मुझे बेहद पसंद है। उन्होंने कहा कि स्कूल टाइम से ही मैं फोटोग्राफी का शौकीन रहा हूं और घूमने फिरने का भी शौकीन रहा और इस दौरान घूमते-फिरते भी फोटोग्राफी करता और उसको अपलोड करता था और धीरे-धीरे यही मेरा पैशन बन गया और उसके बाद तो मेरे फॉलोअर्स बढ़ने लगे और मैंने सबकुछ छोड़ पूरा फोकस कंटेंट क्रिएशन पर दिया, जिसमें मैं अब वीवो का मप्र एंबेसडर हूं, इसके साथ-साथ कई बड़े-बड़े मोबाइल फोन एंड कैमरे की कंपनियों के ऐड भी मैंने किए हैं।



**नाम**-प्रियांशु जैन
**फॉलोअर्स**- 1.75 लाख फॉलोअर्स

### ट्रैवल वीडियोग्राफी, ड्रोन और फेस्टिवल्स को करता हूं हाइलाइट

समिट आयोजक और क्रिएटर मयंक तिवारी के 1.25 लाख फॉलोअर्स हैं। उन्होंने कहा कि मैं पिछले सात सालों से सोशल मीडिया पर कंटेंट क्रिएट कर रहा हूं और मेरे अब 1.25लाख फॉलोअर्स हैं। जिसमें मैं ट्रैवल वीडियोग्राफी, के साथ-साथ ड्रोन और फेस्टिवल्स को भी अपने कंटेंट में शामिल करता हूं।



**नाम**- मयंक तिवारी
**फॉलोअर्स**- 1.25 लाख फॉलोअर्स

सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर दामिनी त्रिपाठी ने कहा कि मेरा बैचलर और पीजी मास कम्युनिकेशन में हुआ, लेकिन बैचलर सेकंड ईयर में ही में मार्केटिंग एजेंसी भी रन कर रही थी, तब मुझे लगा कि इसके लिए कंटेंट बनाना चाहिए और लोगों को सिखाना चाहिए कि अपने बिजनेस ग्रोथ के लिए मार्केटिंग की क्या स्ट्रेटजी होनी चाहिए, बस पिछले डेढ़ सालों से मैंना अपना पैशन और प्रोफेशन कंटेंट क्रिएशन को बनाया और धीरे-धीरे मेरे फॉलोअर्स और सब्सक्राइबर बढ़ते जा रहे हैं।



**नाम**- दामिनी त्रिपाठी
**फॉलोअर्स**- 737 हजार, इंस्टाग्राम और 2.6 लाख यूट्यूब सब्सक्राइबर

राजीव गांधी सभागार में हुआ आयोजन



## सुप्रतिष्ठित कवि-कथाकार संतोष चौबे सुदीर्घ सेवा सम्मान-2025 से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आकार वीडियोटेक के प्रतिष्ठित आयोजन 'आकार फिल्मोत्सव' में सुप्रसिद्ध कवि-कथाकार एवं विश्व रंग के निदेशक संतोष चौबे को साहित्य, कला, संस्कृति और हिंदी भाषा के वैश्विक प्रचार-प्रसार में किए गए अनुकरणीय योगदान के लिए सुदीर्घ सेवा सम्मान–2025 प्रदान किया गया। यह आयोजन श्यामला हिल्स स्थित राजीव गांधी सभागार, एनआईटीटीटीआर में हुआ।

समारोह में विश्व विख्यात ध्रुपद गायक पद्मश्री उमाकांत गुंदेचा मुख्य अतिथि। उनके साथ साहित्यकारों, कलाकारों, रंगकर्मियों, फिल्मकारों और संस्कृति प्रेमियों ने सहभागिता की। प्रतिष्ठित सुदीर्घ सेवा सम्मान-2025 से सम्मानित होने पर संतोष चौबे को विश्व रंग टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र, प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केन्द्र, टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, आईसेक्ट विश्वविद्यालय, वनमाली सृजन पीठ सहित अनेक सहयोगी संस्थाओं ने बधाई दी है।

## आईईएचई में माटी गणेश अभियान विद्यार्थियों ने बनाए मिट्टी के गणेश

**भोपाल।** हरित वसुंधरा फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक संस्कृति से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दिलीप चक्रवर्ती, जिला पर्यावरण अधिकारी भोपाल और डॉ. चिराग रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाओं के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने चरणबद्ध तरीके से मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाना सीखा और सुंदर प्रतिमाओं का निर्माण किया। इसके साथ ही संस्थान के कन्या छात्रावास ओजस्विनी में भी छात्राओं द्वारा मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाई गईं।



सिर्फ ताकत की नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति की भी परीक्षा

## मध्यप्रदेश के पहले साइक्लिस्ट वरुण नामदेव ने पूरा किया 'द ग्रेट हिमालयन अल्ट्रा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के धावक और एंड्योरेंस एथलीट वरुण नामदेव ने इतिहास रचते हुए मध्यप्रदेश से पहले साइक्लिस्ट बनने का गौरव हासिल किया है। जिन्होंने दुनिया की सबसे कठिन साइक्लिंग रेस में से एक द ग्रेट हिमालयन अल्ट्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह रेस लद्दाख की कठिन परिस्थितियों में आयोजित होती है, जहां प्रतिभागियों को लगातार बारिश, हड्डी कंपा देने वाली ठंडी हवाओं, 8 डिग्री तक गिरते तापमान, खराब सड़कों और 13,000 फीट से अधिक ऊंचाई वाले दर्रों से जूझना पड़ता है। इन तमाम कठिनाइयों के बावजूद वरुण ने हिम्मत और जज्बे के साथ फिनिश लाइन पार की।




### हर पैडल को बना दिया चुनौती

वरुण ने कहा कि यह सिर्फ ताकत की नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति की भी परीक्षा थी। ऊंचाई पर कम ऑक्सीजन, खराब मौसम और तेज हवाओं ने हर पैडल को चुनौती बना दिया, लेकिन मध्यप्रदेश के लिए यह उपलब्धि लाने का सपना मुझे आगे बढ़ाता रहा। उन्होंने कहा कि रेस तक का सफर भी आसान नहीं था। स्पॉन्सरशिप के लिए संघर्ष, भोपाल की बारिश में ट्रेनिंग, मात्र दो महीने पहले कार से टकराने के कारण लगी चोट, और रेस से ठीक पहले साइकिल में आई तकनीकी दिक्कतों के बावजूद वरुण ने हार नहीं मानी।

भक्ति सिद्धि और राम पुस्तक का लोकार्पण समारोह विश्व संवाद केंद्र में आयोजित

## भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक ग्रंथों का विशेष महत्व है : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अर्चना प्रकाशन न्यास भोपाल के तत्वावधान में वरिष्ठ लेखक श्रीराम माहेश्वरी की पुस्तक भक्ति सिद्धि और राम का लोकार्पण विश्व संवाद केंद्र शिवाजी नगर भोपाल में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष मप्र लोक सेवा आयोग अशोक पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक ग्रंथों का विशेष महत्व है।

भक्ति सिद्धि और राम पुस्तक में केवल आध्यात्मिक महत्व की बातें ही नहीं है, इसमें सामाजिक पहलुओं को भी समाहित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक को अच्छी संग्रहण और उपयोगी बताया है। कृति के रचनाकार श्रीराम माहेश्वरी ने पुस्तक की विषय वस्तु के संदर्भ में बताया कि भक्ति सिद्धि और राम पुस्तक में भक्ति का परिचय, मानस में नवधा भक्ति, श्रीमद् भागवत में भक्ति, श्रीमद्भगवत गीता में भक्ति तथा पूज्य संतों की राम भक्ति का विवरण प्रकाशित किया गया है। सिद्धि के अंतर्गत पतंजलि योगसूत्र में वर्णित अष्ट सिद्धियां, श्रीमद्भागवत में सिद्धियां उपनिषदों में वर्णित सिद्धियों का उल्लेख किया गया है। स्तुति, उपासना और सिद्धि की व्याख्या की गई है। अगले अध्यायों में भगवान श्रीराम की कथाओं का संक्षिप्त वर्णन है।




### रामायण-महाभारत और गीता भारत के महान ग्रंथः श्रीधर

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं संयोजक सप्रे संग्रहालय पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि रामायण-महाभारत और गीता भारत के महान ग्रंथ हैं। इनका पारायण करके मनुष्य आध्यात्मिक विकास कर सकता है। उन्होंने ग्रंथों की उपयोगिता बताते हुए आगे कहा कि लगभग दो शताब्दियों पहले भारत से सैकड़ों मजदूरों को छलपूर्वक मॉरीशस फिजी त्रिनिदाद आदि अनेक दीपों में उपनिवेशों में काम करने के लिए ले जाया गया था। यह मजदूर अपने साथ तुलसी का पौधा, गंगाजल और रामायण ले गए ले गए थे। भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की इन तीनों महान विरासतों ने उन्हें जीवित रखा, साथ ही उन्होंने बंजर द्वीपों को समृद्ध भी किया।

### भक्ति से सिद्धि प्राप्त होते ही व्यक्तित्व राममय हो जाता हैः तिवारी

विशिष्ट अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि भक्ति से सिद्धि प्राप्त होते ही व्यक्तित्व राममय हो जाता है। सारस्वत अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुदयाल मिश्र ने सिद्धियों के प्रकार व उनके योग में महत्व का वर्णन किया।

# योजना से 50 लाख नए रेहड़ी-पटरी वालों सहित 1.15 करोड़ लोगों को पहुंचेगा सीधा फायदा

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च 2030 तक मंजूरी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 7,332 करोड़ रुपए का व्यय के साथ रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च, 2030 तक के लिए मंजूरी दे दी. एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत पहली किस्त की ऋण सीमा 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए और दूसरी किस्त 20,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए कर दी गई है। जबकि तीसरी किस्त 50,000 रुपए बनी रहेगी। बयान के अनुसार, समय पर अपना दूसरा कर्ज चुकाने वाले रेहड़ी-पटरी वाले आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) से जुड़े रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए पात्र होंगे।

**7332** करोड़ रुपए वाली योजना को सरकार ने बढ़ाया आगे

पहले यह योजना 31 दिसंबर, 2024 तक वैध थी, अब आगे बढ़ा दिया

पहली किस्त की ऋण सीमा बढ़ाकर 15 हजार और दूसरी किस्त 25 हजार रुपए की



डिजिटल भुगतान करने वाले विक्रेताओं को 1600 रुपए तक का प्रोत्साहन मिलेगा

### विकल्प चुनने का लाभ

डिजिटल भुगतान का विकल्प चुनने वाले विक्रेताओं को 1,600 रुपए तक का प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। यह योजना पहले 31 दिसंबर, 2024 तक वैध थी। पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए रेहड़ी-पटरी वालों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। इस योजना का कार्यान्वयन आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग कसंयुक्त जिम्मेदारी होगी।

### आवास व शहरी कार्य मंत्रालय करेगा संचालन

आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय इस योजना का संचालन करेगा, जबकि वित्तीय सेवा विभाग बैंकों और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से कर्ज और क्रेडिट कार्ड तक पहुंच को सुगम बनाएगा. बयान में कहा गया है कि पुनर्गठित योजना में बढ़ी हुई ऋण राशि, यूपीआई-से जुड़ा रुपे क्रेडिट कार्ड, डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन और व्यापक भौगोलिक कवरेज शामिल है।

### रेहड़ी-पटरी वालों की क्षमता निर्माण पर भी ध्यान

यह उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल कौशल और विपणन पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेहड़ी-पटरी वालों की क्षमता निर्माण पर भी केंद्रित है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के साथ साझेदारी में, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मानक स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

### कोविड के दौरान सरकार ने शुरू की थी ये स्कीम

सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान कठिनाइयों का सामना करने वाले रेहड़ी-पटरी वालों की सहायता के लिए एक जून, 2020 को पीएम स्वनिधि योजना शुरू की थी. तीस जुलाई तक, 68 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को 13,797 करोड़ रुपए के 96 लाख से अधिक कर्ज वितरित किए जा चुके हैं।

### यूएलबी के 46 लाख लाभार्थियों का प्रोफाइल तैयार किया गया

स्वनिधि से समृद्धि पहल के तहत, 3,564 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के 46 लाख लाभार्थियों का प्रोफाइल तैयार किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 1.38 करोड़ से अधिक योजनाओं को मंजूरी दी गई है। बयान में कहा गया है कि इस योजना के विस्तार में व्यवसाय विस्तार और सस्टेनेबल ग्रोथ के अवसरों को समर्थन देने के लिए वित्त का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान कर रेहड़ी-पटरी वालों के समग्र विकास की परिकल्पना की गई है। इससे न केवल रेहड़ी-पटरी वालों को सशक्त बनाया जाएगा, बल्कि समावेशी आर्थिक विकास, रेहड़ी-पटरी वालों और उनके परिवारों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को भी बढ़ावा मिलेगा, उनकी आजीविका में वृद्धि होगी और अंततः शहरी क्षेत्रों को एक जीवंत, आत्मनिर्भर इकोसिस्टम में बदला जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### भूमि हस्तांतरण के आवेदनों की जांच होगी: हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मंत्रिमंडल ने बुधवार को अलग-अलग धर्मों के लोगों के बीच भूमि हस्तांतरण के आवेदनों की जांच के लिए एक विशेष संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दे दी। इसमें अंतिम अनुमति देने से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई पहलुओं पर गौर किया जाएगा।

### ओडिशा: इस्पात संयंत्र को दोबारा खोलने की मांग



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व वित्त मंत्री प्रफुल्ल चंद्र घड़ेई ने राज्य के सीएम मोहन चरण माझी से जाजपुर जिले के कलिंग नगर औद्योगिक परिसर में मिडईस्ट इंटीग्रेटेड स्टील्स लिमिटेड संयंत्र को फिर से खोलने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र लिखकर अपनी बात रखी।

### ठाणे में दो ट्रकों की टक्कर में पुलिसकर्मी घायल



**ठाणे।** शहर में बुधवार सुबह व्यस्त घोड़बंदर रोड पर दो कंटेनर ट्रकों की टक्कर में 36 वर्षीय एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। हादसे से इस व्यस्त मार्ग पर दो घंटे तक यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारी ने कहा हादसा गायमुख घाट के पास हुआ, एक कंटेनर ट्रक डिवाइडर लांघकर विपरीत दिशा से आ रहे वाहन से टकरा गया।

### वोट बैंक की राजनीति चल रही है: मरांडी



**रांची।** भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के अपने वोट बैंक के लिए एसआईआर का विरोध करने का आरोप लगाया। विपक्ष के नेता मरांडी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया।

## 'ऑपरेशन महादेव' में शामिल जवानों को गृहमंत्री ने किया सम्मानित

# ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में संतुष्टि आई, जिसे ऑपरेशन महादेव ने आत्मविश्वास में बदल दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षाकर्मियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किए। इस मौके जवान भी काफी उत्साहित दिखे

दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन महादेव में शामिल जवानों को सम्मानित किया। संयुक्त ऑपरेशन महादेव में भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। इस दौरान शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंकी सरगनाओं को भारतीय नागरिकों की जान से खेलने के दुष्परिणामों का स्पष्ट संदेश दिया। हमारे सैनिकों ने दुनिया को दिखा दिया कि आतंकवादी चाहे कोई भी रणनीति अपनाएं, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में संतुष्टि आई, जिसे ऑपरेशन महादेव ने आत्मविश्वास में बदल दिया।

शाह ने यह बात भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को सम्मानित करते हुए कही, जिन्होंने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। इसके जवाब में सशस्त्र बलों ने मई में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों पर जवाबी कार्रवाई की गई थी। ऐसे ही ऑपरेशन महादेव के जरिए सुरक्षा बलों ने जुलाई में पहलगाम नरसंहार में शामिल आतंकवादियों का सफाया कर दिया था। शाह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को भारतीय नागरिकों की जान से खेलने के परिणामों के बारे में एक स्पष्ट संदेश दिया है। गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दुनिया को दिखा दिया है कि आतंकवादी चाहे कितनी भी रणनीति अपनाएं, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब कश्मीर में पर्यटन चरम पर था तब पटरी से उतारने का एक असफल प्रयास था।

**आतंक के आकाओं को दिया था स्पष्ट संदेश**

कश्मीर मिशन को पटरी से उतारने का असफल प्रयास



**ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए आतंकी**

शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की फॉरेंसिक लैब ने साबित कर दिया है कि ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए आतंकवादी वही थे जिन्होंने पहलगाम में नरसंहार को अंजाम दिया था। गृह मंत्री ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरे देश की ओर से मैं भारतीय नागरिकों के दिलों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए सुरक्षा बलों को बधाई देता हूं।

### सुरक्षा बलों के प्रति आभार

गृह मंत्री ने कहा, चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी ने ऑपरेशन सिंदूर और महादेव को लेकर खुशी और उत्साह महसूस किया और सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में यही विश्वास भारत की हर क्षेत्र में दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की आकांक्षा का आधार है।

### जवानों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उन जवानों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया, जिन्होंने 'ऑपरेशन महादेव' के तहत 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया और पाकिस्तानी समर्थित तीनों आतंकवादियों को ढेर किया था। गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाकर्मियों की बहादुरी और पीड़ित परिवारों के दर्द और पीड़ा को कम करने के लिए उनकी सराहना की। गृह मंत्री ने सशस्त्र बलों, सीआरपीएफ कमांडो और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों को सम्मानित किया। गृह मंत्री ने सभी सुरक्षाकर्मियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किए। ऐसा माना जा रहा है कि 'ऑपरेशन महादेव' टीम ने तीन महीने तक चले इस ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने में आई चुनौतियों और अनुभवों को भी गृह मंत्री के साथ साझा किया।

## मदद न मिलने से बढ़ी थी नाराजगी

# गुस्साए ग्रामीणों ने मंत्री विधायक को दौड़ाया मुश्किल से बची जान



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के नालंदा जिले में उस समय हड़कंप मच गया, जब बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और हिलसा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया पर आक्रोशित ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। इस हमले में एक सुरक्षाकर्मी घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, हाल ही में पटना के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के पीड़ित परिवारों से मिलने और संवेदना प्रकट करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री और विधायक मंगलवार की सुबह हिलसा प्रखंड के मलावां गांव पहुंचे थे। लेकिन गांव पहुंचते ही पहले से नाराज़ ग्रामीणों ने नेताओं का घेराव कर लिया। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क हादसे जैसी बड़ी त्रासदी में विधायक ने परिवारों के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई और न ही किसी तरह की ठोस मदद दी। इसी गुस्से का इजहार करते हुए भीड़ ने अचानक मंत्री और विधायक पर हमला कर दिया।

### मौके पर कड़ी सुरक्षा

हालात इतने बिगड़ गए कि दोनों जनप्रतिनिधियों को किसी तरह मौके से जान बचाकर भागना पड़ा। ग्रामीणों के आक्रोश और हमले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं घायल सिपाही को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जदयू प्रवक्तता धनंजय देव ने बताया की स्थानीय लोग विधायक के कार्य शैली से नाराज थे, यह हमला विधायक पर हुआ. फिलहाल भारी संख्या में पुलिस बल घटना स्थल पर पहुचकर कैम्प कर रही है।

**2002 की हिंसा पर सिख नेता का बड़ा दावा**

# गुजरात दंगे स्वाभाविक थे... मोदी ने लोगों को बचाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व राज्यसभा सांसद और सिख मुद्दों के वकील तरलोचन सिंह ने दावा किया है कि 2002 के गुजरात दंगे लोगों की सामान्य अभिव्यक्ति थे और राज्य सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा कि 2002 का गुजरात दंगा दिल्ली में 1984 के सिख दंगों की तरह प्रायोजित नहीं था। तरलोचन सिंह राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रहे हैं और गुजरात दंगों के समय वहां का दौरा किया था। पॉडकास्ट में तरलोचन सिंह ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस समय गुजरात को जलने से बचा लिया। यदि उन्होंने साबरमती एक्सप्रेस अग्निकांड में जले कारसेवकों के शवों को उनके गांव ले जाने की इजाजत दे दी होती तो पूरा गुजरात जल उठता। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा, मैं गुजरात दंगों के समय अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष था। मैं वहां पहुंचने वाला पहला व्यक्ति हूं। मैंने सारी जांच की, किसी को इसके बारे में पता नहीं है। मुझे 2000 में अध्यक्ष (राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के लिए) नियुक्त किया गया था और गुजरात दंगे 2002 में हुए थे।

मैं छह साल तक अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष रहा। मेरे पास गुजरात त्रासदी पर एक पुस्तिका है। यह छपी थी और मोदी ने 500 प्रतियां वितरित करने का आदेश दिया था। मैंने दिल्ली के दंगों की तुलना गुजरात से की थी। तरलोचन सिंह ने स्थिति को संभालने के लिए तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की।

*ईडी के छापे पर सौरभ भारद्वाज का तंज*

## कहां हैं मेरे 13 ठिकाने? कम से कम मुझे तो बताओ, कब्जा दिला दो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को दिल्ली एनसीआर में आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा। ये रेड स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में कथित घोटालों से जुड़े मामले में हुई है। इन ठिकानों को लेकर सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सवाल किया कि भाई 13 ठिकानें, जहां ईडी के छापे पड़े हैं, कहां हैं? सौरभ ने अपनी बात को दोहराते हुए कहा, मेरे ही 13 ठिकानों पर कल छापा पड़ा और मुझे ही कब्जा में नहीं दे रहे। कम से कम मुझे कब्जा तो दिलाओ, उन्हें बेचूं। सौरभ ने आगे बताया कि मेरी बेटी पूछ रही है, पापा डू यू हैव एन ऑफिस? इस पर मैंने कहा कि बेटा वो सरकारी है।

**भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान कार्यकर्ता गोष्ठी में बोले केन्द्रीय कृषि मंत्री**

# गेहूं और जौ उत्पादन बढ़ाने के साथ लागत घटाना भी जरूरी: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत आज गेहूं और चावल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है, लेकिन उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ लागत घटाना भी उतना ही जरूरी है ताकि खेती लाभकारी बन सके।

वे मंगलवार को ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित '64वीं अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान कार्यकर्ता गोष्ठी' को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। चौहान ने गोष्ठी की शुरुआत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के शताब्दी वर्ष का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि देश में खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में उनका योगदान अविस्मरणीय है।



उन्होंने किसानों की मेहनत को नमन करते हुए कहा कि किसानों के परिश्रम और वैज्ञानिकों के शोध के बल पर भारत आज वैश्विक स्तर पर मजबूत कृषि राष्ट्र के रूप में खड़ा है।

कृषि मंत्री ने बताया कि बीते 10-11 वर्षों में गेहूं का उत्पादन 86.5 मिलियन टन से बढ़कर 117.5 मिलियन टन हो गया है।

### नुकसान पहुंचाने वाली कंपनियों के लाइसेंस रद्द

उन्होंने बताया कि जिन कंपनियों के उत्पाद से फसल को नुकसान हुआ है, उनके लाइसेंस रद्द किए जा रहे हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। कृषि मंत्री ने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों के लिए एकीकृत खेती ही लाभकारी रास्ता है, जिसमें खेती के साथ पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन और बागवानी को जोड़ना होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग दें।

**दोनों भाइयों के बीच हिंदी भाषा बनी सुलह की वजह**

# गणेश उत्सव पर मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के घर पहुंचे शिवसेना प्रमुख

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे एक साथ आ गए हैं। हिंदी भाषा को लेकर महाराष्ट्र में पिछले दिनों विवाद छिड़ा हुआ था। इसी के जरिए दोनों के बीच सुलह की राह खुली। जिसके बाद बीते महीने 5 जुलाई को दोनों ने मंच साझा किया था।

और फिर उद्धव ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर उनको बधाई देने के लिए उनके घर मातोश्री राज ठाकरे पहुंचे थे। हालांकि हाल में हुए मुंबई में हुए बेस्ट एम्प्लाइज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के चुनाव में दोनों के गठबंधन को बुरी तरह हार हुई थी। महाराष्ट्र की राजनीति में इसको लेकर तमाम तरह की कयास बाजी लगाई जा रही हैं।



### दोनों भाई तीसरी बार साथ नजर आए

इसी बीच गणेश पूजा के मौके पर उद्धव बुधवार राज ठाकरे के आवास 'शिवतीर्थ' पहुंचे। मुंबई के दादर इलाके में स्थित अपने आवास पर राज ठाकरे हर साल गणेश उत्सव की पूजा करते हैं। इस कार्यक्रम में उद्धव अपने बेटे आदित्य ठाकरे और पत्नी रश्मि के साथ पहुंचे थे। साल 2024 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान शिवसेना (यूबीटी) को मिली हार के बाद दोनों भाई एक साथ आए है। दोनों का साथ आना आगामी बीएमसी चुनाव के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही दोनों के बीच लंबे समय से चल रही राजनीतिक खींचतान भी समाप्त होते नजर आ रही है। दोनों भाई तीसरी बार साथ नजर आए हैं।

## राहुल का आरोप: गुमनाम पार्टियां डकार गईं 4300 करोड़

# क्या चुनाव आयोग जांच करेगा- या फिर यहां भी पहले एफिडेविट मांगेगा?

एजेंसी ▶▶ पटना

गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना - लेकिन 4300 करोड़ का चंदा मिला! इन पार्टियों ने बहुत ही कम मौकों पर चुनाव लड़ा है, या उन पर खर्च किया है। ये हजारों करोड़ आए कहां से? और पैसा गया कहां? क्या चुनाव आयोग जांच करेगा - या फिर यहां भी पहले एफिडेविट मांगेगा? या फिर कानून ही बदल देगा? ये शब्द नेता विपक्ष राहुल गांधी के हैं। उन्होंने एक्स पर बुधवार को यह लिखा है। राहुल ने न सिर्फ लिखा बल्कि बिहार के मुज्जफरपुर की रैली में बुधवार को कहा कि गुजरात अपने आप में कोई आर्थिक मॉडल नहीं है। बल्कि यह चुनाव और चंदा चोरी का मॉडल है। राहुल गांधी ने चुनावी चंदे पर चुनाव आयोग को क्यों घेरा है। अन्य लोग भी सोशल मीडिया पर गुजरात के चुनावी चंदा चोरी फ्रॉड पर टिप्पणियां कर रहे हैं।

वोट अधिकार यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

### बाइक पर दिखे बहन-भाई



एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक महीना पहले इस चुनावी चंदा फ्रॉड की रिपोर्ट दी थी और बताया था कि पांच गुमनाम पार्टियों को यह पैसा मिला था। लेकिन गुजरात के अखबारों ने अब बताया है कि गुजरात की 10 गुमनाम पार्टियों को यह चंदा मिला है। एडीआर के अनुसार, भारत में रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आमदनी में भारी बढ़ोतरी हुई है।

**गुजरात में चुनावी चंदा वसूली का कमाल**

गुजरात में पिछले पाँच वर्षों में तीन चुनावों में पांच ऐसे दलों ने कुल मिलाकर केवल 22,000 वोट हासिल किए, फिर भी उन्होंने 2,316 करोड़ की संयुक्त आय घोषित की। अकेले एक वित्तीय वर्ष में, इन दलों की आय 1,158 करोड़ थी। उच्च आय के बावजूद, इन दलों ने 2019 से 2024 के बीच दो लोकसभा चुनावों और एक विधानसभा चुनाव में केवल 17 उम्मीदवार ही मैदान में उतारे- जिनमें से कोई भी नहीं जीता। इन पांच दलों में से कई सारे 2018 के बाद रजिस्टर्ड हुए थे।

### गुजरात के 10 गुमनाम दलों को कितना मिला

इन गुमनाम दलों में लोकशाही सत्ता पार्टी को 1045 करोड़, भारतीय नेशनल जनता दल को 962 करोड़, स्वतंत्र अभिव्यक्ति पार्टी को 663 करोड़, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी को 608 करोड़, सत्यवादी रक्षक पार्टी को 416 करोड़, भारतीय जनपरिषद को 249 करोड़, सौराष्ट्र जनता पक्ष को 200 करोड़, जनमन पार्टी को 133 करोड़, मानवाधिकार नेशनल पार्टी 120 करोड़, गरीब कल्याण पार्टी को 138 करोड़ रुपए का चुनावी चंदा मिला था।


जम्मू में तवी नदी का जलस्तर बढ़ने से पुल ढह गया

### पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश ने मचाया कहर, जन-जीवन अस्त व्यस्त

# नदियां उफान पर, कई जगह बाढ़, मलबा और भूस्खलन जम्मू में 296 मिमी बारिश, 115 साल का रिकॉर्ड टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश ने कई राज्यों में कहर मचा दिया है। जम्मू क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में पिछले 24 घंटों में लगातार बारिश जारी रही। भूस्खलन, निचले इलाकों में जलभराव और कई सड़कें तथा पुल बह गए। जम्मू में बारिश का 115 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार सुबह 8:30 बजे से बुधवार सुबह 8:30 बजे तक यहां 296 मिलीमीटर बारिश हुई। 52 साल पहले 1973 में 9 अगस्त को 272.6 मिलिमीटर बारिश हुई थी। जम्मू क्षेत्र में सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि तवी, चिनाब, उझ, रावी और बसंतर सहित लगभग सभी नदियां खतरे के निशान से कई फीट ऊपर बह रही हैं। किश्तवाड़ जिले के सुदूर मार्गी इलाके में अचानक आई बाढ़ में 10 रिहायशी घर और एक पुल बह गया, लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। जम्मू-कश्मीर के रामबन में पत्थर और मलबे से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद है।

- रामबन में मलबे से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद

◆ *पंजाब में सीआरपीएफ जवानों को हेलिकॉप्टर से किया रेस्क्यू, हिमाचल में पर्यटक फंसे, लेह एयरपोर्ट बंद किया*

**किश्तवाड़ में 10 रिहायशी घर और एक पुल बहा**

## 10000 से अधिक लोगों को बचाया गया

*जम्मू क्षेत्र में 10,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है, जबकि बचाव एजेंसियां और प्रशासन बाढ़ प्रभावित जम्मू व सांबा जिलों में फंसे लोगों तक पहुंचने के प्रयास में जुटा है। क्षेत्र में बुरी तरह प्रभावित हुई जलापूर्ति, बिजली और इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन स्कूल-कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया गया है। जम्मू में पिछले 24 घंटों में 380 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1910 में वेधशाला की स्थापना के बाद से 24 घंटे की अवधि में जम्मू में दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है।*

### कठुआ में सीआरपीएफ ऑफिस क्षतिग्रस्त

रावी नदी के किनारे स्थित कठुआ में सीआरपीएफ 121 बटालियन ऑफिस को नुकसान पहुंचा है। ऑफिस को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। कठुआ के डीसी राजेश शर्मा ने बताया कि यहां पिछले 36 घंटों से लगातार बारिश हो रही है। इस वजह से सभी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और वे खतरे के निशान पर बह रही हैं।

### भारत ने पाक को बाढ़ के खतरे की नई चेतावनी जारी की

भारत ने तवी नदी में बाढ़ की "अत्यधिक आशंका" को लेकर पाकिस्तान को नए अलर्ट जारी किए हैं। वहीं, उत्तरी राज्यों में लगातार बारिश के कारण प्रमुख बांधों से अतिरिक्त पानी छोड़ना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि विदेश मंत्रालय के माध्यम से इस्लामाबाद भेजे गए ये अलर्ट "मानवीय आधार" पर जारी किए गए हैं। पहला अलर्ट सोमवार को जारी किया गया था। एक सूत्र ने बताया कि हमने मंगलवार) और बुधवार तवी नदी में बाढ़ की उच्च आशंका के मद्देनजर एक और अलर्ट जारी किया। भारतीय क्षेत्रों में हो रही अत्यधिक बारिश के कारण कुछ बांधों के फाटक खोलने पड़े। तवी नदी हिमालय से निकलती है और पाकिस्तान में चिनाब नदी में मिलने से पहले जम्मू संभाग से होकर गुजरती है। जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ने के कारण अधिकारियों के पास प्रमुख जलाशयों के फाटक खोलने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

### करतारपुर साहिब कॉरिडोर में भरा पानी

पंजाब में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। बांधों से पानी छोड़ने के कारण बुधवार को पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर और फाजिल्का में बाढ़ आ गई। रावी नदी में बाढ़ के चलते करतारपुर साहिब कॉरिडोर में भी 7 फीट तक पानी भर गया है। पाकिस्तान का श्री करतारपुर साहिब गुरुद्वारा में भी पानी भर गया है।


माधोपुर हैडवर्क्स में रेस्क्यू के बाद बिल्डिंग गिरी

### सेना ने लोगों को बचाया

पंजाब के पठानकोट के माधोपुर हेडवर्क्स में सेना ने रावी नदी में आई बाढ़ के बाद पानी से घिरी एक जर्जर बिल्डिंग से 22 सीआरपीएफ जवानों और 3 नागरिकों का हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के लिए सेना का हेलिकॉप्टर जर्जर बिल्डिंग की छत पर उतरा था। छत से उड़ान भरने के बाद ही बिल्डिंग का अगला हिस्सा पानी में समा गया। इसके बाद भी सेना ने जर्जर बिल्डिंग की छत पर फंसे सभी लोगों को बचाया।



### स्कूल में पानी भरा, 400 लोग फंसे

*गुरदासपुर के डबुरी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में 400 से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स बाढ़ में फंस गए हैं। स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर 5 फीट पानी भर गया है। बच्चों को फर्स्ट फ्लोर पर रखा गया है। स्टूडेंट्स और टीचर्स को निकालने के लिए एनडीआरएफ और सेना की टीमें भेजी गई हैं। राज्य में भारी बारिश के चलते सभी स्कूलों को 30 अगस्त तक बंद करने के आदेश दिए गए हैं।*

### चंडीगढ़ और मनाली के बीच पर्यटक फंसे

हिमाचल प्रदेश में ब्यास नदी ने चंडीगढ़-मनाली फोरलेन को जगह-जगह तहस नहस किया है। इसे बहाल होने में 2 दिन लग सकते हैं। चंडीगढ़ और मनाली के बीच काफी संख्या में पर्यटक फंसे हुए हैं। स्थानीय लोग उनके लिए खाने का प्रबंध कर रहे हैं। मंगलवार को कुल्लू-मनाली और मंडी में रेस्टोरेंट और 20 से ज्यादा घर-दुकानें ब्यास नदी में समा गए। सड़कों को नुकसान पहुंचने की वजह से कुल्लू का दूसरे जिलों से संपर्क कट गया है।


जम्मू की गुज्जर कॉलोनी

तवी नदी में बाढ़ से राजीव कॉलोनी और जम्मू विश्वविद्यालय पर सबसे ज्यादा असर दिखा है। यहां करीब 300 परिवार रहते हैं। जलभराव से कई परिवार घर छोड़कर सुरक्षित जगह चले गए हैं। जम्मू विश्वविद्यालय के हॉस्टल को खाली करवा दिया है। राजीव कॉलोनी और गुज्जर कॉलोनी में ज्यादातर घरों के निचले तल जलमग्न हो गए हैं।


हिमाचल में ओल्ड मनाली में घर नदी में समा गया

### हिमाचल में कई मकान ढहे

*हिमाचल प्रदेश में पिछले 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश से काफी नुकसान पहुंचा है। कांगड़ा में देहरा की ध्वाला पंचायत में बुधवार सुबह 11 बजे के करीब करनैल सिंह का 3 कमरों का मकान गिर गया। इसमें एक गाय की मौत हो गई। बिलासपुर जिले की मंझेड़ पंचायत में भारी बारिश के बाद एक मकान धराशायी हो गया। प्रदेश में चंबा के होली क्षेत्र में रावी नदी में एक मकान नदी में समा गया। इससे एक दिन पहले ओल्ड मनाली में पानी के तेज बहाव में एक घर नदी में समा गया।*

***लेह एयरपोर्ट का रनवे बंद, फ्लाइट्स रद्दः*** *खराब मौसम के कारण लेह एयरपोर्ट का रनवे बंद हो गया है। लेह में 27 अगस्त को सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं।*

### गूगल मैप के कारण नदी में बही वैन, 9 में से 3 की मौत, 1 लापता

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक वैन गूगल मैप के कारण बनास नदी की टूटी पुलिया से बह गई। इसमें एक ही परिवार के 9 लोग थे। नदी के बहाव के कारण वैन 300 मीटर तक बह गई। हादसे में एक 4 साल के बच्ची और 2 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, एक महिला अब भी लापता है। परिवार के 5 लोगों ने वैन पर चढ़कर जान बचाई।

---

## खबर संक्षेप

### अफगानिस्तान में पलटी बस, 25 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार तड़के एक यात्री बस पलट जाने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह काबुल के अरघंडी इलाके में हुई। बस दक्षिणी अफगानिस्तान से हेलमंद और कंधार के यात्रियों को लेकर आ रही थी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि यह दुर्घटना लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई, जिसमें 27 लोग घायल भी हुए हैं।

### इजराइली ड्रोन से सीरिया में हमला, 6 की मौत



**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इजराइली ड्रोन हमलों में 6 सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। मंगलवार को दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। इसमें छह सैनिकों की जान गई। दिसंबर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इजराइल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है।

---

### खिसियाए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, अब जेलेंस्की पर निकाल रहे गुस्सा

*रूस और यूक्रेन में सुलह कराने में नाकाम रहा यूएस, अब दोनों देशों को चेतावनी देने लगा*

# बोले- यूक्रेन पर ही लगा दूंगा बैन, आर्थिक जंग की धमकी

*ट्रंप ने कहा कि युद्ध हमेशा दो पक्षों के बीच होता है और एक अकेले को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की भी निर्दोष और मासूम नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि हजारों लोग ज्यादातर युवा, हर हफ्ते मर रहे हैं। अगर मैं उन्हें बचा सकता हूं तो प्रतिबंध लगाकर*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

यूक्रेन जंग में सुलह कराने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सारे तरीके विफल होते नजर आ रहे हैं। बीते दिनों रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अलास्का में हुई बैठक के बाद भी रूस और यूक्रेन के बीच अब तक कोई समझौता नहीं हो पाया है। इस बीच अब खिसियाए ट्रंप ने यूक्रेन को धमकी दे दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर जल्द से जल्द कोई हल नहीं निकला तो वह यूक्रेन पर भी कड़े प्रतिबंध और टैरिफ लगा देंगे।

मंगलवार को वाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि युद्ध हमेशा दो पक्षों के बीच होता है और एक अकेले को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की भी निर्दोष और मासूम नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि हजारों लोग ज्यादातर युवा, हर हफ्ते मर रहे हैं। अगर मैं उन्हें बचा सकता हूं तो प्रतिबंध लगाकर। सिर्फ अपने तरीके से। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध रूस और यूक्रेन को बहुत मंहगा पड़ेगा।

**खास बातें**

- जंग खत्म नहीं की तो आर्थिक युद्ध शुरू करेगा अमेरिका
- अमेरिका के प्रतिबंध रूस और यूक्रेन को बहुत मंहगा पड़ेंगे



**ट्रंप के सारे हथकंडे फेल**

बता दें, दूसरी बार राष्ट्रपति बनते ही इस जंग को रुकवाने का वादा करने वाले ट्रंप अब तक कोई समाधान नहीं निकाल पाए हैं, जिसके बाद अब उनकी निराशा खुलकर सामने आ रही है। ट्रंप ने बीते सप्ताह पुतिन, जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ आमने-सामने बैठकर चर्चा की थी। हालांकि एक सप्ताह से भी ज्यादा समय बाद भी जंग रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। वाइट हाउस ने एक बयान में यह भी कहा कि पुतिन जेलेंस्की के साथ बैठक के लिए सहमत हो गए हैं और इसकी योजना बनाई जा रही है। हालांकि रूस की तरफ से इसकी कभी पुष्टि नहीं की गई।

### ट्रंप की यूरोपीय देशों को फिर से धमकी

#### *डिजिटल टैक्स लगाया तो एक्स्ट्रा टैरिफ लगाऊंगा*

*ट्रंप ने उन देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, जो अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स लगाते हैं। ट्रंप ने कहा कि यदि डिजिटल टैक्स को खत्म नहीं किया गया तो, उन देशों के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। डिजिटल टैक्स लगाने वालों में यूरोप के कई देश शामिल हैं। ट्रंप ने इसे अमेरिकी तकनीक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैं उन सभी देशों को चेतावनी देता हूं, जो डिजिटल टैक्स, कानून, नियम या विनियम लागू करते हैं। यदि ये भेदभावपूर्ण कदम नहीं हटाए गए, तो मैं उनके निर्यात पर भारी अतिरिक्त टैरिफ लगाऊंगा और हमारी अत्यधिक संरक्षित तकनीक व चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध लागू करूंगा। ट्रंप इससे पहले भी डिजिटल टैक्स पर कनाडा और फ्रांस जैसे देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं। ट्रंप प्रशासन यूरोपीय संघ या उसके सदस्य देशों के उन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है, जो ब्लॉक के ऐतिहासिक डिजिटल सर्विसेज एक्ट को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं।*

#### बहुत गंभीर परिणाम की दी चेतावनी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह चेतावनी भी दी है कि अगर जंग को खत्म नहीं किया गया तो आर्थिक युद्ध शुरू हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि अगर संघर्ष जारी रहा, तो इसके बहुत गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने कैबिनेट सदस्यों के साथ एक बैठक में कहा कि यह विश्व युद्ध नहीं होगा, बल्कि यह एक आर्थिक युद्ध होगा और आर्थिक युद्ध बहुत बुरा होगा। यह रूस के लिए भी बुरा होगा और मैं ऐसा नहीं चाहता।

---

### ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री बोलीं

## टैरिफ पर ट्रंप प्रशासन को नई दिल्ली से संवाद करना चाहिए


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारत के साथ बेहतर संबंधों पर जोर दिया है। वोंग ने क्वाड ढांचे के भीतर साझा रणनीतिक उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच गहरी होती साझेदारी पर जोर दिया। वोंग ने कहा कि क्वाड के सदस्य- भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका अपने अलग दृष्टिकोण के साथ भारत हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि देते हैं।

खासतौर से भारत का हिंद महासागर पर एक नजरिया है। वोंग ने भारत से दोस्ती की यह बात ऐसे समय कही है, जब अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले के चलते दिल्ली और वॉशिंगटन के रिश्ते तनावपूर्ण हैं। वोंग ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ अपनी बातचीत का हवाला देते हुए दिल्ली के साथ अच्छे संबंधों पर जोर दिया। भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव पर वोंग ने कहा कि बातचीत को जरिए चीजों को हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन को भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिए संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए।

#### वाणिज्य मंत्रालय निर्यातकों के साथ करेगा बैठक

***नई दिल्ली।*** *वाणिज्य मंत्रालय नए बाजारों में निर्यात को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा के लिए इस सप्ताह रसायन, रत्न एवं आभूषण सहित विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों के साथ बैठकें करेगा। इसका मकसद उद्योगों को भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत के भारी अमेरिकी शुल्क से बचाना है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि 2025-26 के बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन तैयार करने पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले दो-तीन दिन में मंत्रालय अन्य देशों को निर्यात बढ़ाने पर संबंधित पक्षों के साथ बैठक करेगा। अमेरिका को निर्यात किये जाने वाले उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगेगा। इससे 48 अरब डॉलर से अधिक के निर्यात पर असर पड़ेगा। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के उच्च आयात शुल्क का प्रतिकूल असर जिन क्षेत्रों पर पड़ेगा, उनमें कपड़ा/वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, झींगा, चमड़ा और जूते, पशु उत्पाद, रसायन, तथा इलेक्ट्रिकल एवं यांत्रिक मशीनरी शामिल हैं।*

#### टैरिफ नहीं, खुलेपन की जरूरत

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने आर्थिक मोर्चों पर टैरिफ को लेकर ऑस्ट्रेलिया के विरोध को व्यक्त किया। उन्होंने विकास को गति देने के लिए खुलेपन की वकालत की। उन्होंने कहा कि दुनिया में खुलेपन के जरिए ज्यादा तेजी से तरक्की का रास्ता खुल सकता है। किसी एकतरफा फैसले या सख्ती की बजाए खुलेपन से चीजें किया जाना ज्यादा बेहतर होगा।

---

### सेनाओं में तालमेल लाने और सुरक्षा चुनौतियों का सटीकता से दे सकेंगे जवाब

*एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के डॉक्ट्रिन डायरेक्टरेट के तत्वावधान में तैयार किया गया*

## विशेष बलों के संचालन और अभियानों के लिए 'संयुक्त सिद्धांत' जारी किए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने मप्र के डॉ.अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित त्रि-सेवा सेमिनार रण संवाद के दौरान विशेष बल और एयरबोर्न एवं हेलीबोर्न संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांतों का विमोचन किया। कार्यक्रम में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और थल सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह उपस्थित थे। तीनों सेनाओं की भागीदारी से एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के डॉक्ट्रिन डायरेक्टरेट के तत्वावधान में तैयार किए ये सिद्धांत विशेष बल मिशनों और हवाई अभियानों के संचालन के लिए मार्गदर्शन, परिचालन अवधारणाओं और अंतर-संचालन ढांचे को निर्धारित करेंगे।

*विशेष बल मिशनों और हवाई अभियानों के संचालन के लिए मार्गदर्शन मिलेगा*



#### परिचालन क्षमता बढ़ेगी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष चौहान ने तीनों सेनाओं की पेशेवराना अंदाज, अनुकूलनीयता और परस्पर जुड़ाव को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की तथा कहा कि ये सिद्धांत उभरते युद्धक्षेत्र में योजनाकारों, कमांडरों और ऑपरेटरों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों का प्रकाशन संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाने, सभी सेनाओं में तालमेल लाने और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सटीकता और दृढ़ता के साथ सामना करने की तत्परता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

### बहुपक्षीय युद्धाभ्यास, जिसका आयोजन प्रत्येक दो वर्ष में किया जाता

*28 अगस्त से लेकर 10 सितंबर तक चलेगा*

## ब्राइट स्टार अभ्यास की आज शुरुआत 700 से अधिक सशस्त्र बल भाग लेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और सीमाई चुनौती के बीच आज गुरुवार से सशस्त्र बलों के 'ब्राइट स्टार-2025' अभ्यास की शुरुआत होगी। जो एक बहुपक्षीय अभ्यास है। जिसमें सशस्त्र बलों और मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) के 700 से अधिक सैन्यकर्मियों की भागीदारी देखने को मिलेगी। यह अभ्यास 28 अगस्त से लेकर 10 सितंबर तक चलेगा।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस अभ्यास में सैन्य गतिविधियों की एक व्यापक श्रृंखला देखने को मिलेगी। जिसमें तीनों सशस्त्र (सेना, वायुसेना और नौसेना) सेनाएं लाइव फायरिंग के जरिए अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी, संयुक्त योजना, निर्णय लेने व परिचालन संबंधी समन्वय को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कमांड पोस्ट अभ्यास किया जाएगा।

इसके अलावा तीनों सेनाओं द्वारा आधुनिक युद्ध के तमाम पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए छोटा प्रशिक्षण अभ्यास और समकालीन सैन्य अभियानों के विभिन्न क्षेत्रों पर विषयवस्तु विशेषज्ञों के साथ बातचीत इसका हिस्सा होगी।

#### 1980 में हुई थी शुरुआत

मंत्रालय ने बताया कि ब्राइट स्टार अभ्यास वर्ष 1980 में मिस्र ने अमेरिका के साथ मिलकर शुरू किया था। यह एक बहुपक्षीय अभ्यास है। जिसे क्षेत्र के सबसे बड़े त्रि-सेवा बहुपक्षीय अभ्यासों में से एक माना जाता है। इसका आयोजन प्रत्येक दो वर्ष में किया जाता है। पिछली बार यह वर्ष 2023 में आयोजित किया गया था। जिसमें भारत के साथ ही कई देशों के सैनिकों ने एक साथ भाग लिया था।

#### भारत की भागीदारी का महत्व

अभ्यास में भारतीय सशस्त्र बलों की भागीदारी क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुरक्षा के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही यह मित्र देशों के साथ संयुक्तता, अंतर-संचालन और सहयोग को भी बढ़ाती है।



# इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद अश्विन ने अब आईपीएल को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा की, जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही महीनों के भीतर इस टूर्नामेंट के साथ उनके 16 साल लंबे जुड़ाव का अंत हो गया।

अश्विन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह घोषणा की।रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से रिटायर होने का फैसला किया है। टीम इंडिया के दिग्गज ऑफ स्पिनर रहे अश्विन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में खेल के नए अनुभवों का उनका सफर आज से शुरू हो रहा है। अश्विन ने 18 दिसंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था, तब उन्होंने आईपीएल में खेलते रहने की बात कही थी। वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे, जहां उन्होंने 9 मैचों में 7 विकेट लिए और 33 रन बनाए। 2025 में सीएसके के संघर्ष के बीच अश्विन अन्य विवादों में भी शामिल रहे। हाल में उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को लेकर भी टिप्पणी की थी, जहां उन्होंने कहा था कि उनको ज्यादा पैसे दिए गए थे। बाद में उन्होंने इस मामले में सफाई दी थी।



## अश्विन बोले- हर अंत एक नई शुरुआत

अश्विन ने 'एक्स' पर लिखा, 'कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है लेकिन विभिन्न लीग में खेल की खोज करने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और सबसे महत्वपूर्ण आईपीएल और बीसीसीआई को उन चीजों के लिए जो उन्होंने अब तक मुझे दीं। आगे जो भी मेरे सामने है उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं।' अश्विन की सुपरकिंग्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में भावुक सराहना की।

## आईपीएल कॅरियर

38 साल के ऑफ स्पिनर अश्विन ने 221 आईपीएल मैचों में 187 विकेट निकाले। इनका इकोनॉमी रेट 7.20 का रहा। उनकी बेस्ट गेंदबाजी 4/34 रही। इसके अलावा 98 पारियों में 833 रन बनाए। उच्चतम स्कोर 50 रहा। अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग में 5 टीमों के लिए चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेले थे। उन्होंने टूर्नामेंट में पंजाब की कप्तानी भी की थी।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रिकॉर्ड

**टेस्ट रिकॉर्ड**

गेंदबाजी : 106 टेस्ट
537 विकेट
बेस्ट बॉलिंग : 13/140
बल्लेबाजी :
106 टेस्ट, 151 पारी,
3503 रन, 124 सर्वश्रेष्ठ

**वनडे रिकॉर्ड**

गेंदबाजी: 116 मैच
156 विकेट
4/25 बेस्ट बॉलिंग
बल्लेबाजी : 116 मैच,
63 पारी, 707 रन
65 सर्वश्रेष्ठ

---

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रमंडल : अजीत और निरुपमा ने जीते पदक

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और निरुपमा देवी सेराम ने को राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किग्रा और महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। छब्बीस वर्षीय अजीत ने कुल 317 किग्रा (145 किग्रा स्नैच और 172 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस दौरान नए राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड भी बनाए। अजीत ने नाइजीरिया के जोसेफ एडिडियोंग उमोआफिया को पछाड़ा जिन्होंने कुल 316 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 170 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर रजत पदक जीता।


### प्री-क्वार्टर फाइनल में ध्रुव और तनीषा



**पेरिस।** ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर विश्व चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव और तनीषा की 16वीं वरीय जोड़ी ने पूरे मैच में दबदबा बनाते हुए आयरलैंड की जोड़ी को महज 35 मिनट में 21-11, 21-16 से हरा दिया। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए इस भारतीय जोड़ी का सामना हांगकांग के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा। ध्रुव और तनीषा ने शुरु से ही दबदबा बनाते हुए 6-2 की बढ़त को ब्रेक तक 11-6 तक पहुंचा दिया। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वापसी का जरा भी मौका नहीं दिया और आसानी से पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही जिसमें भारतीय जोड़ी ने 7-2 की बढ़त बनाने के बाद बिना किसी परेशानी के मैच अपने नाम कर लिया।

### माइकल क्लार्क की हुई छठी सर्जरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क की त्वचा कैंसर की छठी सर्जरी हुई है। उनकी यह सर्जरी नाक से एक घाव को हटाने के लिए हुई है। विश्व कप 2015 विजेता कप्तान 44 वर्षीय क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन के बाद की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें लोगों से



नियमित रूप से त्वचा की जांच को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जहां सूर्य की किरणों का संपर्क अधिक होता है। क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'त्वचा कैंसर वास्तविक है! खासकर ऑस्ट्रेलिया में। आज मेरी नाक से एक और घाव काट दिया गया। अपनी त्वचा की जांच करवाने के लिए एक दोस्ताना रिमाइंडर। रोकथाम इलाज से बेहतर है लेकिन मेरे मामले में, नियमित जांच और जल्दी पता लगाना महत्वपूर्ण है।'

---

**अमेरिकी ओपन : महिला एकल के दूसरे दौर में कोको और नाओमी ने बनाई जगह**

# कोको ने 10 बार डबल फॉल्ट और 6 बार सर्विस गंवाने के बाद जीता कड़ा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

तीसरी वरीय अमेरिकी कोको गॉफ और 23वीं वरीय जापान की नाओमी ओसाका ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। नए सर्विस कोच के साथ खेल रही गॉफ ने मैच में 10 बार डबल फॉल्ट किया और छह बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया की एजला तोमालानोविच को पहले दौर के कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7 (2), 7-5 से हराने में सफल रहीं।

गॉफ ने मैच के बाद कहा, 'यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था लेकिन मैं जीत दर्ज करके खुश हूं।'दो बार की चैंपियन ओसाका को हालांकि बेल्जियम की ग्रीट मिनेन को 6-3, 6-4 से हराने के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। पुरुष एकल में तीसरे वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एलेजांद्रो ताबियो को सीधे सेट में 6-2, 7-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका के 14वें वरीय टॉमी पॉल ने एल्मर मोलेर के खिलाफ 6-3, 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की।



गॉफ ने एजला को 6-4 6-7 (2) 7-5 से हराया

### वीनस ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज महिला

1981 में रेनी रिचड्र्स के बाद विलियम्स यहां महिला एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं और ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं। विलियम्स और फर्नांडीज महिला युगल ड्रॉ में सात वाइल्ड-कार्ड टीमों में शामिल हैं, जिनमें हैली बैप्टिस्ट और व्हिटनी ओसुइग्वे, रीज ब्रैंटमेयर और एलानिस हैमिल्टन, कारमेन कॉर्ली और इवाना कॉर्ली, क्रिस्टीना पेनिकोवा और थिया फ्रोडिन, क्लर्वी न्गोउए और इवा जोविक, और जूलियट पारेजा और आकाश उरहोबो शामिल हैं। 2025 यूएस ओपन महिला युगल प्रतियोगिता गुरुवार को यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में शुरू होगी।

### वीनस को मिली वाइल्ड-कार्ड एंट्री युगल में दिखेंगी लेयला के साथ

यूएस ओपन महिला एकल में पहले राउंड से ही बाहर हुई वीनस विलियम्स का अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है। वीनस महिला युगल में लेयला फर्नांडीज के साथ खेलती हुई दिखेंगी। उन्हें वाइल्ड-कार्ड एंट्री दी गई है। वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक और ऑस्ट्रेलिया की एलेन पेरेज की जोड़ी से होगा।



22 वर्षीय फर्नांडीज को न्यूयॉर्क में महिला एकल में 31वीं वरीयता दी गई है और उन्होंने पहले दौर में हमवतन रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-1 से हराया। वह 2021 में एकल फाइनल में पहुंचीं, जहां वह ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से उपविजेता रहीं।

वीनस 2 साल बाद ले रही ग्रैंड स्लैम में भाग

45 साल की वीनस 2 साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। वीनस विलियम्स महिला युगल की सफलतम खिलाड़ियों में से एक हैं। अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ उन्होंने 14 ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। आखिरी बार 2016 में उन्होंने विंबलडन जीता था। महिला युगल में वह आखिरी बार 2022 में सेरेना विलियम्स के साथ यूएस ओपन में दिखी थी। वह सेरेना का विदाई टूर्नामेंट था।

---

**आईसीसी वनडे रैंकिंग**

# गिल-रोहित शीर्ष और कोहली चौथे नंबर पर







एजेंसी ▶▶| दुबई

*भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर मौजूद हैं। वहीं हाल में मैके में श्रृंखला के आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा मिला है। हालांकि श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका ने जीती। गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित (756) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। कोहली के 736 अंक हैं।*

### यादव और जडेजा तीसरे और नौवें नंबर पर

हाल के महीनों में भारतीय टीम ने वनडे में हिस्सा नहीं लिया है लेकिन गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में कुलदीप यादव (650) और रविंद्र



जडेजा (616) अब भी क्रमशः तीसरे और नौवें नंबर पर बने हुए हैं। रोहित और कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन ये दोनों वनडे प्रारुप में सक्रिय हैं। रोहित और कोहली दोनों ने आखिरी बार फरवरी 2025 में संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान वनडे मैच खेला था, जिसमें उन्होंने भारत के खिताबी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी।

### ग्रीन ने लगाई 40 पायदान की छलांग

हेड एक पायदान के सुधार से 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान की छलांग के साथ 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान की छलांग के साथ 78वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी सूची में जगह बनाई है। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज 23 पायदान के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी प्रतिस्पर्धा है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश तीक्षणा 671 रेटिंग अंक के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर आ गए हैं।

---

**एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप**

# भानवाला ने रेपिड फायर पिस्टल में जीता सिल्वर



एजेंसी ▶▶| शिमकेंट

भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। बाइस साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए, जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता। ओलंपियन अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे आदर्श सिंह पांचवें स्थान पर रहे।

### फाइनल में अनीष की 18-17 अंक की बढ़त

राष्ट्रमंडल खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता अनीष 30 शॉट के प्रिसिजन दौर के बाद 290 अंक के साथ छठे स्थान पर थे। बुधवार को हालांकि हरियाणा का यह निशानेबाज रेपिड फायर दौर में 293 अंक से कुल 583 अंक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। छह खिलाड़ियों के फाइनल में अनीष ने 18-17 की बढ़त बना ली थी लेकिन पांच शॉट की शेष तीन सीरीज में शॉट चूकने के कारण उन्हें चीन के 20 वर्षीय खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। अनीष की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि पेरु के लीमा में इस साल हुए विश्व कप में रजत पदक जीतना है। अनीष ने दो साल पहले कोरिया के चांगवोन में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

### डब्ल्यूपीजीटी : मन्नत ने बनाई पहले दौर में बढ़त



**होसुर।** एमेच्योर मन्नत बरार ने लगातार चार बर्डी की मदद से महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण के पहले दौर में बाद बढ़त बना ली। मन्नत ने 15 लाख रुपये इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया और क्लोवर ग्रीन्स कोर्स पर अंडर पार स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। मन्नत ने पांच बर्डी और तीन बोगी की। मन्नत ने संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर मौजूद कीर्ति चव्हाण, जैस्मिन शेखर और अनन्या गर्ग पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। इन तीनों ने पार 72 का स्कोर बनाया। एमेच्योर अराध्या शेट्टी और रिया झा एक ओवर 73 के स्कोर से संयुक्त पांचवें पायदान पर हैं।

---

**डायमंड लीग**

# ट्राफी पर कब्जा करना चाहेंगे चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को डायमंड लीग फाइनल में सत्र के अब तक के अपने सबसे शानदार 90 मीटर प्रदर्शन को दोहराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा करना चाहेंगे। डायमंड लीग के 14 लीग चरण में से चार में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी, जिसमें से चोपड़ा ने केवल दो में ही हिस्सा लिया और 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चोपड़ा ने अगस्त में सिलेसिया और ब्रसेल्स चरण में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने पिछली बार 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी। इन चार मुकाबलों में अंक तालिका में शीर्ष छह फाइनल के लिए




क्वालीफाई करते हैं। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 32 स्पर्धाएं होती हैं इसलिए डायमंड लीग फाइनल दो दिन तक चलता है। बुधवार को छह स्पर्धाएं होंगी। डायमंड लीग फाइनल में प्रत्येक स्पर्धा के विजेता को इस वर्ष का चैंपियन घोषित किया जाएगा।

---

**एशिया कप**

# 1994 के बाद हिस्सा लेगा कजाखस्तान

एजेंसी ▶▶| राजगीर

कजाखस्तान की पुरुष हॉकी टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए पहुंच गई है। टीम 1994 के बाद से इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रही है।

येरकेबुलान द्युसेबेकोव की अगुआई में टीम मंयहां पहुंची, जो भारतीय सरजमीं पर उनका पहला टूर्नामेंट है। कजाखस्तान 1994 में हिरोशिमा एशिया कप में पांचवें स्थान पर रहा था। उसी वर्ष टीम ने एशियाई खेलों में भी छठा स्थान हासिल किया। एफआईएच विश्व रैंकिंग में वर्तमान में 81वें स्थान पर काबिज कजाखस्तान को पूल ए में मेजबान भारत, जापान



और चीन के साथ रखा गया है। कजाखस्तान अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद टीम 31 अगस्त को चीन से भिड़ेगी और फिर एक सितंबर को भारत के खिलाफ अपना आखिरी ग्रुप चरण मुकाबला खेलेगी।

---

**30 अक्टूबर तक अपनाना होगा नया संविधान नहीं तो निलंबन की संभावना**

# भारतीय फुटबॉल की साख दांव पर, फीफा और एएफसी ने दिया अल्टीमेटम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सख्त चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्टूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी या फिर निलंबन का जोखिम उठाना पड़ेगा।

### राष्ट्रीय टीम और क्लब नहीं खेल पाएंगे अंतरराष्ट्रीय मैच

एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को लिखे दो पन्नों के कड़े पत्र में दोनों अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने 2017 से उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद महासंघ की ओर से अपने संविधान को अंतिम रूप देने में विफलता पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की। शीर्ष अदालत गुरुवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। निलंबन का मतलब होगा कि राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और साथ ही अहमदाबाद में 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए भारत की महत्वाकांक्षी बोली भी अनिश्चितता में पड़ जाएगी। फीफा और एएफसी ने चौबे के नेतृत्व वाले एआईएफएफ को संशोधित संविधान




को मंजूरी देने के लिए उच्चतम न्यायालय से एक 'निश्चित आदेश' प्राप्त करने, इसे फीफा और एएफसी के अनिवार्य नियमों के अनुरुप बनाने और 30 अक्टूबर की समय-सीमा से पहले अगली आम सभा की बैठक में इसकी पुष्टि करने का निर्देश दिया है।

### मामला 2017 से उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन

अगस्त 2022 में फीफा ने भारत को 'तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप' के आरोप में निलंबित कर दिया था जब उच्चतम न्यायालय ने नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) ने अस्थायी रूप से एआईएफएफ का संचालन किया था। यह प्रतिबंध देश की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के जश्न के दौरान लगाया गया था लेकिन सीओए के भंग होने और चुनाव होने के दो सप्ताह के भीतर इसे हटा लिया गया था। चुनावों में चौबे ने एकतरफा परिणाम में दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया को हराया था। विश्व निकायों ने 'अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संशोधित संविधान को अंतिम रूप देने और लागू करने में निरंतर विफलता' पर चिंता व्यक्त की। यह मामला 2017 से भारत के उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

### हो सकता है निलंबन

पत्र में कहा गया है, 'इस कार्यक्रम का पालन नहीं करने पर हमारे पास इस मामले को निर्णय लेने वाली फीफा की संबंधित संस्था के पास विचार और निर्णय के लिए भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा, जिसमें निलंबन की संभावना भी शामिल है।' इस पत्र पर फीफा के मुख्य सदस्य संघ अधिकारी एल्खान मामादोव और एएफसी के उप महासचिव (सदस्य संघ) वाहिद कर्दानी ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय फुटबॉल को इस तरह की शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है।




# कॉमन एग्रीमेंट के विरोध में मप्र नर्सिंग होम एसोसिएशन

## निजी अस्पतालों का तर्क- छोटे और बड़े अस्पतालों में सुविधाएं अलग तो रेट एक जैसे क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल समेत मप्र के निजी अस्पतालों में एक सितंबर से हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी वाले मरीजों को कैशलेस इलाज की सुविधा नहीं मिलेगा। दरअसल इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा लागू किए गए नए कॉमन इम्पेनलमेंट एग्रीमेंट के विरोध में भोपाल समेत प्रदेशभर के निजी अस्पतालों ने घोषणा की है कि वे फेडरेशन ऑफ प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स (राष्ट्रीय संघठन) का साथ देंगे। इसके तहत एक सितंबर से केशलैस इलाज बंद कर देंगे।

हालांकि आयुष्मान भारत योजना से मिलने वाला इलाज पहले की तरह जारी रहेगा। इस टकराव की जड़ इंश्योरेंस कंपनियों का नया कॉमन इम्पेनलमेंट एग्रीमेंट है। इसमें छोटे-बड़े सभी अस्पतालों को एक जैसी सर्जरी के लिए समान भुगतान तय किया गया है। वहीं बीमा कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से मरीजों के लिए नेटवर्क बढ़ेगा और छोटे अस्पतालों को भी केशलैस इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। निजी अस्पताल और इंश्योरेंस कंपनियों की खींचतान में इलाज कराने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**बीमा कंपनियों और निजी अस्पतालों में खींचतान मरीज पर संकट**

**एक सितंबर से निजी अस्पतालों में नहीं मिलेगा केशलैस इलाज**

### मरीजों को इलाज के बाद करना होगा रीइम्बर्समेंट क्लेम

राजधानी के बंसल, सागर मल्टी सिटी, नर्मदा, चिरायु और सिद्धांता रेडक्रॉस जैसे बड़े अस्पतालों ने नर्सिंग होम एसोसिएशन का समर्थन किया है। केशलैस इलाज बंद होने पर मरीजों को अस्पताल में भर्ती होते ही पूरा खर्च खुद वहन करना होगा। बाद में उन्हें रीइम्बर्समेंट क्लेम करना पड़ेगा, जिससे न केवल समय बल्कि आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा। यही कारण है कि आम लोग इस फैसले को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित हैं।

### नया कॉमन इम्पेनलमेंट न्यायसंगत नहीं



नया कॉमन इम्पेनलमेंट एग्रीमेंट का ढांचा न तो व्यावहारिक है और न ही न्यायसंगत। छोटे और बड़े अस्पतालों में सुविधाएं अलग तो रेट एक जैसे कैसे हो सकते हैं। बड़े अस्पतालों का खर्च छोटे अस्पतालों की तुलना में अधिक होता है। इसके अलावा पहले से ही भुगतान में देरी और क्लेम रिजेक्ट होने जैसी समस्याएं मौजूद हैं। यदि इंश्योरेंस कंपनियां इस एग्रीमेंट में बदलाव नहीं करती हैं, तो विरोध जारी रहेगा।

**डॉ. रणधीर सिंह,**
अध्यक्ष, नर्सिंग होम एसोसिएशन मप्र

### नियम बदलाव में नहीं लिया निजी अस्पतालों का पक्ष



बढ़ती मेडिकल लागत के बावजूद कई सालों से इलाज की दरों में कोई संशोधन नहीं हुआ, जिससे इलाज की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा है। इसके बाद यह नए नियम इसे व्यवस्था को प्रभावित करने का काम कर रहे हैं। इस एग्रीमेंट को तैयार करते समय निजी अस्पतालों की राय तक नहीं ली गई।

**डॉ. अनूप हजेला**
प्रवक्ता, नर्सिंग होम एसोसिएशन मप्र

# कार ने मारी बाइक सवार को टक्कर, एक मृत, दूसरा गंभीर

## टक्कर के बाद उछलकर विंडस्क्रीन के कांच से टकराया था युवक का सिर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

**बिड़ला मंदिर के पास बुधवार सुबह हुआ हादसा, पुलिस ने जब्त की कार**

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बिड़ला मंदिर के पास बुधवार सुबह मंत्रालय की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक उछलकर कार की विंडस्क्रीन के कांच से जा टकरा गया। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसकी मौके पर मौत हो गई, जबकि पैर में फ्रेक्चर होने से उसके दोस्त को गंभीर चोट आई है। हादसे के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से रीवा निवासी विपिन तिवारी पिता राजेश तिवारी (23) काली मंदिर के पास, भीम नगर में किराए के घर में रहता था और हुक्का लाउंज में नौकरी करता था। बुधवार सुबह वह अपने दोस्त प्रकाशचन्द तिवारी के साथ नाश्ता करने पंचानन बिल्डिंग के पास पहुंचा। सुबह करीब साढ़े 7 बजे दोनों दोस्त ने नाश्ता किया और आरवन- 5 बाइक से भीम नगर लौट रहे थे। इस दौरान बिड़ला मंदिर के पास टर्निंग पर उनकी बाइक को मंत्रालय की तरफ से आ रही अर्टिका कार के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चला रहा विपिन तिवारी उछलकर कार के सामने विंडस्क्रीन के कांच से टकरा गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। हादसे की जानकारी मिलते ही लोग मौके पर जमा हो गए। दोनों को अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद विपिन तिवारी को मृत घोषित कर दिया गया।

# लोडिंग वाहन चालक से मारपीट मोबाइल, पर्स और वाहन छीनकर ले गए बाइक सवार

## गुनगा के पीपलखेड़ा की घटना, हिरासत में एक लुटेरा, दूसरे की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव पीपलखेड़ा में मंगलवार शाम दो बदमाशों ने लोडिंग वाहन चालक के साथ मारपीट कर करते हुए उसका वाहन, मोबाइल और नकदी से भरा पर्स लूटकर भाग निकले। आरोपी मशीन लोड करने के बहाने लोडिंग वाहन लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी कृष्णा सिंह ठाकुर ने बताया कि अभिषेक जाटव (22) मूलतः विदिशा का है। अभी वह बैरसिया इलाके में रहकर लोडिंग वाहन चलाता है। मंगलवार को वह बस स्टैंड के पास अपना लोडिंग वाहन लेकर खड़ा था।

### वाहन रुकवाया

घटना के समय दो युवक उसके पास पहुंचे। उन्होंने कहा कि पीपलखेड़ा से मशीन मशीन लोड करनी है। किराया तय होने के बाद अभिषेक अपना लोडिंग वाहन लेकर दोनों युवकों के साथ चला गया। शाम करीब सात बजे युवक उसे गुनगा स्थित ग्राम महोली के तक लेकर पहुंचे। वहां लोडिंग वाहन रुकवाया और अभिषेक के साथ जमकर मारपीट कर दी। मारपीट करने के बाद दोनों ने उसका मोबाइल, पर्स सहित लोडिंग वाहन लेकर भाग निकले।




## शिवपुरी में ट्रक ड्राइवर ने 500 रुपए का चालान कटने पर की आत्महत्या की कोशिश, पुलिस ने बचाया

# परिवहन विभाग के चेक पोस्ट पर अवैध वसूली का खुलेआम चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भले ही प्रदेश सरकार ने लगातार अवैध वसूली की शिकायतों के नाम पर परिवहन विभाग के चेक पोस्ट बंद कर दिए हों, लेकिन अवैध वसूली पर रोक नहीं लग सकी है। यह खेल लगातार जारी है। वाहन चालकों से जगह-जगह चेकिंग के नाम पर वसूली की जा रही है। ऐसा नहीं हैं कि इसकी जानकारी अफसरों से लेकर नेताओं तक को नहीं हैं बल्कि उन्हें भी है, लेकिन फिर भी उसे रोकने के लिए कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। अवैध वसूली को लेकर ट्रांसपोर्टर लगातार शिकायत कर रहे हैं, फिर भी कोई गौर करने को तैयार नही है। हालत यह है कि तमाम वसूली के वीडियो सामने आ रहे हैं। घटनाएं सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला प्रदेश के शिवपुरी जिले के सिकंदरा परिवहन चौकी में देखने को मिला। जहां पर एक ट्रक चालक ने कथित रूप से परिवहन सीमा चौकी के कर्मचारियों से 500 रुपये की रिश्वत की मांगी गई। इससे परेशान चालक ने आत्महत्या करने की कोशिश की।

### गले में फंदा डालकर की खुदकुशी की कोशिश

जानकारी के अनुसार परिवहन सीमा चौकी के ट्रक चालक श्रवण राम विश्नोई से कर्मचारियों ने 500 रुपये की रिश्वत की मांग की। इससे परेशान चालक ने आत्महत्या करने की कोशिश की। ट्रक चालक अपने केबिन पर चढ़ गया और अपने गले में फंदा डाल कर खड़ा हो गया। फंदे का एक सिरा झांसी-शिवपुरी मार्ग पर एक पेड़ से बंध दिया। इसके चलते यहां पर बड़ी संख्या में लोगो की भीड़ एकत्रित हो गई। इसके बाद मामले की सूचना दिनारा थाने पुलिस को पहुंची। तो प्रभारी निरीक्षक अमित चतुर्वेदी पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने चालक को समझाया साथ फंदा हटाकर चालक को नीचे उतारा। ट्रक चालक श्रवण राम विश्नोई का कहना है कि वह राजस्थान के जोधपुर जिले के रहने वाले हैं और रांची से उदयपुर की ओर जा रहे थे। 25 अगस्त की शाम करीब चार बजे, वह सिकंदरा आरटीओ चेकपोस्ट पहुंचे और अपने ट्रक के सभी दस्तावेज दिखाए। सभी ठीक थे, लेकिन चौकी पर मौजूद कर्मचारियों ने अवैध रूप से 500 रुपये की मांग की। इससे परेशान होकर ड्राइवर ने यह कदम उठाया।

# एचईआई अभियान में निटर को हासिल हुआ पहला स्थान

**शिक्षा मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान ने देश भर के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों की उपलब्धियों को उजागर करने वाले एचईआई सक्सेस स्टोरीज अभियान में अपनी प्रभावशाली डिजिटल उपस्थिति और उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यह रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने हाल ही में जारी की है। 18 नवंबर 2024 से 13 मई 2025 तक चले इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत कुल 58 पोस्ट्स विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स जैसे (पूर्व में ट्विटर), फेसबुक और इंस्टाग्राम पर साझा की गईं।

**आवश्यकता है**

**भोपाल में मीडिया समूह में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है।**

**अपने सीवी के साथ सम्पर्क करें।**

पता : हरिभूमि कार्यालय, बी-ब्लॉक, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.)

**मो. नं. 9669699934**

# कोल्डड्रिंक में नशा मिलाकर 12 वीं की छात्रा के साथ होटल में गैंगरेप

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र की एक होटल में 12वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बर्थडे पार्टी में बुलाने के बहाने दो दोस्तों ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर नाबालिग से गैंगरेप किया। मामले का खुलासा पीड़िता के गर्भवती होने के बाद हुआ। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सुमित उपाध्याय, प्रणव रायबोले और साथ देने वाले नित्या ठाकरे, आरवी पैलेस होटल के मैनेजर अमित वर्मा को आरोपी बनाकर जेल भेज दिया है।

# संविदा अधिकारी-कर्मचारियों को मिल सकेगा लाभ

**भोपाल।** प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत संविदा अधिकारी-कर्मचारियों को भी अब सेवानिवृत या मृत्यु होने पर ग्रेजुएटी का लाभ शासकीय कर्मचारी के अनुसार ही मिलेगा। यह सुविधा एक सितंबर 2025 से लागू की गई है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत संविदा अधिकारी-कर्मचारी को उपादान एक्ट 1972 के अनुसार ग्रेजुएटी का लाभ देने का निर्णय लेकर कर्मचारी हित में काम किया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930